डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
11.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जिंदगी में पछतावा करना छोड़ दीजिये बल्कि कुछ ऐसा करो की लोग आपको छोड़ कर पछताये।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-350 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

# लातेहार में टाना भगतों के बवाल से थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी घायल

- व्यवहार न्यायालय के घेराव के दौरान भड़की हिंसा, पुलिस को छोड़नी पड़ी आंसू गैस
- पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने संभाला मोर्चा, घंटों जाम का करना पड़ा सामना





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** टाना भगतों के द्वारा सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय के घेराव के दौरान प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर बवाल भड़क गया। टाना भगतों के पथराव में लातेहार सदर थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस को आंसू गैस का उपयोग करना पड़ा। पुलिस ने इस दौरान पानी की बौछारें भी बरसाई। बाद में लातेहार एसपी अंजनी अंजन भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। टाना भगतों ने इस दौरान पुलिस पीसीआर वाहन को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। विदित हो कि अखिल भारतीय टाना भगत संघ के तत्वाधान में टाना भगतों ने सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय का घेराव किया। इस दौरान टाना भगतों ने पांचवी शेष पृष्ठ 11 पर

## गरीब, जरूरतमंद व वंचितों को मिलेगा उनका अधिकार

- मुख्यमंत्री 12 अक्टूबर को गिरिडीह से करेंगे 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ
- योजनाओं से वंचित लोगों को आच्छादित करने का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार का प्रयास रहा है कि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिले। इस सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए विगत वर्ष सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवम्बर 2021 से 28 दिसम्बर 2021 तक पूरे राज्य में आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस क्रम में प्रत्येक जिला में प्रतिदिन कम से कम चार से पांच पंचायतों में शिविरों का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम भी आये। लोगों को उनका हक-अधिकार प्राप्त हुआ। इस अभियान में कुल 6,867 शिविर, कुल 35.94 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35.53 लाख आवेदन निष्पादित हुए एवं वर्तमान में कुल 42 हजार आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। इस दौरान करीब 99 प्रतिशत मामलों का निष्पादन हुआ था।

**छुटे हुए लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य :** एक बार फिर से राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यह दूसरा चरण उन व्यक्तियों को समर्पित होगा, जो पूर्व के अभियान में योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये थे। ऐसे छुटे हुए लोगों को योजनाओं से जोड़ने हेतु एक बार फिर सरकार लोगों के द्वार आयेगी है। 12 अक्टूबर यह महाअभियान शुरू होगा। अभियान दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवम्बर तक आयोजित होगा। इसमें उन पंचायतों को विशेष प्राथमिकता दिया जायेगा, जहां गत वर्ष किसी वजह से शिविर नहीं लग पाया था।

**समस्यायों का समाधान और परिसंपत्तियों का होगा वितरण :** अभियान से सरकार की योजनाएं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन शेष पृष्ठ 11 पर

# पीएम आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे श्री महाकाल लोक



**भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर मंगलवार 11 अक्टूबर को उज्जैन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भारतीय वायुसेना के विमान से दोपहर 3:35 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से रवाना होकर सायं 4:30 बजे इंदौर एयरपोर्ट और वहां से सायंकाल पांच बजे उज्जैन हेलीपैड पहुंचेंगे। श्री मोदी सायंकाल 5:25 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर आगमन के बाद महाकालेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री सायंकाल 6:25 से 7:05 बजे तक श्री महाकाल लोक राष्ट्र को समर्पित कर कार्तिक मेला ग्राउंड में जन-समारोह में शामिल होंगे। शेष पृष्ठ 11 पर

## अपने सजातीय लालू व शरद यादव के विरोध के कारण पीएम नहीं बन पाये मुलायम सिंह यादव

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** सपा के संस्थापक तथा उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और केंद्र में दूरसंचार तथा रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन पर उनसे जुड़े कई बातें लोगों को याद आने लगी हैं। जिसमें यह भी याद आया कि किस तरह वह दो बार पीएम बनते-बनते रह गये। इस संदर्भ में यह भी याद आया कि जो लालू प्रसाद यादव बाद में मुलायम सिंह के समधी बने, उनके यहां अपनी बेटी ब्याहे, उसी लालू के विरोध के कारण किस तरह 1996 में मुलायम सिंह पीएम नहीं बन पाये थे। यदि लालू यादव व शरद यादव ने विरोध नहीं किया होता, सपोर्ट कर दिया होता, तो मुलायम सिंह यादव प्रधानमंत्री बन गये होते। इस तरह दो यादव लालू व शरद यादव ही शेष पृष्ठ 11 पर

# नहीं रहे मुलायम सिंह यादव, 82 वर्ष की आयु में निधन

**गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में ली आखिरी सांस**



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का सोमवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। यादव ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आखिरी सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अनेक नेताओं ने यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सपा के आधिकारिक हैंडल से किये गये ट्वीट में सपा अध्यक्ष और मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव के हवाले से इसकी जानकारी दी गयी। अखिलेश ने ट्वीट में कहा कि मेरे आदरणीय पिता जी और सबके नेता जी नहीं रहे। मुलायम सिंह यादव अगस्त से अस्पताल में भर्ती थे और उन्हें दो अक्टूबर को निम्न रक्तचाप और ऑक्सीजन की कमी की शिकायत पर अस्पताल के शेष पृष्ठ 11 पर

### मुलायम सिंह यादव का निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके परिजनों एवं समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं, ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार की सुबह निधन हो गया।

### नेताजी सभी को सेवा और समर्पण की ज्योत देकर चले गये : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस खबर से आहत हैं। उन्होंने कहा कि आज राजनीति के एक युग का अंत हो गया। सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए हमेशा जीनेवाले आदरणीय नेताजी सभी को सेवा और समर्पण की ज्योत देकर चले गये। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार तथा सपा कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

# राज्यकर्मियों व पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता 34 से बढ़ाकर 38 प्रतिशत हुआ

**ग्रामीण इलाकों में सरकारी बसों में वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों व पेंशन आच्छादित महिलाओं को नहीं देना होगा किराया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में साल 2023 में होनेवाले नगर निकाय चुनावों में ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं मिलेगा। महाराष्ट्र के एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के आधार मानते हुए राज्य कैबिनेट ने इस संबंध में फैसला लिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएलपी के आलोक में नगरपालिका निर्वाचन 2023 में पिछड़ा वर्ग को खुले यानि अनारक्षित वर्ग में रखा गया है। सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

**राज्यकर्मियों व पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा :** राज्य कैबिनेट ने राज्यकर्मियों व पेंशनधारियों को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार के कर्मियों व पेंशन भोगियों व पारिवारिक पेंशन भोगियों का महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2022 की तारीख से शेष पृष्ठ 11 पर

### कैबिनेट के ये फैसले भी अहम

जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए सरना, हरगड़ी, मसना के विकास के लिए योजना को स्वीकृति दी गयी। इसके तहत सरना, मसना स्थल खतियान में दर्ज हैं तो अधिसूचित कर संरक्षण किया जायेगा। यदि खतियान में समान्य दर्ज हैं तो वन अधिकार के तहत पट्टा निर्गत कर संरक्षण का काम किया जायेगा। रैयती भूमि पर सरना, मसना, हरगड़ी स्थल हुए तो उसे अधिग्रहित कर उसका संरक्षण करने की योजना सरकार ने बनायी है।

- केंद्र प्रायोजित स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय के रख-रखाव व संचालन के लिए सुलभ इंटरनेशनल का चयन मनोनयन के अधार पर हुआ है। निकाय स्तर पर जहां शौचालय की सेवा पे एंड यूज होगी, वहां रख-रखाव के लिए राशि देय नहीं होगी। निशुल्क इस्तेमाल होने पर सुलभ इंटरनेशनल को मासिक दर निर्धारित किया जायेगा।
- सिमडेगा में बिरूतमड़ा, सिकरियाटांड, रामरेखा धाम में 22 किलोमीटर सड़क ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को सौंपते हुए 77.82 करोड़ में निर्माण की जायेगी, गिरिडीह करमजोआ मोड़ से 11 किलोमीटर सड़क 30 करोड़ में निर्माण की जायेगी, जमशेदपुर में मरीन ड्राइव की सात किलोमीटर सड़क का भी निर्माण 131 करोड़ में बनेगी।
- आरक्षी पदों पर नियुक्ति नियमावली बदली, शैक्षणिक योग्यता कार्मिक विभाग ने तय किया था, उसी अनुसार संशोधन हुआ।
- उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए 21 स्कोडा कार 9 करोड़ तीन लाख में आकस्मिकता निधि से खरीदी जायेगी।
- चंद्रपुरा-बड़काकाना रूट में आरओबी के लिए 86 करोड़ की स्वीकृति।
- ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यप्रमंडल में 24 सहायक अभियंता व 72 कनीय अभियंता की अविधि विस्तार 2023 तक के लिए किया गया।

# मोबाइल के ज्यादा प्रयोग से लोगों को हो रहा थकान, अवसाद, तनाव व अनिद्रा

**- आरएनएम**



**नयी दिल्ली।** जरूरत से बढ़ते-बढ़ते आदत बन गये स्मार्टफोन अब उपभोक्ताओं को मानसिक व शारीरिक तौर पर बीमार बनाने लगे हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल थका रहा है। अवसाद, अनिद्रा व चिंता का जनक बन रहा है। हालत इतनी बदतर हो गयी है कि अब उपभोक्ताओं को स्मार्टफोन से दूर रखने के लिए कंपनियां खुल गयी हैं। ऐसे उपकरण बनने लगे हैं, जो हमें फोन से दूर रखने में मदद करें। अमेरिका में योंडर ऐसी ही एक कंपनी है जो मोबाइल को बंद करनेवाला बैग बना रही है। जिसमें मोबाइल रखकर एक तय समय के लिए ताला बंद किया जा सकता है। किसी समारोह, स्कूल-कॉलेज, बैठक या परिवार व दोस्तों के साथ समय गुजारने के लिए इस बैग में मोबाइल बंद कर रखने के लिए इस्तेमाल हो रहा है। सर्जनात्मक काम करनेवाले लोगों जैसे लेखक, संगीतकार, शिक्षक आदि के लिए मोबाइल से दूरी बनाना और भी ज्यादा जरूरी है। वे भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अमेरिका में यह बैग लोकप्रिय हो रहा है। कंपनी के संस्थापक ग्राहम डुगोनी का कहना है कि इसका इस्तेमाल करनेवाले लोगों को शुरू-शुरू में नेटवर्क से दूर होने में मुश्किल महसूस होती थी। लेकिन मोबाइल से मुक्त होकर किसी संगीत समारोह, किसी मित्र से मिलने, किसी से बात करने, फिल्में देखने में ज्यादा मजा आने लगा। ऐसी जगहें जहां कोई भी मोबाइल का इस्तेमाल न कर रहा हो, लोगों को जोड़ती हैं। यह करनेवाले लोगों ने बताया कि मोबाइल से कुछ देर के लिए ही दूर रहकर उन्होंने शेष पृष्ठ 11 पर

### दुष्कर्म के आरोपी पुलिस जवान सेवा से बर्खास्त

**रांची।** लोहरदगा में 50 वर्षीय आदिवासी महिला से दुष्कर्म के आरोपी आईआरबी-5 के जवान कृष्णकांत तिवारी और अजय बाड़ा को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। आईआरबी-5 कमांडेंट अनूप लाल भगत ने इस दोनों आरोपी जवानों को बर्खास्त कर इसकी जानकारी डीजीपी नीरज सिन्हा, जैप एडीजी प्रशांत सिंह समेत अन्य वरीय अधिकारियों को दी है। बर्खास्तगी के लिए अनुच्छेद 311/2/ख के निहित प्रावधानों का प्रयोग किया गया है। गौरतलब है कि चार अक्टूबर को सेरेंगदाग पिकेट में तैनात दोनों जवान पिकेट से बाहर निकले थे। इसके बाद दोनों ने महिला का शराब के नशे में दुष्कर्म किया, इसके बाद उसी दिन शाम के चार बजे वापस कैंप लौट गये थे। जबकि महिला को बाद में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इस मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ महिला थाना कांड संख्या 32/22 दर्ज की गयी थी। मामले में विभागीय कार्रवाई का संचालन नहीं कर सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की गयी है।




क्या होता है फोर्टिफाइड राइस,
ये कैसे तैयार होते हैं और इसके क्या फायदे हैं।

फोर्टिफाइड राइस का मतलब है पोषणयुक्त चावल। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) के मुताबिक, जब चावल में अलग से पोषक तत्व शामिल किए जाते हैं तो इन्हें फोर्टिफाइड राइस कहते हैं। इसका सेवन करने से कुपोषण और एनीमिया जैसी दिक्कतों से राहत पाई जा सकती है।

इस प्रक्रिया में चावल को पीसकर इनमें सूक्ष्म तत्वों को मिलाया जाता है फिर इसे मशीन की मदद से चावल का आकार देकर सुखाया जाता है। इसे तैयार करने के बाद आम चावलों में मिला दिया जाता है। FSSAI के मुताबिक, 1 किलो चावल में 10 ग्राम फोर्टिफाइड चावल मिलाया जाता है।

आम चावल की तरह दिखने वाले इस चावल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो इंसान की सेहत के लिए जरूरी माने जाते हैं। दूसरे आम चावल की तुलना में इसमें आयरन, विटामिन बी-12, फोलिक एसिड ज्यादा होता है। इसके अलावा इनमें विटामिन-ए, बी और जिंक भी पाया जाता है। इसके जरिए शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर होती है।

इस चावल को उसी तरह पकाया जाता है जैसे सामान्य चावल बनाते हैं। पकने के बाद न तो इसके आकार में कोई बड़ा बदलाव दिखता है और न इसके पोषक तत्वों में कोई कमी आती है।

कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें, यह प्लास्टिक चावल नहीं है बल्कि फोर्टिफाइड चावल है जो कि सरकार द्वारा सभी जिलों में आपूर्ति की जा रही है

PR No. 279234 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 2022-23

किसी भी समस्या के लिए संपर्क करें।
1967
अधिक जानकारी के लिए जिला/प्रखंड आपूर्ति कार्यालय से संपर्क करें।
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार
www.aahar.jharkhand.gov.in

## न्यूज गैलरी

### मंगलडीह विद्यालय से सोलर प्लेट की चोरी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मंगलडीह स्थित राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में लगे जल मीनार से सोलर प्लेट चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अमृता कुमारी ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन दिया है। कहा है कि सोमवार को समयानुसार विद्यालय आने पर देखा कि विद्यालय परिसर में जल मीनार में लगा हुआ सोलर प्लेट गायब है। विश्वास है कि बीते रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा इसकी चोरी कर लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की अनुरोध किया है।

### ग्रामीणों के बीच बुखार व टायफाइड का प्रकोप जारी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक पखवाड़े से बुखार, सर्दी, व टायफायड रोग के मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि बीते 15 दिनों से अब तक डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की इंट्री अस्पताल में हो रही है। जिसमें प्रतिदिन हुसैनाबाद क्षेत्र के मरीज भी यहां आ रहे हैं। जबकि गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से औसतन 40 मरीज इलाज कराने यहां आ रहे हैं। जिनमें अधिकांशत: वायरल फिवर, सर्दी जुकाम व टायफायड की शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में एकमात्र ड्रेसर की कमी से घटना दुर्घटना व जख्म से संबधित मरीजों को इलाज करने में परेशानी हो रही है। इसके नहीं रहने से ओपीडी छोड़ कभी कभी उन्हें ही इन कामों को निपटाना पड़ता है। जिन्हें समुचित जांच के बाद अस्पताल से दवाईयां भी दी जाती है। एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार व लैब टेक्नीशियन शकील ने बताया कि इन मरीजों की जांच के तत्काल रिपोर्ट दिया जाता है। जिससे उन्हें उपयुक्त दवाईयां लेने में सहुलियत हो सके।

### थाना वेरिफिकेशन के बाद 11 बेरोजगारों को भेजा गया ट्रेनिंग के लिए रांची

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज प्रखंड के जेएसएलपीएस की ओर से प्रखंड के 11 बेरोजगार युवा एवं युवतियां का चयन कर उन्हें इलेक्ट्रीशियन एवं वेयरहाउस ट्रेनिंग के लिए सोमवार को रांची के लिए रवाना किया गया। जेएसएलपीएस के जीआरपी उदय कुमार ने बताया कि यह योजना दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाया जाता है । जैसा कि ब्लॉक एवं थाना के वेरिफिकेशन के बाद छायाप्रति की एक- कॉपी अभिभावकों और एक थाना में जमा किया जाता है। तभी वेरिफिकेशन के बाद भेजा जाता है। ट्रेनिंग के दौरान रहना खाना बैग कॉपी ड्रेस युवतियों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था नि:शुल्क दिया जाता है। 3 से 6 माह का ट्रेनिंग पूरा होने पर रोजगार के लिए अलग-अलग कंपनियों में भेजा जाता है । प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्हें प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाता है। युवा एवं युवतियां की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होने चाहिए । कम से कम पांचवी क्लास की शिक्षा प्राप्त आवश्यक है। कार्यक्रम के उपस्थित अधिकारी बीपी एम दीपक कुमार सिंह सीसी दीपक कुमार एल सी आर पी अजीत कुमार जीआरपी उदय कुमार गर्ल हॉस्टल के पी आई शिवानी कुमारी गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

### अज्ञात बीमारी से छह बकरियों की मौत

**मेदनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के जुरु पंचायत के तुकार्डीह गांव में अज्ञात बीमारी से चार दिनों में छह बकरियों की मौत हो गई। बकरी पालक हीरा सिंह ने बताया कि बकरियां अचानक बीमार पड़ रही है। जिसके कारण खाना पीना छोड़ दे रही हैं और उसके एक से दो दिन के अंदर उनकी मौत हो जा रही है। तेजू सिंह की एक गाय पिछले 15 दिनों से अज्ञात बीमारी से ग्रसित है। जिसके शरीर पर चकत्ते, फोड़े निकल गए है। इलाज कराने के बाद भी गाय ठीक नही है। नीलांबर पीतांबरपुर के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार मेहता ने बताया कि इस तरह की बीमारी के बारे में उन्हे जानकारी नहीं मिली है।

### बजरंग दल ने किया श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**मेदिनीनगर।** बजरंग दल ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार की रात मेदिनीनगर गीता भवन स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय परिसर में समारोह मनाया गया। जिसमें महाबली बजरंगबली, श्री राम दरबार और भारत माता की पूजा के बाद अतिथियों एवं सम्मानित कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह ने समारोह में कहा कि बजरंग दल हिन्दुत्ववादी संगठन है जो विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा है। यह आरएसएस परिवार का सदस्य है। संगठन की विचारधारा हिन्दुत्व पर आधारित है। जिसकी स्थापना आठ अक्तूबर को 1984 को उत्तर प्रदेश में हुई थी। तब से पूरे भारत वर्ष में संगठन का विस्तार हो रहा है। बजरंग दल का नामकरण हिन्दू देवता बजरंगबली के नाम पर आधारित है। बजरंग दल का मुख्य लक्ष्य अयोध्या में राम जन्मभूमि मन्दिर, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मन्दिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मन्दिर का निर्माण करना है ,जो वर्तमान में पूजा स्थल हैं। विकास और ईसाई धर्म परिवर्तन के साथ-साथ गौ हत्या रोकना और भारत के हिन्दू पहचान को कायम रखना शामिल है। बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास ने बताया कि संगठन हिंदुओ पर हों रहे अत्याचारों की न्यायिक उपचार के लिए सदैव सक्रिय रहता है। संगठन सनातन धर्म के उद्देश्यों को लेकर चलता है। मौके पर नगर निगम के उपमहापौर राकेश कुमार सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप दास, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक चौबे, जिला सह मंत्री अमित कुमार तिवारी, सुरेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### बस की चपेट में आकर दो युवक घायल

**विश्रामपुर।** सोरडीहा के समीप रविवार की शाम में बस की चपेट में आ जाने से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों युवक बाइक से ससुराल जा रहे थे। प्रारंभिक अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि नावा बाजार थाने के तुकबेरा गांव निवासी नरेंद्र कुमार विश्रामपुर थाने के उली पहाड़ी निवासी एक रिश्तेदार छोटू के साथ रवि बाइक से पांडू स्थित अपना ससुराल जा रहा था। इसी क्रम में सोरडीहा मोहल्ले के समीप वह बस की चपेट में आ गया। इस सड़क हादसे में छोटू व रवि गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद व्यवसायी इकराम अंसारी ने घायल युवकों को इलाज के लिए विश्रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक छोटू को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### इंटर की छात्रा ने की आत्महत्या

विश्रामपुर। पलामू जिले के रेहला थाना अंतर्गत गुरहाकला पंचायत के मल्लाहटोली गांव निवासी अकलू चौधरी की नाबालिग बेटी पूनम कुमारी ने जहर खाकर रविवार को आत्महत्या कर ली। वह इंटर की छात्रा थी। जहर खाने के कुछ देर बाद जब पूनम कुमारी की हालात बिगड़ने लगी । तब परिजनों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे बचाने में जुट गये। लेकिन तबतक काफी विलंब हो चुका था।

## विधायक ने भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# भक्ति में अपार शक्ति है: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के लालू मैदान में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर रविवार की रात्रि भक्ति जागरण का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन पांकी दुर्गा पूजा समिति व रामजानकी मंदिर समिति के द्वारा किया गया। जिसका मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता एवं विशिष्ट अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, मंदिर कमेटी का अध्यक्ष मुरली प्रसाद गुप्ता, मधुसूदन प्रसाद गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा युवा नेता सह सांसद जिला प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल गुप्ता, पांकी पूर्वी के पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस भक्ति जागरण का उद्घाटन करते हुए विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा कि भक्ति में अपारशक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। साथ ही लोगों में नई ऊर्जा का भी संचार होता है। डॉ. मेहता ने कहा कि पांकी विस की जनता ने दहशतगर्दी व वंशवाद को खत्म कर इतिहास को बदला है। शोषित पीड़ितों की आवाज और हक अधिकार के लिए भाजपा की ओर से आभार प्रकट करता हूँ। श्री मेहता ने यह भी कहा कि मैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के रास्ते पर चलने का काम कर रहा हूँ। मंच का संचालन भाजपा युवा नेता सह सांसद जिला प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष रुपेश प्रसाद गुप्ता, सचिव लखन प्रसाद,कोषाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद गुप्ता,राजकुमार प्रसाद गुप्ता, संजीव प्रसाद गुप्ता, मिठू प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, टुनटुन, गोलू, विकाश, गुरु दयाल के अलावा मंदिर कमिटी के सदस्य के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## एमभीआई ने चलाया चेकिंग अभियान, दर्जनों वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के मोटरयान निरीक्षक रंजीत मरांडी ने थाना के समीप पटेल चौक पर सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी छोटे बड़े वाहनों के मूल कागजातों जैसे टैक्स, फिटमेंट, परमिट, इंश्योरेंस, काउंटर सिग्नेचर, चालक का डीएल की जांच की गई। जिसमें ट्रैक्टर,टेम्पो, पिकअप समेत 13 वाहनों के कई कागजात फेल पाये गये। उक्त सभी वाहनों को जब्त कर हुसैनाबाद थाना को सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने सभी वाहनों संचालकों से कहा कि अपने-अपने वाहन की सभी कागजात को दुरुस्त कर लें। जिनके पास डीएल न हो, वह वाहन न चलाये। क्योंकि बिना अनुभव के कारण भी सड़क हादसा होता है। ऐसे लोग अपने साथ दूसरे के जीवन को भी खतरे में डाल देते हैं। साथ ही उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट पहनने अगर पकड़े जाते है, तो जुर्माना के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। हुसैनाबाद अनुमंडल थाना में चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में हुसैनाबाद के पुलिस पदाधिकारी के अलावा पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय में जल सहिया को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय में आज दिन सोमवार को कुमी कला मुखिया सभ्या सिंह की अध्यक्षता में दो पंचायत कुंभी एवं सौहदाग खुर्द पंचायत की जल सहिया को दोनों पंचायत के 5 समूह के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप से यह प्रशिक्षण हर घर जल नल को जोड़ना था। इस प्रशिक्षण में जांच करने की विधि ट्रेनर सुरेंद्र कुमार यादव के द्वारा दिया गया। किस तरीका से नल हैंडपंप झरना का गंदा पानी थायराइड का जांच करना है । सभी लोगों को मशीन के द्वारा जांच करने का विधि बताया गया। यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों तक स्वच्छ जल पहुंचने की बात कही गई। जिससे हर लोग स्वस्थ रहे सभी लोगों को दिशा निर्देश दिया गया कि जांच कर पानी के गुणवत्ता को ऑनलाइन पूरा करें,जानकारी दें। इस प्रशिक्षण के बैठक में 12 तरह की जांच का विधि बताया गया। मौके पर बैठक में मोबिलाइजर जया कुमारी, सुरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह उपस्थित थे।

## 25 मरीजों का नि: शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में रविवार को कुल 25 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद सोमवार की सुबह में सभी मरीजों को ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने निःशुल्क चश्मा का वितरण किया। उन्होंने बताया कि लेंस प्रत्यारोपण आईओएल विधि से मोतियाबिंद की जांच व ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन आगामी मार्च 2023 तक चलेगा। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज प्रसाद ने 25 मरीजों को सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। आगे भी अन्य मरीजों की जांच प्रक्रिया जारी रहेगा। इसके अलावे जरुरतमंद मरीजों को मुफ्त दवा, चश्मा, खिचड़ी देने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने के लिये मानव शरीर का मुख्य अंग आंख ही है। इसके बिना उन्हें दैनिक कार्यों को करने में काफी परेशानी होती है। शिविर में नेत्र सहायक दयानंद कुमार, डॉ. पीएन सिंह, डॉ. दीपक कुमार, सहयोगी जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह,अंशु कुमारी, पुष्पा कुमारी, कुंदन, उपेन्द्र, अमीत कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा है।

## डायन बिसाही को लेकर मारपीट में पति- पत्नी घायल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वसिया गांव में डायन बिसाही को लेकर हुई मारपीट में पति पत्नी घायल हो गये। इस संबध में विश्वसिया गांव निवासी प्रवेश यादव ने हुसैनाबाद थाना में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें धर्मेंद्र यादव, जीतन यादव व कुंती कुवंर को आरोपी बताया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि उक्त तीनों मेरे घर आकर मेरी पत्नी समुन्द्री देवी को डायन बताकर गाली गलौज करने लगे। जब हमने मना किया तो टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। जबकि मुझे बचाने आयी पत्नी को भी उक्त लोगों ने मिलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होती है : देवदत्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के लपेया ग्राम में रविवार की देर शाम आरएसएस की स्वामी विवेकानंद शाखा के द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामुहिक वनभोज किया गया। मुख्य बौद्धिक कर्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला धर्म जागरण समन्वय प्रमुख देवदत्त कुमार सिंह ने सम्बोधन किया। उन्होंने शरद पूर्णिमा उत्सव के बारे में विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होती है। उसकी किरण मानो अमृत काल के रूप में भी युक्त होती है। आज के दिन खुले आसमान में खीर रखकर सेवन करने से अनेक प्रकार की बीमारियां दूर हो सकती है। साथ ही सिंह ने अनेक कई राष्ट्र और धर्म संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी हैदरनगर प्रखंड प्रमुख शिव कुमार, सह प्रखंड कार्यवाह संजय कुमार मेहता, बिलासपुर मंडल प्रमुख दीपक,अभिषेक, रामाशीष, दीपक सिंह, आचार्य जयनारायण सिंह, सुशील चौहान सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड प्रदेश के द्वारा रांची में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को माला एवं मोमेंटो देखकर स्वागत किया। प्रदेश मंत्री लड्डू खान ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां अल्पसंख्यक भाइयों को अपने परिवार की तरह मान और सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है । बहुत सारी अल्पसंख्यक भाइयों के उत्थान एवं विकास के लिए इस देश में योजनाएं चल रही है। वह दिन दूर नहीं कि भारत विश्व गुरु बनेगा पूरी दुनिया में आज भारत को लोग बहुत इज्जत भरी निगाहों से देखती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं रांची की मेयर आशा लकड़ा ,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख बड़े भाई मनोज सिंह , अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन , अल्पसंख्याक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब अनवर हयात , भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जनाब कमाल खान मौजूद थे।

## दंगवार छठ पूजा समिति का गठन, अमरेन्द्र बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दंगवार गांव के ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक सोमवार को बैंक परिसर के समीप हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने की। इस बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ-साथ छठ व्रतियों की अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गयी। इसके सफल संचालन के लिए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया अमरेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष, पवन कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, प्रिंस कुमार को सचिव, अंकित कुमार व गोबिंद सिंह को कोषाध्यक्ष, संतोष राम व सुधीर कुमार ठाकुर को व्यवस्थापक मंत्री, राजेश कुमार शर्मा, ललित कुमार, दिनेश कुमार को विद्युत मंत्री, वकील सिंह को सूचना मंत्री के अलावा जितेंद्र कुमार, बिक्की कुमार ,मनीष कुमार शर्मा, बसंत कुमार, विकास सिंह, अक्षय कुमार, लड्डू कुमार, राहुल ठाकुर, विश्वजीत कुमार, अंकित कुमार, ऋषिकेश कुमार, श्याम कुमार, गुड्डू कुमार, सत्या सिंह आदि को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्थानीय सोननदी के तट पर काफी संख्या में छठ व्रत धारी पहुचते हैं। इस अवसर पर समिति के द्वारा साफ -सफाई , साउंड लाइट की व्यवस्था की जायेगी। वहीं समिति के लोग छठ व्रतियों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय रहेंगे।

## दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं सहयोग की जरूरत:अरविंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अनुमंडल के हजारों दिव्यांगों ने आज प्रखंड परिसर में आयोजित बैठक में अपने हक की रक्षा के लिए हूंकार भरी और राज्यस्तरीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के पूर्व और भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा उपस्थित हुए। विकलांग संघ के अवधेश राम ने संघ के बैठक पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में दिव्यांग अधिकार मंच झारखण्ड का प्रदेशस्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक समिति में अरविंद गुप्ता चुनमुन, सुभाष मिश्रा, शारदा देवी, रिंकू देवी, अविनाश तिवारी, पवन गुप्ता को वहीं समिति में अध्यक्ष के रूप में बीरेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष बबलू कुमार सिंह, सचिव संजय कुमार मेहता, उपसचिव प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवधेश राम, उपकोषाध्यक्ष सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष गुप्ता, उपमीडिया प्रभारी नजरे आलम, प्रवक्ता बिरबल यादव, सदस्य के रूप में कमला देवी और सुरिष्ठ सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया। मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार राज्य में दिव्यांगों की उपेक्षा कर रही है। संविधान में वर्णित दिव्यांगों के अधिकारों की रक्षा करने में सिस्टम और सरकार विफल है। वहीं मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता ने कहा कि वे संघ के साथ खड़े हैं । जल्द ही सीएम हेमंत सोरेन से बात कर उनकी समस्याओं को राज्य सरकार को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग न केवल आदर के पात्र हैं, बल्कि समाज के वे एक सशक्त हस्ताक्षर भी हैं। वही नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा ने कहा कि वे संघ और दिव्यांगों के लिए सदैव तत्परता के साथ खड़े रहेंगे। बैठक को मुखिया राजेश्वर राम, अवधेश राम, कामेश्वर पासवान, अरुण ठाकुर, संतोष गुप्ता, संजय मेहता, रामदेनी सिंह, मिथलेश प्रसाद, जय प्रकाश गुप्ता, बबलू सिंह, बीरबल यादव, रामपुकार सिंह, ने भी सम्बोधित किया। बैठक में संघ के द्वारा दिव्यांगों की समस्याओं का लिखित लेकर सम्बंधित अधिकारियों को उससे अवगत कराया जायेगा। इस मौके पर बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के हजारों दिव्यांग मौजूद थे।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD
E-PROCUREMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 14 | UDD/NPH/ 01/2022-23 | Repair Of Drain with Cover from Qayyum RayeenHouse to Jasim Rayeen House. | 374956 | 7500 | 1000 | 1Month |
| 2 | 11 | UDD/NPH/ 05/2022-23 | Construction of Hume pipe drain from Ujjawal House to Umendra Thakur's House. | 192954 | 3900 | 1000 | 1 Month |
| 3 | 08 | UDD/NPH/ 06/2022-23 | Repair of Vivaah Bhavan | 931823 | 18700 | 5000 | 2 Month |
| 4 | Date of publication of tender on website | | | 10.10.2022, 02:00 pm | | | |
| 5 | Date starts of submission of bids | | | 10.10.2022, 08:00 pm | | | |
| 6 | Last date/time of submission of bids | | | 17.10.2022, 05:00 pm | | | |
| 7 | Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document | | | 18.10.2022, 02:00 pm | | | |
| 8 | Date of bid opening | | | 19.10.2022, 01:00 pm | | | |
| 9 | Name & address of office inviting tender | | | NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD | | | |
| 10 | Contact no. Of procurement officer | | | 7070832962 | | | |
| 11 | Helpline number of e- procurement cell | | | 7091335901 | | | |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 279465 Urban Development (22-23)_D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।
निलामी सूचना

| क्रमांक | वाहन का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | हिरो होण्डा | 02 |
| 2. | टी0भी0एस0 विक्टर | 16 |
| 3. | इन्वेडर | 11 |
| 4. | टाटा सुमो एम्बुलेंश | 01 |
| 5. | स्कॉर्पियो | 02 |
| 6. | टाटा स्पेसियो | 02 |
| 7. | टाटा सफारी | 01 |

उपरोक्त सरकारी वाहन पुलिस केन्द्र, पलामू स्थित शेड में उपलब्ध है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में आकर भौतिक रूप से देख सकते हैं। यह निलामी दिनांक 20.10.22 को पुलिस केन्द्र, पलामू में प्रातः-11:00 बजे पूर्वाहन् निर्धारित की गई है।

1. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिये नियम एवं शर्तें:-
(क) सभी गाड़ियाँ पुलिस केन्द्र, पलामू में जिस अवस्था में खड़ी है, उसी अवस्था में गाड़ियों की निलामी की जायेगी।
(ख) जिस गाड़ी का रोड टैक्स जमा नहीं है, क्रेता द्वारा आगे का टैक्स भरना होगा।
(ग) प्रत्येक बड़ी गाड़ी पर बोली लगाने वाले व्यक्तियों को 10,000/- (दस हजार) रूपया तथा प्रत्येक मोटरसाईकिल पर 2000/-(दो हजार) रूपया की दर से नगद कैश अद्योहस्ताक्षरी के नाम से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा करना होगा।
2. दिनांक 19.10.22 के अपराहन् 05:00 बजे तक अर्नेस्ट मनी जमा करने वाले व्यक्ति ही निलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
3. उच्चतम बोली बोलने वाले को एक सप्ताह के अन्दर पुरी राशि जमा कर पुलिस केन्द्र, पलामू से गाड़ी उठा ले जाना होगा अन्यथा उसका अर्नेस्ट मनी जप्त समझा जायेगा।
4. उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों का जमा अर्नेस्ट मनी उसी दिन निलामी प्रक्रिया के दौरान वापस कर दिया जायेगा।
5. निलामी की तिथि को रद्द करने, स्थगित करने या इसकी प्रक्रिया में किसी प्रकार का फेरबदल करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

वि श्‍ वा स भा ज न
पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 279463 Police(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग की

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थियों के द्वारा रविवार को कई विधायको और मंत्रियो से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर नियुक्ति की मांग की। पलामू के भी कई अभ्यर्थी रांची में लगातार अपनी मांगों को लेकर सक्रिय है। गौरतलब है कि पंचायत सचिव की 3088 पदों पर नियुक्ति की जानी है। नियोजन नीति पर केस होने के कारण मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित था । लेकिन अगस्त माह में सुप्रीम कोर्ट से अंतिम निर्णय आने के बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नही किया गया है। जिससे अभ्यर्थियों में काफी निराशा है।आयोग के द्वारा भी अभ्यर्थियों के लगातार आश्वासन दिया जा रहा है। विधायक और मंत्री भी केवल आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ रहे है। बिगत 5 वर्षो से पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों का लगातार संघर्ष जारी है।

### मुलायम सिंह व सीताराम सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : रेणु देवी

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु व मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड के पूर्व व प्रथम प्रमुख रेणु देवी ने संयुक्त शोक विज्ञप्ति जारी कर राष्ट्रीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ सपा संरक्षक व देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव व बिहार के समय से ही कोयला मजदूरों के आन,बान व शान के लिए अपना सर्वस्व जीवन समर्पित करने वाले पलामू के महान समाजवादी नेता सीताराम सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि इन दोनों महानुभावों के निधन से ना केवल समाजवादी विचारधारा बल्कि दलित-पिछड़ों के सर्वांगीण विकास के लिए अनवरत सोचने व लड़ने वाले योद्धा का अंत हो गया है। जारी विज्ञप्ति में जेकेएम केन्द्रीय अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि एक तरफ मुलायम सिंह यादव देश के समाजवाद के पुरोधाा व धर्मनिरपेक्ष राजनीति में कभी हार नहीं माननेवाले योद्धा थे । वहीं सीताराम सिंह झारखण्ड के कोयला खान मजदूरों के जगमगाते हीरे थे, जो हमेशा हम जैसे समाजिक क्रियाविदों का मार्गदर्शन करते थे। हम इस दु:ख की घड़ी में उन दोनों विभूतियों के परिजनों व उनके चाहनेवालों से धैर्य धारण करने की अपील करते हैं। साथ ही कुदरत से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए अश्रुपूरित विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### आज मनेगी जेपी की 120वीं जयंती

**मेदिनीनगर।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 120वीं जयंती मंगलवार को जय प्रकाश जनता दल के द्वारा स्थानीय पं० दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में मनायी जायेगी। आयोजित समारोह के अवसर पर वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में जेपी० के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ये जानकारी नगर अध्यक्ष के द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि जय प्रकाश जनता दल एक राष्ट्रीय स्तर की निबंधित राजनीतिक दल है । जिसका भारत के विभिन्न राज्यों में विस्तार हो चुका है। विगत 20 वर्षों से पार्टी संपूर्ण भारत में लोकनायक के विचारों के प्रति जागरूकता संबंधी कार्यक्रम कर चुकी है। इसी क्रम में आज शहर में पार्टी का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता प्रथम विधानसभा अध्यक्ष झारखण्ड, इन्दर सिंह नामधारी तथा मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय होंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सहित जे०पी० आन्दोलन के नेतागण व कई गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं।

### श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने किया रात्रिभोज का आयोजन

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा समिति के सभी पदाधिकारी गण एवं शहर के विभिन्न पूजा समितियों को दशहरा पर्व के सफल आयोजन करने के अवसर पर रविवार को स्थानीय जय भवानी संघ के समीप होटल रिलैक्स इन मे रात्रि भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश शाह,सदर डीएसपी सुरजीत सिंह,संत मरियम के चेयरमैन अविनाश देव सहित कई लोग उपस्थित हुए। समिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने बताया की पूजोत्सव के सफल आयोजन के बाद हमारी परंपरा रही है । सभी पदाधिकारियों के साथ बैठने का कुछ आनंदमय पल गुजारने का मौका मिले। मौके पर शहर में स्थापित पूजा समितियो के पदाधिकारियों सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिले के 130 पंचायतों में आपकी सरकार आपके द्वार का लगाया जायेगा शिविर

## उपायुक्त ने बैठक कर जिले के सभी पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी बुधवार से आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत 130 पंचायतों व नगर परिषद में शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजनों को दिया जायेगा। उक्त बातें उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कही। वे आज समाहरणालय के सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि शिविर में आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। वहीं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा एवं प्राप्त आवेदन पत्रों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया जायेगा। हड़िया बिक्री के रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलों-झानों आशीर्वाद अभियान के तहत वैकल्पिक रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। धोती-साड़ी, कंबल का वितरण किया जायेगा। कृषि ऋण माफी हेतु आवेदन प्राप्त करना तथा उसपर कार्रवाई करना, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना, बैंको द्वारा स्वीकृत किसान क्रेडिट लाभान्वित को उपलब्ध कराने, कैंप में उपस्थित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी कराया जायेगा। इसके अलावा सेवा का गारंटी अधिनियम के अंतगर्त राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न सेवाओं यथा-जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को आसानी से लोन देने पर बल दिया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि एक लाख तक का लोन के लिए किसी गारंटर की आवश्यकता नहीं है एवं इसके अधिक राशि के लोन हेतु जनप्रतिनिधि भी गारंटर बन सकते है। वहीं शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जिले की किशोरियों को जोड़ा जाएगा । जिससे यहां की बेटियों को अच्छी शिक्षा के लिए कुल 40 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों के लिए एक सीनियर पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। संवाददाता सम्मेलन के पूर्व उपायुक्त श्री दोड्डे की अध्यक्षता में झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की बैठक आयोजित की गयी। इनमें अधिकारियों को कार्यक्रम के तहत होने वाले विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा, उप विकास आयुक्त मेघाभारद्वाज, नगर आयुक्त समीरा एस, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन सहित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीराम सेना ने आप पार्टी के मंत्री का पुतला दहन किया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के द्वारा हिन्दुओ के आराध्य देवों पर अमर्यादित टिप्पणी और हिंदू जनमानस के धार्मिक भावना भड़काने के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम श्रीराम सेना के तत्वाधान में छहमुहान चौक पर रविवार की संध्या किया गया।उससे पहले हमीदगंज विनय मोड़ स्थित शिव मंदिर से आक्रोश मार्च निकालकर संघ कार्यालय भारत माता चौक एवं गीता भवन होते हुए बाजार भ्रमण करते हुए छहमुहान चौक पर मंत्री का पुतला दहन किया गया । सभी ने हिंदू विरोधी सरकार मुदार्बाद और राजेंद्र पाल गौतम मुदार्बाद आम आदमी पार्टी मुदार्बाद ,हिंदू देवी देवताओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान हिंदू विरोधी गतिविधि बंद करो इत्यादि उद्घोष करते हुए हनुमान चौक पर अरविंद केजरीवाल और राजेंद्र पाल गौतम दोनों का पुतला दहन किया गया । चेतावनी भी दी गई कि यदि ऐसी पुनरावृति हुई तो इससे श्रीराम सेना सहन नहीं करेगी और इसके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जयसवाल, डिप्टी मेयर मंगल सिंह , रानू कुमार, विशाल कुमार राधेश्याम प्रसाद विनय कुमार पंकज प्रसाद अनिल कुमार रवि अधिवक्ता दीपक कुमार प्रदेश विधि सलाहकार अधिवक्ता अमित तिवारी बजरंग दल जिला संयोजक संदीप दास आकाश कुमार आकाश कश्यप संतु कुमार आदर्श कश्यप अमित महाजन दीपक कुमार अंकित कुमार लाल राहुल कुमार आकाश कुमार रितेश कुमार संजय केसरी मनोज पांडे सोनू कुमार विनय कुमार अविनाश कुमार राजा दीपक कुमार शुभम कुमार अरविंद गुप्ताआकाश कुमार बेलवाटिका,अमित चौबे, अभिरंजन सिंह, कमलेश्वर कुमार मुन्ना जी, मयंक कुमार सिन्हा, भूलू ओझा, संजू कुंद्रा, सोनू सिंह, पंकज चंद्रा, नवदीप चौधरी, सावन वर्मा सूरज कुमार राजकुमार बर्मन ,हरिओम कुमार विजय कुमार राम मौजूद रहे।

# `शरद पूर्णिमा पर आरएसएस ने किया भव्य कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शरद पूर्णिमा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर में भव्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें बौद्धिक, खेलकूद, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी देर रात तक चली। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए झारखंड प्रांत के सह शारीरिक प्रमुख अवधेश मेहता ने कहा कि संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक को चंद्रमा के किरणों के समान बनना चाहिए ,ताकि वे अपने गुणों से समाज को लाभान्वित कर सकें। उन्होंने कहा कि देश में जो वर्तमान समस्या है । उसे स्वयंसेवक अपने सकारात्मक प्रभाव से दूर कर सकते हैं। यह पर्व प्रकृति से संबंधित है जो हमें समरसता की शिक्षा देता है। अतः हम एकरस हो कर समरस समाज की रचना करें। उन्होंने महर्षि वाल्मिकी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी में समभाव, भारतीय संस्कृति के अनुरूप आचरण करने एवं गिद्धराज जटायु की तप से भी प्रेरणा लेने की सलाह दी। मौके पर नगर संघ चालक सह अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र, विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह, नगर कार्यवाह त्रिपुरारी, सत्येन्द्र सिंह, प्रेमजीत कुमार, पवन मेहता,अभिषेक दूबे,मंगल सिंह, मनोज सिंह, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, विनोद सिंह, मनोज प्रजापति,सिकंदर दूबे, दीपक कुमार, श्याम नारायण दूबे, राहुल सत्यार्थी,गोरखनाथ पाण्डेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

# हिन्दुओं का पवित्र महीना कार्तिक शुरू, होंगे मांगलिक कार्य



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में सोमवार से हिन्दुओं का पवित्र कार्तिक माह शुरू हो गया। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि के बाद कार्तिक मास आरंभ होता है। इस वर्ष कार्तिक मास 11अक्टूबर से शुरू हो रहा है और 8 नवंबर को समाप्त हो रहा है। ये माह भगवान विष्णु के प्रिय माह में से एक है। जिसे हिंदू धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह से देव तत्व मजबूत होता है। इस मास में भगवान विष्णु के साथ तुलसी पूजा करना फलदायी माना जाता है। इसके अलावा इस माह गंगा स्नान, दीप दान, यज्ञ, दान आदि करने से हर कष्ट से छुटकारा मिल जाता है। इसी महिने में दिवाली, छठ पूजा, धनतेरस, कार्तिक पूर्णिमा जैसे व्रत त्योहार पड़ते हैं। इस महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे शुभ माना जाता है। इसी महीने में तुलसी का रोपण और विवाह सर्वोत्तम होता है। इस महीने भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और सृष्टि में आनंद और कृपा की वर्षा होती है। मां लक्ष्मी भी इसी माह धरती पर भ्रमण करने उतरती हैं और भक्तों को अपार धन का आशीर्वाद देती हैं। पुरोहित आनंद ने बताया कि इस महीने में मांसाहार, शराब आदि तामसिक भोजन से परहेज रखना चाहिए।

# मानसिक रोग का इलाज संभव है : डॉ. आशीष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मानसिक रोग का इलाज संभव है। उक्त बातें मनोचिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार ने कही। वे सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन पीएमसीएच परिसर में ब्लड बैंक के बगल में किया गया था। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत होना बेहद जरूरी है। डॉ. आशीष मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना बेहद जरूरी है । उन्होंने कहा कि अवसाद के कई कारण हो सकते हैं ।अत्यधिक तनाव ,परिवारिक संबंधों में मनमुटाव कार्य क्षेत्र में अधिक प्रतिस्पर्धा, परीक्षा में फेल हो जाना या लंबी बीमारी मानसिक संतुलन खोने के कारण डिप्रेशन एक मानसिक समस्या है । उन्होंने कहा कि समय रहते अगर इस बीमारी के प्रति सचेत नहीं रहा गया तो यह बीमारी करोना से भी ज्यादा भयानक स्थिति में होगा। उन्होंने कहा कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता। बल्कि कई समस्याओं का जन्मदाता होता है । उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने मनोरोगी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नही करे। वे

# सर्च टैलेंट शो ऑडिशन में लोगों की उमड़ी भीड़

## रांची व बनारस के प्रतिभागी भी हुए शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बीचों बीच स्थित स्थानीय महेंद्रा आर्केड के तीसरे फ्लोर पर रियलिटी शोज - सर्च टैलेंट एडिशन का पाचंवा ऑडिशन रखा गया । जिसमें डांस कंपटीशन, सिंगिंग कंपटीशन, क्विज कंपटीशन व मॉडलिंग की कंपटीशन में झारखंड की प्रतिभागियों के साथ दूसरे राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार राज्य से आए प्रतिभागियों की प्रतिभा देखने को मिली। ज्ञात हो की सर्च टैलेंट में ऑडिशन के लिए पिछले एक माह से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ थी । जिसमे कुल 1750 लोगों ने अपने नाम का पंजीकृत कराया था । लेकिन बीच में बढ़ती क्रेज को देख ऑडिशन वाले तिथि को लगभग 270 लोगो ने ऑडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। टैलेंट शोज के मुख्य सचिव - सूर्यकांत कुमार ने बताया की पिछले जितने भी एडिशंस ऑर्गेनाइज किया गया था । अगर उससे कंपैरिजन किया जाए तो इस साल का क्राउड कई गुना ज्यादा था। श्री कुमार ने यह भी बताया की आज की क्राउड को देखकर बहुत से ऐसे प्रतिभागी है जो ऑडिशन से वंचित रह गए है। जो अपने टीम के साथ बैठक कर के जल्द से जल्द ऑडिशन की एक और तिथि घोषित की जायेगी। प्रतिभागियों को निराश होने की अब जरूरत नहीं है, जो बाकी रह गए है उन्हे मौका दिया जाएगा। टैलेंट शोज के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर - आशीष सिंह ने बताया की शोज की विभिन्न प्रतियोगिता के अलग अलग जूरी मेंबर्स को आमंत्रित की गई थी । जिससे प्रतिभागियों का चयन एलिमिनेशन राउंड के लिए एक बेहतर तरीके से की जा सके। श्री सिंह ने बताया की सिंगिंग प्रतियोगिता में जूरी मेंबर्स - शास्त्रीय संगीतकार - राम किशोर पांडे , श्याम किशोर पांडे, व सिंगिंग रॉकर्स - कुमार श्रीकांत उपस्थित थे। मॉडलिंग में जूरी मेंबर्स के रूप में - प्रवेश दुबे एवम क्विज में जूरी मेंबर्स के रूप में अभिमन्यु दुबे और डांस की जूरी मेंबर्स में अमजद उर्फ गुड्डू ने अपनी अपनी भूमिका निभाई ,जो उपरोक्त प्रतियोगिता में रिनाउंड आर्टिस्ट रह चुके है। मंच का संचालन - शहर के सुप्रसिद्ध एंकर अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया एवम सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक समां को बांधे भी रखा । देर शाम तक प्रतिभागियों के साथ साथ अभिभावकों का साथ बना रहा। रियलिटी शोज - सर्च टैलेंट एडिशन 5 की पहली ऑडिशन को सफल बनाने में धीरज तिवारी, आलोक कुमार शुक्ला, आकाश कुमार सिन्हा, सुमित कुमार, मोहम्मद रजी आदि का नाम शामिल हैं।

# शाहपुर छठ पूजा समिति आयोजित करेगी भजन संध्या

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शाहपुर क्षेत्र में कोयल नदी के तट पर इस वर्ष छठ पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।। जिसमें भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा । इसके लिए छठ पूजा समिति का गठन शाहपुर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं युवाओं के द्वारा बैठक कर निर्णय लिया गया । बैठक का संचालन युवा नेता शशांक सुमन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शाहपुर छठ पूजा एतिहासिक होगा और सभी व्रतियों को किसी प्रकार का कष्ट ना हो ,इसके लिए छठ पूजा समिति सभी सुविधा प्रदान करेगी । साथ ही घाट पर लोगों के लिए भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के गठन का उद्देश्य छठ पूजा में होने वाली बाधा को दूर करते हुए घाट पर बिजली, शौचालय,व्रतियों को वस्त्र बदलने जैसी सुविधा मुहैय्या कराते हुए सभी धर्म प्रेमी सज्जनों को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए किया गया है। मौके पर चैनपुर क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने छठ पूजा समिति के गठन पर शाहपुर वासियों को बधाई देते हुए इसकी सराहना की, तथा कहा कि इससे छठ व्रतियों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर समाजसेवक विजय चंद्रवंशी ने बधाई देते हुए कहा की वो हर वर्ष छठ घाट पर स्वयं व्यवस्था करते थे पर छठ पूजा समिति के गठन से उनका मनोबल और भी बढ़ गया है।

# आईबी अधिकारी के नाम पर बनाया फर्जी आइडेंटिटी कार्ड, धनबाद जेल में बंद है आरोपी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीएए के विरोध के दौरान हुए दंगे में मारे गए आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के नाम पर पलामू के एक व्यक्ति ने फर्जी आइडेंटिटी कार्ड बनाया है। इसका खुलासा पलामू पुलिस की जांच में हुआ है। पूरे मामले में मेदिनीनगर के टीओपी 2 के प्रभारी रूद्रनानंद सरस के बयान के आधार पर मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। अंकित शर्मा के नाम पर फर्जी आइडेंटिटी कार्ड बनाने वाला सूरज प्रकाश तिवारी पलामू के टाउन थाना क्षेत्र के रेड़मा का रहने वाला है। आरोपी सूरज प्रकाश तिवारी फिलहाल दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है। दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति आईबी अधिकारी बन कर लोगों को धौंस दिखा रहा है। इस जानकारी पर पलामू पुलिस ने सत्यापन शुरू किया था। सत्यापन के दौरान पुलिस को सूरज प्रकाश तिवारी का आइडेंटिटी कार्ड मिला। आईडेंटिटी कार्ड आईबी अधिकारी का था और उस पर सूरज प्रकाश तिवारी का फोटो था। पुलिस ने आइडेंटिटी कार्ड की जांच की और आईबी के अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि यह आईडेंटिटी कार्ड दिल्ली दंगा में मारे गए अंकित शर्मा का है। जिसे फर्जी रूप से तैयार किया गया है। आरोपी सूरज प्रकाश तिवारी आइडेंटिटी कार्ड पर अपना फोटो लगाकर उसका इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस को पूरे मामले में जांच करने में करीब एक हफ्ते का वक्त लगा है। आइडेंटिटी कार्ड फर्जी पकड़े जाने के बाद पुलिस ने सूरज प्रकाश तिवारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की तो पता चला कि वह दुष्कर्म के आरोप में धनबाद जेल में बंद है। पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी ने कई शादियां कर रखी है। मेदिनीनगर टाउन थानेदार अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस मामले में सूरज प्रकाश तिवारी को रिमांड पर लेगी।

# वृद्धावस्था पेंशन की राशि दूसरे के खाते में हो रहा ट्रांसफर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर अंचल कार्यालय की लापरवाही के कारण नगर परिषद स्थित रेहला वार्ड नम्बर 6 के निवासी भोला प्रसाद को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इनके पेंशन की राशि मेदिनीनगर निवासी मोहन लाल के खाते में जा रहा है। इस संबंध में लाभुक भोला प्रसाद अंचल व जिला कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर अंचल क्षेत्र के रेहला वार्ड नम्बर 6 निवासी भोला प्रसाद के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना की स्वीकृति को लेकर अंचल कार्यालय को आवेदन किया गया। साथ हीं बैंक पासबुक, आधार कार्ड, आदि की छायाप्रति भी संलग्न कर दी गई थी। मई महीने में पेंशन योजना स्वीकृत कर राशि भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जिसका पेंशन आईडी जेएच-एस-02876286 है। पेंशन स्वीकृत हुए 6 माह बीतने के बावजूद भी उनके खाते में राशि हस्तांतरित नहीं हुई। इस संबंध में जानकारी लेने अंचल कार्यालय पहुंचे। जहां बताया गया कि पेंशन की राशि आपके खाते में ट्रांसफर की जाती रही है। साथ ही पूरी कागजात की जांच करते हुए बताया गया कि वृद्धा पेंशन की राशि मेदिनीनगर निवासी मोहन लाल के खाते में हस्तांतरित हो रही है। अंचल कार्यालय के द्वारा पेंशन योजना की आईडी देखकर उन्हें जिला कार्यालय में सारी कागजात जमा करने को कहा गया। जहां से खाते में सुधार करते हुए राशि रिकवरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस संबंध में जिला समाजिक सुरक्षा कार्यालय के द्वारा बताया गया कि इसके लिए अंचल कार्यालय जिम्मेवार है। दो पन्ने का स्टेटमेंट देते हुए बताया गया कि अंचलाधिकारी के नाम से एक आवेदन देकर उनसे सुधार व राशि रिकवरी की मांग करें। सुधार की गुंजाइश अंचल कार्यालय से ही संभव है। भोला प्रसाद के द्वारा बताया गया कि उनकी उम्र 72 वर्ष की है। काफी प्रयास के बाद वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति मिली। वह भी राशि किसी अन्य के खाते में हस्तांतरित हो रही है। यह सब अंचल कार्यालय की लापरवाही का परिणाम है। बताया कि मंगलवार को उपायुक्त के द्वारा आयोजित होने वाले जनता दरबार में शामिल होंगे। उपायुक्त का जनता दरबार ही एकमात्र आसरा है, जहां जाने वाले लोगों को न्याय मिलती है। जहां पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी जाएगी। साथ हीं पेंशन को चालू करते हुए राशि रिकवरी की भी मांग की जायेगी।

# मतदाता सूची के विखण्डीकरण से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददात

**मेदिनीनगर।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत मतदाता सूची के बिखण्डीकरण से संबंधित प्रशिक्षण आज समाहरणालय सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य को जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करना है। यह काम निर्धारित समय सीमा में चलता है। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखण्डीकरण कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सभी लोग जिम्मेवारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2022 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची को आधार मानकर नगर निकाय के मतदान केंद्र के अनुसार मतदाता सूची का विखण्डीकरण किया जाना है। उन्होंने मतदाता सूची की तैयारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 19 अक्टूबर को किया जाना है। वहीं दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए 29 अक्टूबर 2022 तक की तिथि तय है। साथ ही दावा एवं आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए 4 नवंबर 2022 तक की तिथि निर्धारित है। इसके बाद अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची आयोग को उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी अवश्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में मेदिनीनगर नगर निगम एवं विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग ख) तथा छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी द्वारा विस्तारित रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विखण्डीकरण के लिए बीएलओ आधार पत्रक तैयार करें। विधानसभा की मतदाता सूची को आधार मानकर विखण्डीकरण कार्य किया जाना है। मतदाता सूची (पूरक सूची सहित) को ही प्रथमतः वार्डवार विखण्डित की जाएगी एवं नगरपालिका के मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची विखंडन के दौरान ध्यान रखा जाए कि एक ही आवास में निवास करने वाले सभी मतदाताओं का नाम संबंधित वार्ड के एक ही मतदान केंद्र के मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है।

## न्यूज गैलरी

### बीडीओ ने सभी पीडीएस दुकानदार के साथ की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पीडीएस राशन दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें बीडीओ ने बताया कि अयोग्य राशन कार्ड धारियों का राशन कार्ड डिलीट करते हुए योग्य लाभुकों को पीडीएस राशन का लाभ देने का निर्देश दिया गया है । उपस्थित पीडीएस दुकानदारों से इस आशय की जानकारी सभी पीडीएस लाभुकों तक पहूंचाने का निर्देश दिया। साथ ही पीडीएस दुकान के बाहर उपायुक्त गढ़वा के आदेश की प्रति चिपकाने के निर्देश दिए गए। उसके बावजूद भी अयोग्य राशनकार्डधारी राशन कार्ड जमा नहीं करते हैं तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी राशन दुकानदारों से उन्होंने कहा कि सभी लाभुको के साथ समानता पूर्वक वयवहार करे असभ्यता के साथ पेश आना किसी भी मूल्य मे बर्दाशत नही किया जायेगा। उन्होंने सभी राशन दुकानदारों से उपायुक्त के निदेर्शों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। प्रखंड स्तरीय इस बैठक में धुरकी प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

### ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**चिनियां।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर मदरसा फैजे रजा रानीचेरी मदरसे मे पढ रहे छात्र छात्राओं के बिच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बहुत मदरसे के बच्चे ने भाग लिए प्रतियोगिता मे ईस्लामिक वाद, विवाद प्रतियोगिता, विज्ञान प्रतियोगिता, अंग्रेजी प्रतियोगिता तथा गणित प्रतियोगिता मे बच्चों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र छात्राओं को रानीचेरी कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया इस तरह के प्रयोग प्रतियोगिता होने से मदरसे के छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित देखे गए । वही कार्यक्रम का संचालन मौलाना मकसूद उल रजा ने की प्रतियोगिता में छात्र छात्रा अली रजा, सब्बू खातून, शानू मंसूरी,मोहम्मद साबिर अंसारी, जावेद मुशर्रफ,रिजवान अंसारी,शाजिया खातून,सायरा बानो,चांदनी खातून, बेलाल अंसारी,इत्यादि शामिल थे । वही पुरस्कार वितरण समारोह में मौके पर उपस्थित गांव के सदर मोहम्मद फरीद सेक्रेटरी मोहम्मद मुजीब अंसारी खजांची शकील मंसूरी मोहम्मद मुख्तार हुसैन मोहम्मद सगीर मंसूरी इरफान अहमद मुस्तफा अंसारी सफीक अंसारी अब्दुल मन्नान अंसारी मोहम्मद बिलाल मंसूरी इत्यादि उपस्थित थे ।

### बलिया में सम्मानित हुए अनंत प्रताप देव और राजेश प्रताप देव

**श्री बंशीधर नगर।** भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज को चातुर्मास्य व्रत एवं महायज्ञ के निमित्त आमंत्रित करने के लिये बलिया पहुंचे पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं युवराज राजेश प्रताप देव को सम्मानित किया गया। यज्ञ समिति के प्रमुख संरक्षक सह यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने श्री जीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं युवराज राजेश प्रताप देव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद मनोज तिवारी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, यज्ञ समिति के संरक्षक कमलेश सिंह आदि मौजूद थे।

### छमाइलवा समीप सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर - श्रीबंशीधर नगर मुख्य सड़क के छमाइलवा समीप सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गये। इनमें एक कि हालत गंभीर होने पर गढ़वा रेफर किया गया। घायलो में अशोक मेहता पिता उमेश मेहता एवं मोती चौधरी पिता स्व. बैजनाथ चौधरी दो खरौंधी थाना के अरंगी निवासी सामिल है। अशोक मेहता और मोती चौधरी दोनों एक ही बाइक से श्रीबंशीघर नगर से भवनाथपुर की ओर आरहे थे कि छमाइलवा के पास भवनाथपुर से श्रीबंशीघर की ओर जा रहे बोलेरो जा रही थी जो कि धक्का मार कर भाग गया। दोनों घायलों को राहगीरों द्वारा भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया। जहां ड्यूटी में उपस्थित डॉ. प्रियंका कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद मोती चौधरी का गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

### जेई प्रेमचंद गुप्ता को सभी पंचायत से तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी ने जेई प्रेमचंद गुप्ता को सभी पंचायत से तत्काल प्रभाव से हटाने एवं सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक कर्मचारी अपने अपने पंचायत में बैठने के आवदेश देने का निर्देश दिया। प्रमुख ने बीडीओ कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जेई प्रेमचंद गुप्ता का शिकायत मिलता है कि जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और कोई भी योजना में एमबी बुक करवाने के नाम पर पैसा उगाही करने का शिकायत जनता द्वारा मिलता है और बराबर समाचार पत्रों में भी प्रेमचंद गुप्ता का उगाही का मामला प्रकाशित होता है इस से प्रखण्ड कार्यालय की बदनामी हो रही है। वही सभी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कर्मचारी को पंचायत सचिवालय में नियमित रूप से 10 :30 से 4 बजे तक बैठने का निर्देश जारी करने को कहा है। प्रमुख ने बताया की सभी पंचायत के ग्रामीण जनता को दूर से प्रखण्ड कार्यालय काम के लिए आना पड़ता है। जिस से पंचायत का विकास कार्य प्रभावित होता है।

### पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी नबी उल्लाह अंसारी ने अपनी पत्नी हसबुन बीवी को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस संबंध में हसबुन बीवी के भाई ने बताया कि 2018 में हसबुन बीवी को शादी नबी उल्लाह अंसारी से किया गया था। शादी के दौरान दहेज में एक टीवीएस मोटरसाइकिल दिया गया था लेकिन नबी उल्लाह अंसारी दहेज के लालच में उसके साथ बराबर मारपीट करता रहता था। इस बात को लेकर दो बार पंचायत भी किया गया था इसमें पंचायत के सामने वह एक कागजात बनाकर दिया था। जिसमें कहा था कि वह हस बुन बीवी के साथ अच्छा व्यवहार रखेगा लेकिन जब नबी उल्लाह अंसारी के साले के शादी में अपाची गाड़ी दिया तो उसने लालच में आकर अपाची गाड़ी का मांग करने लगा। इसी बात का विरोध किया तो हसबुन बीवी को मारपीट कर जख्मी कर दिया इसके बाद गांव के लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी मायके के लोगों को दिया गया।

---

बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर की बैठक, कहा

# सावित्री बाई फुले समवृद्धि योजना का लाभ दिलाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी जन प्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी जन प्रतिनिधियो व सभी विभागों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी देना है तथा उसका लाभ भी इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचना है। कुछ जन कल्याण की योजनाएं सरकार द्वारा फिलहाल प्रारम्भ की गई है। सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना सावित्री बाई फुले समवृद्धि योजना के तहत सभी किशोरियो को किस्तों में सहायता राशि उपलब्ध कराया जाना है। जिसमे कक्षा 8,9,10,11व 12 में पढ़ने वाली छात्राओं को क्रमशः कक्षा 8 व 9 के छात्रों को 2500 रुपये,10,11 व 12 में पढ़ने वाली छात्राओं को 5000 रुपये देने का प्रावधान है।

### रोजगार गारंटी योजना के तहत ऋण योजना उपलब्ध कराया जा रहा

बीडीओ ने बताया कि मुख्य मंत्री रोजगार गारंटी योजना के तहत ऋण योजना कल्याण विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमे ऋण राशि का चालीस प्रतिशत छूट दिया जायेगा। शेष राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा.यह बहुत ही कल्याणकारी योजना है,इसका लाभ लोगो तक पहुचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग के द्वारा ही स्वास्थ्य लाभ योजना के तहत गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को 10,000 से 25000 रुपये तक की राशि उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अतिरिक्त गंभीर बीमारी से पीड़ित आम लोगो को भी सरकार द्वारा पेंशन दिया जाना है। ऐसे लाभुकों का चयन कर उन तक लाभ पहुँचाने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में नया ग्रीन राशन कार्ड, पशु विकास की योजना,सर्वजन पेंशन योजना,मनरेगा के तहत पांच- पांच योजना स्वीकृत करना,15वे वित्त से शत प्रतिशत योजनाओं को स्वीकृत करना, धोती,साड़ी तथा कंबल का वितरण करना,केसीसी का आवेदन प्राप्त करना,लंबित आवेदन का निष्पादन करना, केसीसी कार्ड का वितरण करना, भू लगान, भू राजस्व के मामलों का निपटारा करना,ई श्रम तथा प्रवासी मजदूरों को निबंधित करना, पीडीएस के तहत आधार लिंक करना,[ बिजली तथा पेयजल से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी योजनाओं के लिए अलग अलग स्टाल लगाया जाएगा। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे,उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बिजय पांडेय, प्रखंड सम्यवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रधान मंत्री आवास स्नेहा सिंह,कार्यालय सहायक अनिल सिंह,पंचायत सेवक बिरेन्द्र कुमार सिंह,नंद कुमार मेहता,महिला पर्यवेक्षिका माया गुप्ता,मुखिया मनोज ठाकुर, फिरदोस अंसारी, उषा देवी, रेखा देवी, सुविष्टयानी केरकट्टा सहित सभी जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## श्री जीयर स्वामी जी का चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ अगले साल पाल्हे कला-जतपुरा में

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** वैष्णव भास्कर श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ अगले साल 2023 में पाल्हे कला-जतपुरा में होगा। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने इस निमित्त उन्हें आमंत्रण देने श्री बंशीधर नगर धाम से बलिया पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं के अनुरोध पर चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 2022 की पूणार्हुति के दिन रविवार को विधिवत इसकी घोषणा की। चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ के लिए पूज्य स्वामीजी महाराज की सहमति मिलने के बाद सभी श्रद्धालु बलिया से वापस श्री बंशीधर नगर लौट गए। श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य हैं।

उल्लेखनीय है गत शनिवार को श्री बंशीधर नगर धाम से 50 से अधिक वाहनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यूपी के बलिया में जाकर श्री स्वामी जी महाराज से पाल्हे कला-जतपुरा में चातुर्मास्य व्रत और महायज्ञ के निमित्त स्वीकृति प्रदान करने की प्रार्थना की थी। आमंत्रण देने जाने वालों में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, राजा राजेश प्रताप देव, शंभूनाथ शुक्ला, शिवनारायण चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, भरत प्रसाद निराला, राजेश कुमार पांडेय, गुलाब पांडेय, राजेन्द्र दूबे, लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, सोनू सिंह, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, पावस लाल, बंगाली सिंह, रजनीकांत देव, मनीष प्रताप देव, अजित प्रताप देव, विद्याभास्कर, रामश्रृंगार चौबे, द्वारिकानाथ पांडेय, रामकृष्ण चौबे, कृष्णानंद शुक्ला, विजेन्द्र शुक्ला, नारद शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, कमलेश पांडेय, आदि के नाम शामिल हैं।

---

## शिगसिगा खुर्द में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह ओपी अंतर्गत सिगसिगा खुर्द निवासी राजकुमार राम उर्फ सुखट राम ने रविवार की रात्रि करीब 12:00 बजे अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना का संबंध परिवारिक कलह को बताया जा रहा है। लोगों ने बताया कि बीती रात राजकुमार राम अपनी पत्नी से हल्की फुल्की नोकझोंक के बाद अपने घर के ही कंडी में लटक कर आत्महत्या कर लिया है । फिर इसकी सूचना ग्रामीणों ने चिनिया पुलिस को दी वहीं थाना प्रभारी विरेंद्र हांसदा के निर्देश पर बरवाडीह ओपी के पुलिस असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अंजनी सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है । मामले में चिनिया थाना प्रभारी बिरेंद्र हांसदा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या प्रतीत हो रहा है फिर भी पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु शव को गढवा भेज दिया है। वह आपको बताते चलें कि 20 दिन के अंदर गांव में 3 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है जिससे प्रखंड क्षेत्र में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।



---

भंडरिया में विकलांगता शिविर का आयोजन

## कई विद्यालय के 50 बच्चों की हुई विकलांगता जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** बीआरसी कार्यालय के प्रांगण में आयोजित विकलांगता शिविर का उद्घाटन अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी , बीआरसी कार्यालय के बीपीएम, सीआरपी, बीआरपी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर भंडरिया बीआरसी कार्यालय के बीपीएम रविशंकर कुमार ने कहा कि समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत भंडरिया बडगड प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 50 बच्चों का विकलांगता की जांच की गई। एलिम्को भुनेश्वर के चिकित्सा टीम द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों की जांच की गई । इनमें 10 बच्चों को दिव्यांग के रूप में चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग के रूप में चयनित बच्चों को सूचि वरिय पदाधिकारियों भेजी जाएगी । पिछले वर्ष विकलांगता के रूप में चयन किये गये 50 बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। इसमें ट्राई साइकिल 5, कान से सुनने वाला मशीन 40, रोलेटर 3, व्हीलचेयर 2, सहित अन्य का नाम शामिल है । मौके पर एलिम्को भुनेश्वर की चिकित्सा टीम के अलावा भंडरिया रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी, बीआरसी कार्यालय के बीपीएम रवि शंकर कुमार, बडगड़ के बीपीएम इंदु विश्वकर्मा ,सीआरपी सत्यनारायण यादव ,विजय कृष्णन, बीआरपी शमशेर अंसारी, एमआईएस बडगड के संजीत कुमार, भंडरिया के निकेत कुमार, बीआरसी कार्यालय के अकाउंटेंट धनंजय कुमार गुप्ता, शिक्षक रामबली, नितेश कुमार, रतन रंजन, कुंवर सिंह, बिनेसर सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर मिथिलेश कुमार यादव, संजय तिवारी, अनिल केशरी सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।



---

## पूर्व मंत्री ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर जतायाा शोक

**श्री बंशीधर नगर।** समाजवाद के स्तम्भ उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि उनके निधन से देश ने एक प्रमुख नेता खो दिया है। स्व0 सिंह अपने नेतृत्व कौशल और राजनीतिक प्रबंधन के दम पर अपनी पहचान बनाया था। वे 1967 में पहली बार जसवंत नगर विधानसभा सीट से विधायक बने थे। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन मे कभी पीछे मुड़कर नही देखा। वे तीन बार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 7 बार सांसद बने,8 बार पर विधायक निर्वाचित हुये तथा एक बार एम एल सी भी बने। श्री केशरी ने कहा कि वे देश के रक्षा मंत्री के पद को भी सुशोभित किया था।

---

केतार बीडीओ का निर्देशों का मनरेगा कर्मी दिखा रहे हैं ठेंगा

# मनरेगा कर्मियों की मनमानी से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड में मनरेगा कर्मियों के मनमानी के कारण इन दिनों आम जानता त्रस्त है। बीडीओ के निदेर्शों का भी यहां के मनरेगा कर्मी ठेंगा दिखा रहे हैं। ताजा मामला पाचाडुमर पंचायत का है जहां विगत 3 सितम्बर को बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा मनरेगा योजना का सफल क्रियान्वयन के लिए रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति को पाचाडुमर से हटाकर केतार पंचायत आवंटित किया गया था। वहीं रोजगार सेवक पंकज कुमार सिंह को केतार से हटाकर पाचाडुमर पंचायत आवंटित किया था। साथ ही तीन दिनों के अंदर प्रभार का आदान -प्रदान के लिए पत्र निर्गत किया गया था। इसके वावजूद कार्यालय आदेश की अवहेलना करते हुए अभी तक एक दुसरे के द्वारा अपने अपने पंचायत का प्रभार आदान-प्रदान नहीं किया गया है। वहीं बगैर प्रभार लिए अपने चहेते को गुपचुप तरीके से काम किया जा रहा है जबकि अन्य लोगों को प्रभार नहीं मिलने की बात कहकर टाल दिया जाता है। जिसके कारण उक्त दोनों पंचायत क्षेत्र के लोगों के बीच अपने रोजगार सेवक को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

> समीक्षा बैठक में भी प्रभार आदान-प्रदान के लिए बोला गया परन्तु अभी तक प्रभार आदान -प्रदान क्यों नहीं किया जा सका सम्बंधित रोजगार सेवक ही बतायेंगे।
>
> -दीपक जायसवाल, बीपीओ, केतार।



### क्या कहते हैं रोजगार सेवक

इस सम्बन्ध में पाचाडुमर पंचायत के रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति ने बताया की मेरे द्वारा एक माह से प्रभार देने के लिए चिट्ठी बनाकर पाचाडुमर आवंटित रोजगार सेवक को प्रभार देने का प्रयास किया जा रहा है परन्तु उनके द्वारा प्रभार ग्रहण नहीं किया जा रहा है। इस बात से मेरे द्वारा प्रखंड कार्यालय को पुर्व में ही अवगत करा दिया गया है। वहीं रोजगार सेवक पंकज सिंह से कई बार फोन के माध्यम से सम्पर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

---

## मुखिया ने आधार सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को सिसरी पंचायत के मुखिया श्वेता देवी, मुखिया पति उदय अलबेला, समाजसेवी शंभू लाल श्रीवास्तव, संतोष कुमार प्रजापति ने पंचायत भवन में सयुक्त रूप से आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। मुखिया श्वेता देवी ने बताया लोगों को आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड अपडेट कराने में काफी परेशानी होती थी। इसके लिए लोगो को प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता था। वहां अत्यधिक भीड़ भाड़ रहने से काफी समय लग जाता था। इसलिए मेरे प्रयास से आज पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र खोला गया है। आधार सेवा केंद्र खुल जाने से आसपास के लोगों को आसानी से ही पंचायत भवन पर आधार कार्ड बना जायेगा। वही केंद्र संचालक अमित कुमार रंजन ने कहा पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र से नया आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि जोड़ा जायेगा। इसके अलावे केंद्र पर पंचायत के लोगो को पंजाब नेशनल बैंक का खाता खोला जायेगा। इस दौरान सोनू कुमार, डॉ. धीरेंद्र मेहता, सौरभ कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

---


**कार्यालय नगर परिषद गढ़वा**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास अंतर्गत सोनपुरावा किफायती आवास परियोजना, गढ़वा में आवासों के चतुर्थ आवंटन हेतु दिनांक–18.10.2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के सभागार में चतुर्थ चरण लॉटरी कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है।

सभी संबंधित लाभुक अपने साथ स्वयं का आधारकार्ड / मतदाता पहचानपत्र एवं जमा किये गए चालान की मूल प्रति लाना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में सम्पर्क करें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 279489 (Urban Development) 22-23 (D)



**कार्यालय य जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)**
**-सह- उपायुक्त, पलामू**

Tel. No. (Election Office) – 06562-231046 E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**प्रेस-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम 21 एवं 22 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन 2023 हेतु पलामू जिलान्तर्गत अवस्थित 05 नगरपालिकाओं यथा–मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग–ख), छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में मतदान केन्द्रों की स्थापना करते हुए मतदान केन्द्रों की सूची का प्रपत्र–A में प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। उक्त सूची को जिला निर्वाचन कार्यालय / अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद के कार्यालय / सम्बन्धित नगरपालिकाओं के कार्यालय एवं प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.279475 Palamu(22-23):D


---

छठ महापर्व के सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

# महिलाओं के लिए कुर्सी रेस व बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत चिनिया थाना के पीछे छठ घाट पर छठ महापर्व को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक बुलाई जिसमें बैठक की अध्यक्षता राम सागर यादव ने की । उक्त बैठक में छठ महापर्व का सफल आयोजन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में छठ घाट पर छठ व्रतियों के स्नान के लिए उचित व्यवस्था, पेयजल की प्रयाप्त व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, सहित छठ घाट की साफ सफाई कराने को लेकर विशेष रुप से चर्चा की गई। वही छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लकी ड्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें हीरो हौंडा मोटरसाइकिल, फ्रिज, कूलर, सहित अन्य 92 पुरस्कार इस लकी ड्रा में रखा गया है। साथ ही महिलाओं के लिए कुर्सी रेस एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन इस छठ घाट पर किया गया है। जिसके लिए तैयारियां अभी से ही शुरू कर दिया गया है। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, निर्मल यादव, राजेंद्र गुप्ता,राजेश साह, सोनू विश्वकर्मा, रामाशंकर यादव, मोहित कुमार, आशीष विश्वकर्मा, रविशंकर सिंह, इंद्रजीत कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, अरविंद प्रसाद, उमेश सिंह, संदीप प्रसाद, मोहित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## न्यूज गैलरी

### लातेहार में श्री चित्रगुप्त पूजा समिति का हुआ गठन



**लातेहार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला कार्यालय लातेहार में चित्रगुप्त पूजा को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा जबकि मंच संचालन आलोक रंजन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 26 अक्टूबर को मनाई जाने वाली चित्रगुप्त पूजा हेतु समिति का गठन किया गया। इसमें विवेक कुमार सिन्हा को अध्यक्ष आलोक रंजन को सचिव वैभव कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से, ललित प्रसाद, सुबोध सिन्हा, संजीव कुमार, नगर उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, अजय सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, अनिकेत सिन्हा, शैलेंद्र कुमार, विनीत कुमार, नीरज सिन्हा , उदय कुमार सिन्हा, अखिलेश कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, नीरज कुमार एवं अनुज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### दोस्त के घर जा रहे युवक की गिरकर मौत, पुलिस कर रही जांच



**गारू।** लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र में अपने दोस्त से मिलने जा रहे युवक की मौत होने की सुचना मिली है। बुरी तरह से घायल मिले युवक को परिजनों द्वारा गारू रेफेरल अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संजीव टोप्पो (32) ग्राम रामसेली के रहने वाले के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक सुरकुमी में अपने दोस्त के घर जाने के क्रम में फिसलकर पत्थर पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक को रविवार के आधी रात करीब 1 बजे रेफरल अस्पताल गारु ले जाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। गारू थाना प्रभारी राजीव भगत ने बताया कि घटना की सुचना मिली है। मामले की जांच कर रहे हैं। परिजन भी पहुंचे हैं। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

### लक्ष्मी पूजा को लेकर हुई बैठक, कमिटी का किया गया गठन



**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत सरजामातु गांव में सोमवार को लक्ष्मी पूजा को लेकर रजनीश रंजन की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें लक्ष्मी पूजा शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने व संचालन को लेकर कमेटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से प्रकाश भारती को अध्यक्ष, विमलेश कुमार यादव को उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार यादव को सचिव व सुरेंद्र कुमार यादव को सहसचिव चुना गया। बैठक पूर्व के भांती इस वर्ष भी शांति और सौहार्द वातावरण में पूजा आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में मनोज कुमार, चंदन कुमार, राकेश कुमार, उमेश भारती, मिथिलेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक में डिजिटल सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा



**मयूरहंड(चतरा)।** सोमवार को मयूरहंड प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक परोरीया में प्रखंड अध्यक्ष रुस्तम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पर्यवेक्षक के रुप में झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि आभा ओझा मुख्य रुप से उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रुप से डिजिटल सदस्यता अभियान मैन्यूअल चलाने पर चर्चा की गयी। इस दौरान विचार-विमर्श कर प्रत्येक पंचायत व प्रखंड स्तर पर कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं बूथ स्तर पर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे भारत जोडो यात्रा से लोगों को अभियान चलाकर जागरुक करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बताया गया कि पार्टी द्वारा लिंक मोबाइल पर एसएमसी द्वारा भेजा जा रहा है, ऐप का नाम कांग्रेस पार्टी मेंबरशिप है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, बाल गोविंद राम, अजित कुमार सिंह, सुरेश यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कल से

**चतरा/टंडवा।** राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड के पंचायतों में 12 अक्टूबर से आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। टंडवा में कार्यक्रम का शुभारंभ पदमपुर पंचायत से की जाएगी। जिसको लेकर लगभग सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जानकारी देते हुए बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि राज्य सरकार ने तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक पंचायतों में शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से जरुरतमंदों की समस्याओं का निपटारा करते हुए तत्काल लाभ दिलाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर वार्षिक योजना 2022-23 बनाने हेतु सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव एवं उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि सरकार जन हितैषी है जो बेहतर नीतियों के साथ कार्य कर रही है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

### जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति की हुई बैठक

# प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री व भंडारण करने वाले कारोबारियों पर होगी कठोर कार्रवाईः डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति अध्यक्ष अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला खाद्य कारोबारियों द्वारा एफएसएसएआई लाइसेंस, पंजीकरण, नमूना संग्रहण के स्थिति, नमूनों के जांच प्रतिवेदन, निरीक्षण तथा दंड अधिरोपण, खाद्य कारोबारियों के प्रशिक्षण, ईट राईट चौलेंज अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम ईट राईट स्कूल अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम, क्लीन फ्रेस फ्रुट, भेजीटेबल मार्केट अन्तर्गत कार्रवाई, हाईजिन रेटिंग अन्तर्गत कार्रवाई, प्रतिबंधित पान मसालों के संबंध में



आदेशों का प्रर्वतन समेत अन्य बिन्दुओं पर किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी दीपावली व छठ त्योहारों को देखते हुए मिठाई एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट में रोकथाम हेतु विशेष टीम का गठन कर छापामारी अभियान एवं सैंपल कलेक्शन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रतिबंधित पानमसाला रजनीगंधा, पान पराग, बिमल, बहार, शिखर, दिलरूबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत, पान पराग प्रिमियम को लेकर नियमित रूप से छापेमारी किया करने की बात कही।

#### कार्य में गति लाने का उपायुक्त ने दिये निर्देश

एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस, पंजीकरण कि समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। शहर में जाम कि स्थिति को देखते हुए फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे विक्रेताओं को जल्द से जल्द सब्जी मार्केट में सिफ्ट कराने का निर्देश दिया। आवासीय विद्यालयों, अन्य विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आपूर्ति किए जा रहे खाद्य पदार्थों का नियमित जांच हेतु निर्देशित किया गया। मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्ट्रीट फूड भेंडर को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेट एफएसएसएआई द्वारा चयनित एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण करवाने को लेकर एसडीओ चतरा द्वारा बताया गया कि जिले में प्रशिक्षण कार्य एवं सर्टिफिकेट वितरण कार्य की जा रही है। इसके अलावे खाद्य सुरक्षा के प्रति आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसई दिनेश मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिंदुवारी गुरुद्वारा मठ में किसान विकास मोर्चा की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** सोमवार को पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद सिंह संयोजक की अध्यक्षता में किसान विकास मोर्चा की बैठक मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के सिंदुवारी गुरुद्वारा मठ में संपन्न हुई। जिसका संचालन मालेश्वर प्रसादसिंह ने किया। बैठक में किसानों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सुखाड़ से राहत के लिए किसानों को उपज के अनुपात में पैकेज की मांग, रियायती दर पर सरकारी दुकान से अनुदानित दर पर खाद बीज की आपूर्ति, कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, फसलों की सुरक्षा के लिए कीटनाशक दवा की उपलब्धता, पैक्स को सुदृढ़ करने की मांग केंद्र और राज्य सरकार से की गई। साथ ही कमिटी के संगठनात्मक विस्तार के लिए प्रत्येक गांव और पंचायत के किसानों की अधिकाधिक



भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पांच पर्यवेक्षकों की टीम घोषित की गई। बैठक में अर्जुन प्रसाद सिंह, सकलदेव सिंह, शिवकुमार सिंह, भोला प्रसाद सिंह, नवल किशोर सिंह, मालेश्वर सिंह खैरा, रामचंद्र सिंह,राजीव रंजन सिंह, बिरजू यादव, सुनील कुमार सिंह, राजकुमार मेहता, जमील अख्तर, कारू मियां, रामरक्षा सिंह, परमानंद सिंह, अर्जुन प्रजापति, लक्ष्मी राणा, मालेश्वर सिंह, रामकुमार सिंह, अजय सिंह, संत सिंह आदि किसान मौजूद थे।

## सीसीएल के मगध कोलियरी में हाईवा ऑनर ने बैठक कर परिचालन कराया ठप



नवीन मेल संवाददाता

**बालुमाथ।** सीसीएल के मगध फुलवारी में हाईवा ओनर एसोसिएशन के बैनर तले सीसीएल नीति के खिलाफ हाईवा परिचालन को ठप कराया। मौके पर हाइवा ऑनरो ने कहा कि मगध संघमित्रा एरिया के डिस्पैच मैंनेजर के द्वारा लोकल गाड़ीयों को चार भाग मे बाटने, जिससे गाडियां का नंबर 5 दिन के बाद लोडिंग मिलेगा। की आदेश पारित करने के विरुद्ध मे लातेहार हाइवा आँनर एशोसिएशन के बैनर तले लगभग 150 आंनर ने फुलबसिया के समीप गाडियो को रोककर घंटों जाम रखा ।जाम की सुचना पाकर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेमनाथ कुमार दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंच कर ऑनरों को समझने बुझाने का कार्य किया। उसके वावजूद भी आनर द्वारा बंदी नहीं हटाया गया। बाद मे परियोजना के पदाधिकारी द्वारा हाईवा आनर एशोसिएशन के पदाधिकारी को मोबाइल पर बात कर आनर एशोसिएशन के लोगों को परियोजना आफिस बुला कर वार्ता किया। जिसमें जीएम के के सिन्हा,परियोजना पदाधिकारी नितेन्द्र नाथ मैनेजर अकरम साहब के बैठक कर समस्या का समाधान के आश्वासन के बाद जाम हटाई गई।

## भास्कर स्वलंबन क्लब की बैठक में सूर्य मंदिर परिसर में छठ पूजा के आयोजन पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर भास्कर स्वलम्बन क्लब की बैठक हुई। साथ ही परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसकी अध्यक्षता त्रिलोकी दांगी व संचालन सुरेन्द्र दांगी ने किया। बैठक उपस्थित सदस्यों ने छठ पूजा धूम धाम से मनाने पर चर्चा करते हुए पूजा संचालन समिति का गठन किया। जिसमे सर्वसम्मति से शिक्षक श्याम सुंदर दांगी व सुरेन्द्र दांगी को संयोजक, शिक्षक अनिल कुमार व राजेश कुशवाहा को निदेशक बनाया गया। जबकि सोनू कुमार उर्फ



प्रभात को समिति का अध्यक्ष, मंटू कुमार को उपाध्यक्ष, बिनोद कुमार को सचिव, जवाहर दांगी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक के उपरांत मंदिर परिसर में आधा दर्जन अशोका का पौधा भास्कर स्वलम्बन क्लब के द्वारा लगाया गया। साथ हीं सदस्यों ने पौधा लगाने के साथ बचाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान बैठक में मुकेश कुमार, कवींद्र दांगी, शिक्षक सुबोध कुमार, विकास कुमार, शशि कुमार दांगी, चरित्र दांगी, प्रकाश दांगी, मनोज दांगी, शुभम कुमार, अरुण कुमार, नीरज कुमार, अभिमन्यु कुमार, संटू कुमार, रणधीर कुमार, प्रभात कुमार आदि शामिल थे।

### मनिका प्रखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की मनी पुण्यतिथि

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्व॰ गौरी प्रसाद जी के प्रतिमा में पुष्प माला अर्पित कर पुण्यतिथि मनाया गया। पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। मौका पर उपस्थित पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, प्रमुख प्रतिमा देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि लव दुबे, विधायक प्रतिनिधि दरोगा प्रसाद यादव, रंजीत प्रसाद साहू, रंजन कुमार साहू, सुजीत कुमार, सागर यादव, आनंद सिंह, श्याम प्रसाद, अजय प्रसाद, मिथिलेश पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ व सीओ ने शिक्षकों व अन्य विभागों के साथ की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह व सीओ जयशंकर पाठक ने शिक्षकों व अन्य विभागों के साथ बैठक की। बैठक में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 12 अक्टूबर से मंझगांवां पंचायत से कार्यक्रम की शुरूवात होगी। जिसमें सभी विभागों का स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूली बच्चों का खाता की बात कही। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक विवेक कुजूर, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक बिनोद पासवान, बीपीओ, पंचायत सचिव व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने की जरूरतः बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड के छिपादोहर हाई स्कूल मैदान में छिपादोहर नव युवक फैंस क्लब द्वारा बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। एक पखवारा तक चलने वाली फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच उकामाड बनाम लातेहार के बीच खेला गया। जिसका उद्धघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल उछाल कर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट फैंस क्लब छिपादोहर द्वारा आयोजित किया गया था वही उद्घाटन मैच में उकामाड की टीम ने 10 से लातेहार को हराकर



टूर्नामेंट का पहला मैच में विजय प्राप्त किया। मौके पर मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है. ऐसे में गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है .उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए पंचायत स्तर पर खेल मैदान बनाने की तैयारी किया है जो जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। विधायक पुत्र यूथ कांग्रेस के नेता विजय बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपे प्रतिभा खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए इस तरह का आयोजन नियमित करने की जरूरत हैं ।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू मुखिया वेरोनिका कुजूर, निजामअंसारी, मिया, नंदकिशोर प्रसाद, आयोजनकर्ता अविनाश कुमार, लक्ष्मण सिंह, उप मुखिया दीपा देवी, पंकज सिंह, अमन गुप्ता उर्फ निखिल गुप्ता समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## सरकारी दुकान मे प्रिंट रेट से ज्यादा दामों में बिक रही हैं अंग्रेजी शराब

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुखायलय के बाजार स्थित आदर्शनगर मोड़ में सरकारी शराब दुकान में अंग्रेजी शराब और बियर के निर्धारित मूल्य से अधिक दाम खुलेआम ग्राहकों से वसूले जा रहे हैं। जिससे प्रतिदिन शराब खरीदारी को लेकर ग्राहक व दुकानदारों में नोकझोंक की शिकायत आम बात हो गई है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के देखरेख व नियंत्रण में बिक्री हो रहे शराब में उत्पाद विभाग के अधिकारी द्वारा सभी शराब दुकानदारों से निर्धारित मूल्य पर ही शराब बिक्री के आदेश दिए गए, लेकिन सरकारी आदेश को दरकिनार करते हुई बरवाडीह मुख्यालय के सरकारी शराब दुकान के शराब बिक्रेता ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की वसूली कर है। जिससे प्रतिदिन शराब दुकान में शराब विक्रेताओं एवं ग्राहकों के बीच नोकझोंक की शिकायत आम है होते जा रही है। जो कभी भी विकराल रूप धारण कर सकता है। ऐसे में समय रहते शराब दुकानदारों द्वारा ग्राहकों से अत्याधिक वसूली पर रोक लगाने की जरूरत है। मजेदार बातें हैं कि सबसे मजे की बात तो यह है कि शराब दुकान में बिक्री किए जाने वाली सभी शराब की निर्धारित घर की पोस्टर दर की सूची प्रकाशित करना है चिपकाना है लेकिन प्रखंड के शराब दुकान में बिक्री किए जाने वाली शराब की सूची ने लगाई गई है इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड के शराब दुकानदार कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। वही मुख्यालय में किसी भी उत्पाद विभाग के अधिकारी के नहीं रहने से उनकी की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

### डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसाइटी की समीक्षा बैठक में बोले उपायुक्त

# छूटे हुए लाभुक का ई-केवाईसी कार्य को पूर्ण करें

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान योजना की समीक्षा करते हुए छूटे हुए लाभुक का इ केवाईसी कार्य को पूर्ण करने, वैसे लाभुक जो अयोग्य हैं उसकी पुष्टि से संबंधित कार्य संबंधित अंचल अधिकारी के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत संचालित कुल सीएससी केंद्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन कि स्थिति की जानकारी लेते हुए 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलने वाले प्रथम चरण एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर 2022 तक चलने वाले द्वितीय चरण आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के



आयोजन को लेकर जिले के सभी बीडीओ एवं ब्लाक स्तर के ऑपरेटरों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। जिससे कैंप में प्राप्त आवेदनों को ससमय ऑनलाइन किया जा सकें और योग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जा सके। ई-जिला प्रबंधक रितेश कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया विद्यालयों के छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनने की योजना में अभी तक कुल 30000 आवेदनों को ऑनलाइन कर दिया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी राजीव रंजन, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत प्रसाद वर्मा, सीएससी मैनेजर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## नवाटोली में सुरक्षाबलों ने लोगों के बीच सामग्री का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के नवाटोली में सुरक्षा बल के जवानों ने जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया। नक्सलियों के गढ़ बूढा पहाड़ से सटा नवाटोली गांव सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन के निर्देश पर दीपावाली, छठ पूजा और बदलते मौसम को देखते हुए नवाटोली में जरूरतमंद लोगों जरुरत का सामान दिया गया। बच्चों, बुजूर्गों और महिलाओं को कंबल, धोती, लुंगी, गमछा, साड़ी, पेटीकोट, बलाउज, चप्पल, टी शर्ट, कॉपी, स्लेट, पेन्सिल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलर पेंसिल, पठन पाठन की सामग्री वितरित की गई।



पुलिस अधीक्षक के इस पहल पर सभी ग्रामीण बूढ़े बुजुर्ग महिला और बच्चों काफी खुश नजर आए और उन्होंने एसपी साहब को धन्यवाद दिया।

मौके पर थाना प्रभारी जमिल अंसारी, एसआई लालचंद बेदिया, रंजित कुमार यादव, नवाटोली सीआरपीएफ के सहायक समादेष्टा, सुमित यादव, मो जफर अंसारी, सैट 02 पुलिस पदाधिकारी व जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### विद्यालय का ताला तोड़कर स्मार्ट क्लास के लिए लगाये गये एलईडी टीवी हुई चोरी



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के कुटमाकच्छार राजकीयकृत मध्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास हेतु लगाए गए 55 इंच के स्मार्ट टीवी को बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़कर चोरी कर ली गई। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी स्थानीय लोग तथा विद्यालय के शिक्षकों को हुई जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई इधर जानकारी मिलने के बाद इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही बताया है और कहा है कि इस दरवाजे को तोड़कर चोरी हुई है उस पर ग्रील लगवाने के लिए विद्यालय में ग्रील लेकर रखा हुआ है लेकिन अभी तक नहीं लगाया गया इसके अलावा महंगाई स्मार्ट टीवी रहने वाले रूम में लोकल ताला लगाया गया था ऐसे में चोरों के द्वारा सेंधमारी करते हुए तोड़कर उसे चोरी कर ली गई। इधर मामले को पुलिस छानबीन में जुट गई है वही इस मामले में मामला दर्ज नहीं हो सका था। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज की जाएगी।

### सैकड़ों मीटर ऊंची सूंगारी पहाड़ की चोटी पर जतरा आयोजित

**कैरो/लोहरदगा।** जिला के कैरो प्रखंड में स्थित विशाल सूंगारी पहाड़ में आयोजित किया गया जतरा। यह जतरा इसलिए मशहूर है क्योंकि यहां जतरा सैकड़ों मीटर की ऊंचाई पर पहाड़ की चोटी पर आयोजित किया जाता है। कैरो प्रखंड के सढाबे गांव में यह पहाड़ है जिसे सुंगारी पहाड़ के नाम से जाना जाता है जो लोहरदगा से महज 20 किलोमीटर दूर है। गांव में प्रत्येक वर्ष इसी तरह जतरा का आयोजन पहाड़ की चोटी पर किया जाता है। जहां हजारों लोग दूर-दूर से पहाड़ में जतरा देखने के लिए आते हैं। इस दौरान आदिवासी समाज के लोग मांदर की थाप पर थिरकते दिखे। इस जतरा का आनन्द उठाने के लिए अगल बगल के हजारों लोग आते है। बताया गया की जतरा आदिवासी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन से सामाजिक समरसता व प्रेम बढ़ता है। जतरा के आयोजन में गांव से युवक युवतियां का एक जगह जुटान होता है। इस मौके पर किशोर भगत, लखन उरांव, राजेंद्र महतो, मनोज यादव, बुधवा उरांव, फुलकुमार भगत, धनेश्वर साहू, विनोद साहू, लखी उरांव, मंगरा उरांव, जगन्नाथ उरांव, धिरजू उरांव, सुनील उरांव इत्यादि सढाबे डूमर टोली गांव के नौजवान समाज सेवी उपस्थित थे।

### बकाया मानदेय की समस्या को लेकर जलसहिया संघ की बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में सोमवार को सिमडेगा जिला जलसहिया संघ की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष रेशमा परवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि सिमडेगा जिले में पेयजल विभाग अंतर्गत संचालित सभी प्रकार की योजना, धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रत्येक दिन हम जलसहिया अपने अपने क्षेत्र में कार्य कर रही है। लेकिन सरकार की ओर से हमपर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है विगत 3 वर्षों से मानदेय भी नहीं मिली है और मानदेय अगर मिल भी रही है तो 1 वर्षों में महज तीन महीना का जिससे कि परिवार चलाना काफी मुश्किल है। सभी सहियाओं ने एक स्वर में कहा सरकार शोषण कर रही है और इस शोषण के खिलाफ सभी लोगों को संगठित होकर आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि अगर हमारा मानदेय नहीं मिला तो आगे चल कर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष रेशमा परवीन, सचिव सुमन ढिढियो, कोषाध्यक्ष द्रोपदी देवी इसके अलावा अलका, कुंती, संगीता, सुनीता, सुमन, कुमुदनी, हेमलता,सुलामी, प्रतिमा सहित सभी प्रखंडों से आए हुए जलसहिया उपस्थित रहे।

### कुआं में नहाने के दौरान गिरने से 16 वर्षीय किशोरी की हुई मौत

**सिमडेगा।** रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत गैलेसेरा बड़का टोली गांव में रविवार की शाम कुआं नहाने गई 16 वर्षीय किशोरी की पैर फिसलने से डूब कर मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल रेंगारिह पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रहकर शव को बाहर निकाला एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया घटना के संबंध में थाना प्रभारी मनोज मरांडी ने बताया कि बड़का टोली निवासी दीपिका मिंज अपने ही घर के पास के कुएं में नहाने गई थी और पैर फिसलने से वह कुएं पर गिरी और माथे में चोट लगने से बेहोश हो गई। आसपास मदद नहीं मिलने पर उसकी वहीं मौत हो गयी इधर शव का पोस्टमार्टम कराते हुए यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो दीपिका रेंगारिह स्थित इंटर कॉलेज फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। इधर इसकी जानकारी कॉलेज प्रबंधन को भी दी गयी जिसके बाद उसके मौत पर शोक जताया है।

### लट्ठाखम्हन में नवयुवक संघ ने किया हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के लट्ठाखम्हन मैदान में नवयुवक संघ हॉकी चैंपियनशिप पुरुष 2022 का शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए। साथ ही विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, इस्साक डुंगडुंग, प्रिंस कुमार मौजूद रहे मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस करा कर किया गया, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा यह टूर्नामेंट एक ऐतिहासिक टूर्नामेंट है जिसमें मुझे उपस्थित होने का सुनहरा अवसर मिला उसके लिए कमेटी को धन्यवाद, साथ ही खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें एवं खेल के माध्यम से भी खिलाड़ी अपना करियर बना सकते हैं। अनुशासन में रहें और अनुशासन में रहने से आगे अपने जीवन में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी में जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है एवं आगे भी इसी तरह के आयोजन इस जगह में होना चाहिए जिसके लिए हर संभव सहायता देने की बातें कही। साथ ही प्रमुख ने कहा यदि सिमडेगा जिला हॉकी का नर्सरी है तो उसमें इस लट्ठाखम्हन मैदान का बहुत बड़ा योगदान है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही पहला मुकाबला में आसनबेड़ा ने बरबेड़ा को 4-3 से पराजित किया, इस नवयुवक संघ हॉकी चैंपियनशिप पुरुष 2022 को सफल बनाने में अध्यक्ष मनोज कुमार कोनबेगी, सचिव एल्सन कीड़ो, संरक्षक मुकुट डुंग डुंग, होलीन बा:, हिरामन सोरेंग, बसंत बा: लोतेम कीड़ो,अनूप केरकेट्टा, सुनील लुगुन दयाल एवं दयाल कीड़ो आदि कमेटी के सदस्यों का योगदान रहा।

# जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर क्राइम को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस द्वारा लगातार जिले में अलग-अलग प्रकार के प्रयास किए जाते हैं ताकि लोगों के अंदर जागरूकता और लोग जागरूक होकर समाज में फैल रहे अपराधों को पूरी तरह से अंकुश लगा सके। सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार के पहल पर सोमवार को सिमडेगा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र से संबंधित स्कूलों में स्कूली बच्चों की मदद से साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है रैली के द्वारा चौक चौराहे विभिन्न गली आदि जगहों पर भ्रमण करते हुए लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तख्ती लेकर हम





सब ने ठाना है साइबर क्राइम को जड़ से मिटाना है आदि स्लोगन के साथ लोगों के बीच जागरूक किया गया। वहीं सभी थाना प्रभारियों ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध या धोखा घड़ी होती है तो 1930 या हंड्रेड नंबर डायल कर कॉल करें।

उन्होने बताया कि बैंक जाते समय किसी भी अंजान व्यक्ति को बैंक डीटेल नहीं दें ।फर्जी कॉल आने पर पुलिस को सुचना दें एटीएम से पैसा निकासी के समय किसी भी अंजान व्यक्ति के सामने पिन कोड नही डालें चुंकि एक बार पिन कोड पता चलने पर साइबर अपराधी आपको बातों में उलझाकर आपके एटीएम कार्ड को चालाकी से बदल देते हैं जिसका पता आपको बैंक से पैसा कटने के बाद ही चलता है। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपना मोवाइल नहीं दें, किसी भी व्यक्ति परिचित या अपरिचित को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक डीटेल नहीं दें इससे आपके बैंक में रखे सारा पैसा उड़ाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति से ओटीपी नम्बर साझा नहीं करें आपका खाता बन्द हो गया है इस तरह के फर्जी कॉलर को अपने खाता या एटीएम से संबंधित जानकारी नहीं दें ऐसा करने पर आपका खाता खाली हो सकता है। साथ ही बताया गया कि आकर्षक उपहार कौन बनेगा करोड़पति जैसे अलग-अलग प्रकार के एवं बिजली बिल भुगतान से संबंधित सभी प्रकार के साइबर ठगों के द्वारा उलझा कर लोगों को ठगने का प्रयास किया जाता है और कई जगहों पर सफल हो जाते हैं ऐसे में लोगों को जागरूक होते हुए इन सभी चीजों को नजरअंदाज कर इन सब चीजें पर लोगों को भी जागरूक करना है ताकि समाज में साइबर ठगी को रोका जा सके।

एसपी सिमडेगा ने बताया जागरूकता अभियान का उद्देश्य में बढ़ रही साइबर क्राइम की वारदातों पर अंकुश लगाना है ऐसे में स्वयं भी जागरूक हों और अपने परिचितों व परिजनों को भी जागरूक करें। इधर जागरूकता रैली के पश्चात लोगों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाकर साइबर क्राइम के प्रति सजग नागरिक बनने की अपील की वहीं दूसरी ओर शपथ दिलाते हुए सभी लोगों को समाज में फैले इस बुराई से डटकर मुकाबला करने के लिए भी प्रेरित किया गया। सिमडेगा मुख्यालय में इंस्पेक्टर दया नंद कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ इसके अलावा केरसई कुरडेग कोलेबिरा जलडेगा बानो ठेठईटांगर बांसजोर पाकरटांड, बोलबा में थाना प्रभारियों की मौजूदगी में साइबरक्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी सहित सामाजिक लोग उपस्थित रहे और उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हिट एंड रन मामलों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# बचे लाभुकों को जल्द मुआवजा भुगतान का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। सड़क दुर्घटना के हिट एंड रन मामले में दिए जा रहे मुआवजे के संबंध में समीक्षा की गई। बचे पीड़ितों को जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। बिना हेलमेट एवं सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन नहीं करते पाए जाने पर, नियमानुसार वाहन चालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वाहन चलाते



वक्त हेलमेट का वाहन चालक अनिर्वाय रूप से अनुपालन करें, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर साईनेज लगाने की बात कही। एन.एच. 143 सड़क पर कार्ययोजना के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने चार्जसीट फाईल करने की दिशा में पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ हीं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए.बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय, जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश, एनएच अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित थें।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मीडियाकर्मियों के साथ बैठक किया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम भंडरा प्रखंड में निम्न तिथि है जिसमें भीठा पंचायत 12 अक्टूबर, गडरपो पंचायत 14 अक्टूबर , भंडरा पंचायत 17 अक्टूबर, उदरंगी पंचायत 19 अक्टूबर, भौंरो पंचायत 03 नवम्बर, जमगाई पंचायत 07 नवम्बर, आकाशी पंचायत 09 नवम्बर, बड़ागाई 11 नवम्बर एवं मसमानो पंचायत 14 नवम्बर को किया गया है। बैठक में बीडीओ ने सभी से अपील करते हुए कहा आसपास के लोगों को जानकारी दे इसका प्रचार प्रसार ग्रामीणों तक पहुंचने का प्रयास करने की अपील किया। बीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगया जाएगा स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का जानकारी दिया जायेगा। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, उपाध्यक्ष जुगल भगत आदि उस्थित थे।

## बालक-बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता का आयोजन 14 से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अंडर 11 एवं अंडर 13 बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता 2022 का आयोजन स्थानीय एमएलए कॉलेज लोहरदगा में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किया जाएगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आयोजित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्य दायित्व का बंटवारा किया गया। चयन प्रतियोगिता के सभी खेल एम एल ए कॉलेज के कोर्ट में ही आयोजित की जाएगी और सभी खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था जिला परिषद के डाक बंगला में की जाएगी। खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था शिव कुमार भगत, गणेश पांडेय, उत्तम शर्मा, सतीश चंद्र उरांव, निबंधन व्यवस्था नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, पुरस्कार व्यवस्था राकेश शर्मा, मुरारी गोस्वामी, नसीम अख्तर, छपाई व्यवस्था राहुल कुमार, अरुण राम, स्टेशनरी व्यवस्था नसीम अख्तर, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, निमंत्रण वितरण प्रभारी प्रवीण कुमार पटेल, किशोर कुमार वर्मा, राहुल साहू, अखिलएलेक्स कुजूर, फील्ड व्यवस्था मलय दत्ता, रंजीत साहू, राकेश शर्मा, दिनेश पांडेय, विनोद उरांव, दुबराज यादव, नीरज खत्री, खेल स्थल में चाय बिस्कुट पानी व्यवस्था रंजीत साहू, राहुल साहू, अखिल एलेक्स कुजूर, पर्दा व्यवस्था गुलाम मुतुर्जा को जिम्मेवारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि लोहरदगा जिला में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना निसंदेह लोहरदगा के खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही बड़ा अवसर है। लोगों में खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा, इसका लाभ लेकर हमें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा की पहले भी लोहरदगा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन काफी प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है, इस बार और भी भव्य तरीके से इसका आयोजन की व्यवस्था की गई है। यह आयोजन भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं लोहरदगा के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न जिलों से भाग लेने हेतु नाम की सूची प्राप्त हो रहा है। राज्य कमेटी सहित सभी का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# सेवानिवृत्त सैनिक डॉ. टी साहू ने किया स्वयं मुहल्ले की सफाई, कहा अपने आसपास साफ-सफाई का रखें खुद ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** देश व जिले में पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। स्वच्छता ही सेवा महाभियान के तहत एक ओर जिला प्रशासन एवं नगरपालिका अपना काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को शहर के सेवानिवृत्त सैनिक सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने बसारबाड़ी एवं आरएसएस कार्यालय के समीप अभियान चलाकर स्वयं ही सड़क किनारे फैली गंदगी एवं झाड़ी की कटाई करते हुए नाली की साफ सफाई की। मौके पर स्वयंसेवक संघ सदस्यों ने बताया हम लोग निःस्वार्थ भाव से प्रतिदिन सेवा करते हैं लेकिन



फिलहाल आसपास में अधिक कचड़ा जमा हो गया है। जिसे डॉ साहू ने आज विशेष साफ सफाई का बीड़ा उठाने का कार्य किया है। हम सभी उनका आभार प्रकट करते है। उन्होंने कहा डॉ साहब खुद स्वयंसेवक हैं और वे सदैव सामाजिक कार्यो मे संलिप्त रहते है। वहीं डॉ साहू ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा अपने आसपास खुद भी साफ सफाई करे नगरपालिका का सहयोग करे। उन्होंने कहा साफ स्वच्छ रहने से बीमारी भी आपसे कोसो दूर रहेगा और आप स्वस्थ रहेंगे। बताते चलें कि बसारबाड़ी एनएच एवं अग्रसेन पथ से जुड़ा हुआ एवं बीच मे है। इस कलोनी के लिये नगरपालिका द्वारा लाखों की खर्च से सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है। लेकिन झाड़ी एवं गन्दगी के कारण लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रही है। वही कुछ स्थानीय लोगों ने अपने अपने घर के दरवाजे के सामने ऊंची ऊची सीढी बना कर सड़क को संकीर्ण बना दिये है। ऐसे स्वार्थी तबके के लोगों पर नगरपालिका को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## हिंडालको, बालाजी एसोसिएट, इंटक मजदूर संगठन के साथ अखिल झारखंड श्रमिक संघ ने की बैठक



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता के अध्यक्षता में हिंडालको कंपनी के प्रतिनिधि, बालाजी एसोसिएट के प्रतिनिधि एवं इंटक मजदूर संगठन के साथ अखिल झारखंड श्रमिक संघ (आजसू पार्टी) की एक अहम बैठक रखी गई। लगभग 2 माह से बंद पड़े पाखर माइंस को चालू कराने को लेकर आपसी सहमति बनाई गई। जिसमें तत्काल इंटक एवं अखिल झारखंड श्रमिक संघ के 25/25 मजदूरों को रखकर कार्य शुरू करने को लेकर आपसी सहमति बनी। बाकी बचे अखिल झारखंड श्रमिक संघ के 15 मजदूरों को जनवरी में 5 फरवरी में 5 एवं मार्च में 5 मजदूरों का बहाली कर दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव,आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, हिंडालको एचआर हेड सुधीर चौधरी, थाना प्रभारी किसको सनी कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज,हिंडालको के मनोज पांडे,अथर्वा सावंत,बालाजी के प्रतिनिधि एम के श्रीवास्तव, आजसु के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, अरविंद यादव ,अखिल झारखंड श्रमिक संघ पाखर के अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया, इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष सोहराब अंसारी, विजय कुमार सहित सैकड़ों पाखर के मजदूर उपस्थित थे।

### तीन बच्चों की मां के साथ 19 वर्षीय संजीत नायक ने किया दुष्कर्म

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली तीन बच्चे की मां के साथ गोरियाडीह निवासी 19 वर्षीय संजीत नायक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह खेत मे काम कर रही थी। इसी बीच संजीत आया और उसका मुंह दबा कर उसके साथ मुंह काला किया। घटना शनिवार मध्याह्न करीब 12 बजे की है। घटना के बाद पीड़िता एवं उनका पति एवं गॉव वाले आरोपी को खोजबीन में लग गए चुकि पीड़िता के अनुसार आरोपी का चेहरा उसे अच्छी तरह याद था। शनिवार को जब कुछ पता नही चला रविवार को पुनः आरोपी को पीड़िता के पति एवं गांव वाले ने मिलकर खोजबीन में लोग निकले और इसी क्रम में संजीत गोरियाडीह में दिखा लेकिन वह भागकर अपने घर मे छिप गया, दौड़ाते हुवे लोग उसके पीछे पीछे पहुंचे तब तक संजीत की मां अंदर से दरवाजा बंद कर ली थी। जब लोग दरवाजा पीटने लगे तब कुछ देर में संजीत की मां दरवाजा खोली लेकिन इसके पूर्व वह कही बेटे को मार न दें इस डर से वह अपने बेटे को पिछले दरवाजे से भगा दी थी। जैसे ही पता चला कि संजीत भाग गया है लोग करीब दो घंटे तक उसे ढूंढे लेकिन संजीत का कोई पता नही चल पाया इधर घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी घटना स्थल पहुच ग्रामीणों के साथ घंटों आरोपी की खोज बिन की लेकिन वह पुलिस के हत्थे नही चढ़ा। पुलिस पीड़िता का मेडिकल जांच कराते हुवे कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि जल्द ही आरोपी संजीत को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संजीत पूर्व में भी महुवाडांड़ के एक कांड में जेल जा चुका है।

# संस्कृत व्याकरण के प्रकांड विद्वान पंडित सीताराम शास्त्री का निधन

**क्षेत्र में शोक की लहर, वाराणसी में किया जायेगा अंतिम संस्कार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के माराडीह गांव निवासी 98 वर्षीय पंडित सीताराम शास्त्री का उनके आवास यशोदा भवन में रविवार व सोमवार की मध्य रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी है। वे अपने पीछे दो बेटा, तीन बेटी व नाती-पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। संस्कृत व्याकरण के प्रकांड विद्वान, ज्योतिष के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त और माराडीह हाई स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित सीताराम शास्त्री का बिहार के गया जिला अंतर्गत चाकन्द गढ़ में स्व महावीर मिश्र तथा शिवकुमारी देवी के घर में 10 सितंबर 1925 को जन्म हुआ था। ये भी एक संयोग ही है कि 10 सितंबर को दुनिया मे आये पंडित जी 10 अक्टूबर को विदा कर गए। लोहरदगा जैसे आदिवासि बहुल जिले में संस्कृत भाषा को स्थापित करने में भी इनका अहम योगदान रहा है। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र



में शोक में डूब गया है। उल्लेखनीय है कि बचपन से ही इन्हें संस्कृत भाषा से इनका आत्मीय लगाव रहा जिसका प्रमाण था कि जिस उम्र में आम बच्चों को शुद्ध हिंदी का भी ज्ञान नहीं होता है, उस उम्र में फरार्टे से संस्कृत बोलने लगे थे। अतः प्राम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद बीएचयू बनारस में दाखला ले लिया जहां 12 वर्षों तक पढ़ाई कर वहीं से आचार्य की डिग्री प्राप्त की। साथ ही तांत्रिक शिरोमणि पंडित और पंडित उमाशंकर पाण्डेय के सानिध्य ज्योतिष, कर्मकांड और तन्त्र मन्त्र की भी शिक्षा प्राप्त कर बनारस से लौटे और 2 अगस्त 1954 में महात्मा गांधी हाई स्कुल मरांडी में बतौर शिक्षक प्रतिनियुक्त हुए। इसके बाद भी इनका सीखने का जज्बा कायम रहा और वर्ष 1963 में दरभंगा के कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्व विधालय से नविनाचार्य की डिग्री प्राप्त की। इस दौरान और लाल बहादुर शास्त्री विद्यापीठ दिल्ली में स्कन्द पुराण पर शोध किया। और लगातार 40 वर्षों तक शिक्षा देने के बाद वर्ष 1994 में शिक्षक के पद से सेवानिवृत हो गए थे।

**झारखंड में बड़े-बड़े यज्ञ का शुभारम्भ करने का श्रेय भी सीतराम पंडित को था :** शास्त्री जी ने रांची के सोंस में अपने गुरु भाई रहे शिवचैतन्य ब्रम्हचारी और सदानंद सरस्वती जी के साथ मिलाकर पहला यज्ञ करवाया जिसके बाद से लोहरदगा और झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़े बड़े यज्ञ करवाये जिसमे धर्मसम्राट स्वामी करपात्री, जगत गुरु शंकराचार्य, शास्त्रार्थ महारथी माधवाचार्य, अखिलानन्द सरस्वती और प्रभावती कुमारी राधे जैसी कई पड़ी हस्तियों ने शिरकत की।

**ज्योतिष ज्ञान में भी इनका नहीं है कोई जवाब :** इसकी शिक्षा इन्होंने बनारस में रहते हुए धर्मसम्राट स्वामी क्रपात्री जी से ली। आज मानसागरी ग्रंथ और वर्तमान में ज्योतिष शास्त्र के प्रधान ग्रन्थ भारतीय ज्योतिष के आधार पर कुंडली में जातको की अवस्था, पूणार्यु, कष्ट वर्ष और मास, लड़कियों की शादी के लिए दिशा और वर्ष सहित कई जानकारियां देते थे, और कष्टों का निवारण भी बताते थे।

**जीवन के अंतिम समय तक मोपेड चलाते थे सिताराम शास्त्री :** उम्र के अंतिम पड़ाव में भी अपना सारा काम स्वयं करते रहे। अपनी मोपेड में बैठकर से बाजार करना क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमो में शामिल होना बदस्तूर जारी रहा। प्रतिदिन एक घन्टा योग्यभाष को ही अपने स्वास्थ का राज मानते थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# शराब की दुकानों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सभी शराब की दुकानों में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रखते हुए औचक छापामारी करने का निर्देश दिया। सभी लाइसेंसी शराब की बिक्री की जांच करने की बात कही। उन्होंने शराब की दुकानों में कर्मियों को ड्रेस कोड में रहने, दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने, तथा रेट चार्ट लगाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, अधीक्षक उत्पाद उपस्थित थे।

### जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सीता पुष्पा ने सौंपा प्रभार

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी गुमला सीता पुष्पा ने नव पदस्थापित कार्यपाल पदाधिकारी, नगर परिषद्, गुमला संजय कुमार को कार्यभार सौंपा। विदित हो कि उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के आदेश ज्ञापंक 1164(ii)/स्था0 दिनांक 08.10.2022 के अनुपालन में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् संजय कुमार ने सोमवार को जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, गुमला का प्रभार ग्रहण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, वतार्मान जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी गुमला, संजय कुमार के साथ सहायक जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी एलिना दास, जनसम्पर्क कार्यालय के प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, रामलखन कुमार, दिवाकर साहू, मोहम्मद फिरोज, मंगनी देवी व अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## जिला प्रशासन, पलामू।
## (जिला जनसम्पर्क कार्यालय)

### आम सूचना

**"आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार"**

सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में " आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम शिविर का आयोजन ग्राम पंचायतों कें पंचायत भवनों में दिनांक 12–22 अक्टूबर 2022 (प्रथम चरण) एवं 01–14 नवम्बर 2022 (द्वितीय चरण) तक दो चरणों में आयोजित किया जाना हैं। प्रथम चरण अन्तर्गत कार्यकमों की विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | दिनांक | क्रमांक | पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | मोहम्मदगंज समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | पंशा |
| | | 15-10-2022 | 2 | रामबांध |
| | | 18-10-2022 | 3 | लटपौरी |
| | | 22-10-2022 | 4 | कोल्हुआ सोनबरसा |
| 2 | हैदरनगर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | परता |
| | | 14-10-2022 | 2 | खरगड़ा |
| | | 16-10-2022 | 3 | चौकड़ी |
| | | 18-10-2022 | 4 | हैदरनगर (पूर्वी) |
| | | 20-10-2022 | 5 | हैदरनगर (पश्चिम) |
| | | 22-10-2022 | 6 | बमन्डीह |
| 3 | हुसैनाबाद समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | देवरी खुर्द |
| | | 13-10-2022 | 2 | देवरी कला |
| | | 14-10-2022 | 3 | बड़ेपुर |
| | | 15-10-2022 | 4 | बनीयाडीह (बराही) |
| | | 17-10-2022 | 5 | दंगवार |
| | | 18-10-2022 | 6 | बेलविगहा |
| | | 19-10-2022 | 7 | लोटनीया |
| | | 20-10-2022 | 8 | महुअरी |
| | | 21-10-2022 | 9 | दरूआबेनी |
| | | 22-10-2022 | 10 | उपरीकला |
| 4 | पिपरा समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सरैया |
| | | 15-10-2022 | 2 | तेन्दुई |
| | | 20-10-2022 | 3 | मधुबाना |
| 5 | हरिहरगंज समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | कुलहिया |
| | | 15-10-2022 | 2 | सेमरवार |
| | | 18-10-2022 | 3 | कटैया |
| | | 22-10-2022 | 4 | तुरी |
| 6 | नौडिहा बाजार समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | लक्ष्मीपुर |
| | | 14-10-2022 | 2 | विषुणपुर |
| | | 16-10-2022 | 3 | नावाटांड़ |
| | | 18-10-2022 | 4 | चेराई–2 |
| | | 20-10-2022 | 5 | नामुदाग |
| | | 22-10-2022 | 6 | तरीडीह |
| 7 | छत्तरपुर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सुशीगंज |
| | | 13-10-2022 | 2 | काला पहाड़ |
| | | 14-10-2022 | 3 | पीण्डराही |
| | | 15-10-2022 | 4 | कवल |
| | | 17-10-2022 | 5 | खोढ़ी |
| | | 18-10-2022 | 6 | रूदवा |
| | | 19-10-2022 | 7 | नौडीहा |
| | | 20-10-2022 | 8 | कचनपुर |
| | | 21-10-2022 | 9 | दीनादाग |
| | | 22-10-2022 | 10 | कउवल |
| 8 | पाण्डू समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | तिसीबारकला |
| | | 14-10-2022 | 2 | डालाकला |
| | | 17-10-2022 | 3 | फुलिया |
| | | 19-10-2022 | 4 | कुटमू |
| | | 22-10-2022 | 5 | पाण्डु |
| 9 | उँटारी रोड समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | लुम्बा सतबहिनी |
| | | 14-10-2022 | 2 | लहरबंजारी |
| | | 17-10-2022 | 3 | मुरमाकला |
| | | 19-10-2022 | 4 | मुरमाखुर्द |
| 10 | विश्रामपुर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सिगसिगी |
| | | 14-10-2022 | 2 | बघमनवा |
| | | 17-10-2022 | 3 | घासीदाग |
| | | 19-10-2022 | 4 | केतात कला |
| | | 22-10-2022 | 5 | गुरहा कला |
| 11 | नावाबाजार समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सोहदागखुर्द |
| | | 15-10-2022 | 2 | कुम्मीकला |
| | | 18-10-2022 | 3 | बसना |
| | | 22-10-2022 | 4 | रजहारा |
| 12 | पण्डवा समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | छेछौरी |
| | | 15-10-2022 | 2 | मझिगांव |
| | | 18-10-2022 | 3 | पतरा |
| | | 22-10-2022 | 4 | मुरमा |
| 13 | चैनपुर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | रबदा |
| | | 13-10-2022 | 2 | खुराकला |
| | | 14-10-2022 | 3 | करसो |
| | | 15-10-2022 | 4 | बोड़ी |
| | | 16-10-2022 | 5 | सलतुआ |
| | | 17-10-2022 | 6 | बुढ़ीबीर |
| | | 18-10-2022 | 7 | ओड़नार |
| | | 19-10-2022 | 8 | बांसडीह |
| | | 20-10-2022 | 9 | बरौंव |
| | | 21-10-2022 | 10 | नरसिंहपुर पथरा |
| | | 22-10-2022 | 11 | कोशियारा |
| 14 | रामगढ़ समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | बेड़मा बमन्डी |
| | | 14-10-2022 | 2 | रामगढ़ |
| | | 17-10-2022 | 3 | नावाडीह |
| | | 19-10-2022 | 4 | चोरहट |
| 15 | सदर मेदिनीनगर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | जोड़ |
| | | 14-10-2022 | 2 | रजवाडीह |
| | | 17-10-2022 | 3 | जमुने |
| | | 19-10-2022 | 4 | चियांकी |
| | | 22-10-2022 | 5 | सुआ |
| 16 | पाटन समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | केलहार |
| | | 13-10-2022 | 2 | सेमरी |
| | | 14-10-2022 | 3 | सतौआ |
| | | 15-10-2022 | 4 | सगुना |
| | | 17-10-2022 | 5 | उताकी |
| | | 18-10-2022 | 6 | पाल्हेकला |
| | | 19-10-2022 | 7 | नौडीहा |
| | | 20-10-2022 | 8 | हिसरा बरवाडीह |
| | | 21-10-2022 | 9 | मेराल |
| | | 22-10-2022 | 10 | कांकेकला |
| 17 | मनातू समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | रंगेया |
| | | 14-10-2022 | 2 | चक |
| | | 17-10-2022 | 3 | मंझौली–1 |
| | | 19-10-2022 | 4 | नवडीहा |
| 18 | तरहसी समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सेलारी |
| | | 14-10-2022 | 2 | टरिया |
| | | 17-10-2022 | 3 | अरका |
| | | 19-10-2022 | 4 | उदयपुरा–1 |
| | | 20-10-2022 | 5 | तरहसी |
| | | 21-10-2022 | 6 | गुरहा |
| | | 22-10-2022 | 7 | मंझौली–2 |
| 19 | नीलाम्बर– पीताम्बरपुर समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | जूरू |
| | | 13-10-2022 | 2 | पुरनाडीह |
| | | 14-10-2022 | 3 | हरतुआ |
| | | 15-10-2022 | 4 | दारूडीह |
| | | 17-10-2022 | 5 | कोटखास |
| | | 18-10-2022 | 6 | लेस्लीगंज |
| | | 19-10-2022 | 7 | कुराइन पतरा |
| | | 20-10-2022 | 8 | सांगवार |
| 20 | सतबरवा समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | बारी |
| | | 14-10-2022 | 2 | पोंची |
| | | 17-10-2022 | 3 | वोहिता |
| | | 19-10-2022 | 4 | रेवारातू |
| | | 22-10-2022 | 5 | धावाडीह |
| 21 | पांकी समय– पूर्वाहन 10:00 बजे से | 12/10/2022 | 1 | सगालिम |
| | | 13-10-2022 | 2 | आसेहार |
| | | 14-10-2022 | 3 | हुरलौंग |
| | | 15-10-2022 | 4 | सुड़ी |
| | | 16-10-2022 | 5 | पकरिया |
| | | 17-10-2022 | 6 | तेतराई |
| | | 18-10-2022 | 7 | कोनवाई |
| | | 19-10-2022 | 8 | होटाई |
| | | 20-10-2022 | 9 | रतनपुर |
| | | 21-10-2022 | 10 | सकलदीपा |
| | | 22-10-2022 | 11 | माड़न |

कृपया अपने निकटतम पंचायत शिविर में निर्धारित तिथि को आकर सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

PR 279553 IPRD(22-23)#D

उपायुक्त, पलामू

# हिंदुजा रिन्यूएबल्स की विवादित भूमि पर सौर संयंत्र लगाने की याचिका रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने हिंदुजा रिन्यूएबल्स टू प्राइवेट लिमिटेड की राज्य में एक विवादित भूमि पर 146 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सौर संयंत्र लगाने की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति सी एम पूनाचा की पीठ ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें मुंबई की कंपनी को स्थायी ढांचा नहीं बनाने का निर्देश दिया गया था। निचली अदालत ने परिवार के सदस्यों के बीच लबित संपत्ति विवाद को ध्यान में रखकर यह आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने हाल में अपने निर्णय में कहा कि ह्यअपीलकर्ता/कंपनी का आचरण पूरी तरह से दोषमुक्त नहीं है। न्यायालय ने यह भी देखा कि कंपनी ने निचली अदालत के आदेशों के बाद बैनामा पर आगे बढ़ रही है।

## कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

### प्रेस विज्ञप्ति

उप–विकास आयुक्त के आदेशानुसार चतरा जिले में संविदा आधारित पद पर ANM, Staff Nurse, District PROMIS Operator Cum Store Keeper, Pharmacist, ARSH Counselor, ANM(RBSK), Pharmacist(RBSK), ANM(MTC), Nutritional Counselors, Staff Nurse(New-born sick Unit),Staff Nurse(UPHC), Medical Officer( Part Time NUHM), VBDTS Malaria , Finance & Logistic Assistant ( NVBDCP), MO DTC ( RNTCP), Staff Nurse ( SNCU Sadar Hospital) के नियुक्ति विज्ञापन सं0 02 / 2022 दिनांक 30 / 06 / 2022 हेतु प्राप्त आवेदनों के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 16 अक्टुबर 2022 को आयोजित लिखित परीक्षा हेतु वेबसाईट www.chatra.nic.in पर प्रकाशित कराई गयी है।

**अभ्यर्थियों के लिये अति आवश्यक निर्देश :–**

| | |
|---|---|
| 1. परीक्षा सभी पदो के लिये आयोजित होगी | 2. परीक्षा स्थल–चतरा कॉलेज चतरा, होगा। |
| 3. परीक्षा की तिथि 16 अक्टूबर, 2022 दिन–रविवार । | 4. परीक्षा का समय– पूर्वाहन् 10:00 बजे। |
| 5. अभ्यर्थी परीक्षा के दिन समय के 2 घंटे पूर्व उपस्थित होंगे। | 6. अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र वेबसाईट www.chatra.nic.in से Download कर सकते है। |
| 7. अभ्यर्थी अपने साथ एक मूल पहचान पत्र एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लाना सुनिश्चित करेंगे। | 8. परीक्षा में उपस्थित हेतु अभ्यर्थी अपने साथ पानी बोतल, सैनेटाईजर, मास्क एवं ग्लाब्स लाना सुनिश्चित करेंगे। |
| 9. अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु किसी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | 10. विलम्ब / देर से आने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 11. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा अयोग्य घोषित किये जाएंगे। | |

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 279505 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**(अधिनियम की धारा–21(2) या 21(4) के अधीन)**

परियोजना का नाम :– **" राँची रिंग रोड (अतिरिक्त) निर्माण परियोजना "**

भू–अर्जन वाद संख्या :– 41 / 2021–22

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि **कमोवेश रकबा–3.1355** एकड़ भूमि जो मौजा–चतरा (शीट नं0–01 एवं 02), थाना–अनगड़ा, थाना संख्या–31, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है, उस **राँची रिंग रोड (अतिरिक्त) निर्माण परियोजना कार्य** प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30 / 2013 के अधीन **अधिसूचना दिनांक–24 / 03 / 2022** के तहत् अधिग्रहीत किया जाना है। इस जमीन में इच्छुक / हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वयं अथवा प्रतिनिधि / अधिवक्ता के माध्यम् से **दिनांक–16 / 10 / 2022** को **कार्यालय–जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची में समय पूर्वाह्न 11:30** पर उपस्थित होकर अपने दावा का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी आपत्ति / दावा प्रस्तुत करेंगे।

अधिग्रहीत भूमि का विवरण :–

**मौजा–चतरा (शीट नं0–01 एवं 02)**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18 | 431 | टांड़ III | 0.12 | अकला महली, पिता–सिसुवा महली, चोवा महली, पिता–मुखला महली, टुकवा महली, सिसुवा महली, मंगला, पिता–मुखला महली महावीर महली, पिता–श्री हरिया महली, उर्मिला देवी, पति–बिरसा महली, संगीता देवी, पिता–महादेव हंस |
| 2 | 87 | 433 | टांड़ III | 0.090 | श्री इन्द्र महली, पिता–स्व0 अघून महली, मांडु उर्फ कैला महली वल्द छोटन महली वगैरह |
| 3 | 49 | 1360 | दोन I | 0.0150 | जनवा महतो वो जनतारिया महतो वो दर्शन महतो पेसरन जेथुवा महतो वो पगड़ा महतो वो बुका महतो पेसरन बीरूवा महतो। धनीराम महतो, |
| 4 | 49 | 1358 | दोन II | 0.0140 | |
| 5 | 64 | 1406 | टांड़ III | 0.0480 | मोसोमात थुपिया मुण्डाईन जौजे मल्लू मुण्डा, यादु मुण्डा पिता–सोमाचरण मुण्डा वो महावीर मुण्डा |
| 6 | 164 | 1408 | मकान | 0.010 | चुनी लाल महतो, पिता–ठीकुआ महतो वो जीवा महतो, पिता–दशरथ महतो, रामलाल महतो वगैरह |
| 7 | 167 | 1422 | टांड़ II | 0.0650 | रोहीदास महतो वो सवनुआ महतो, पिता–पुरन महतो |
| 8 | 55 | 1423 | टांड़ II | 0.1050 | झगराहा महतो, पिता–तिलका महतो, लक्ष्मण महतो, |
| 9 | 55 | 1531 | टांड़ II | 0.2450 | लक्षमण महतो, पिता–झगराहा महतो, मोती महतो पिता–स्व0 सोहन महतो, मोतल लाला महतो, पिता–स्व0 जोशा महतो लाल मो0 खान पिता जमसेद खान |
| 10 | 55 | 1549 | टांड़ II | 0.1650 | मंगरा महतो, पिता–धिकवा महतो, हिसवा महतो पिता–सबूरबा महतो, लक्ष्मण महतो, पिता–झगराहा महतो |
| 11 | 191 | 1567 | टांड़ II | 0.0400 | मदलु उरांव, पिता–सुकरा उरांव महादेव उरांव, सुकरा उरांव, वगैरह वो मादी उरांव |
| 12 | 55 | 1548 | टांड़ II | 0.0900 | मंगरा महतो, पिता–धिकवा महतो, हिसवा महतो पिता–सबुरबा महतो |
| 13 | 109 | 1574 | टांड़ II | 0.1650 | किरण उरांव वो चतु उरांव, पिता–महादेव उरांव वो महादेव उरांव, मंगरा उरांव, टुनवा उरांव, वगैरह |
| 14 | 69 | 1568 | टांड़ II | 0.3380 | दिलुवा मुण्डा वल्द मलार मुण्डा, सुखराम मुण्डा पिता–दिलवा मुण्डा |
| 15 | 55 | 1569 | टांड़ II | 0.0950 | एतवा महतो, पिता–मलार मुण्डा, लक्ष्मण महतो, पिता–झगराहा महतो |
| 16 | 94 | 1572 | टांड़ II | 0.0325 | वलकाल मुण्डा, पिता–बिरसा मुण्डा, रोहिदास महतो पिता–पुरन महतो, बुधू मुण्डा पिता एतवा मुण्डा |
| 17 | 201 | 1570 | टांड़ II | 0.1530 | अमृत मुण्डा, पिता–बिरसा मुण्डा, सोमरा उरांव वगैरह पिता–गंजा उरांव |
| 18 | 244 | 1582 | दोन III | 0.0300 | बकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |
| 19 | 244 | 1583 | दोन III | 0.1100 | बकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |
| 20 | 244 | 1580 | दोन III | 0.0750 | बकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |
| 21 | 201 | 1581 | दोन III | 0.0300 | अमृत मुण्डा, पिता–भोसा मुण्डा, सोमरा उराँव वगैरह पिता–गंजा उराँव |
| 22 | 214 | 1584 | दोन III | 0.0200 | कंचन महतो, पिता–लंगर महतो, सोमरा उरांव वगैरह पिता–गंजा उरांव |
| 23 | 223 | 1592 | दोन I | 0.2730 | वीन्द कुम्हार पिता–शुखल कुम्हार |
| | | | | | |
| 24 | 53 | 1595 | मकान सहन | 0.3100 | जेठुआ महली वगैरह, पिता–चोर चौरेया महली |
| 25 | 244 | 1637 | दोन I | 0.0950 | वकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |
| 26 | 94 | 1638 | दोन III | 0.0450 | जीतवाहन लोहार वो जगदीश लोहार जनक महतो सहजु महतो |
| 27 | 11 | 1639 | दोन III | 0.0500 | जीतवाहन लोहार वो जगदीश लोहार जनक महतो सहजू महतो गंगा हजाम वगैर, पिता लहनू हजाम |
| 28 | 14 | 1635 | दोन III | 0.2000 | अमृत मुण्डा, पिता–भोला मुण्डा |
| 29 | 14 | 1617 | दोन II | 0.0380 | काशी मुण्डा वल्द सोना मुण्डा अमृत मुण्डा, पिता–भोला मुण्डा, |
| 30 | 244 | 1616 | दोन I | 0.0350 | वकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |
| 31 | 244 | 1618 | दोन II | 0.0340 | वकास्त भूईहरि, अमृत मुण्डा वगैरह, पिता–भोला मुण्डा |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची

PR 279499 (Revenue, Registration & Land Reform)22-23*D

## झारखण्ड सरकार
## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा

### आम निलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र के गोदरमाना नर्सरी आहाते में जप्त प्रकाष्ठ जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो) गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। प्रकाश्ठ लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित / पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते **https://garhwa.nic.in/** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 – **8789831419** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | नीलामी स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट, प्रकाष्ठ की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1 | गोदरमाना नर्सरी आहाते, रंका पूर्वी प्रक्षेत्र। | 04.11.2022<br>11.11.2022 | 89 लौट<br>प्रकाष्ट / जलावन |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 279516 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा।

email: principalitilohardaga@gmail.com

### नामांकन सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक –5 / प्रशि0(प्रशि0)–02 / 2022–1236 राँची, दिनांक 07.10.2022 के अनुपालन में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022-23-24 में लोहरदगा जिले में अवस्थित सभी **सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों** यथा **कुजरा / कुडू / महिला / कैरो (LWE), लोहरदगा** में नामांकन हेतु जिला स्तरीय नामांकन समिति के माध्यम से कांउसिलिंग के उपरान्त बचे रिक्त सीटों पर निम्नांकित व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक पुरूष / महिला उम्मीदवारों से अनुसूची– 'क' के अनुरूप हस्तलिखित / टंकित आवेदन पत्र **निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट / हाथोंहाथ** निम्न शर्त्तों के अनुरूप आमंत्रित किया जाता है।

**नोट– महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा में केवल महिला उम्मीदवारों का ही नामांकन लिया जाएगा।**

1. **शैक्षणिक योग्यता** – (क) वेल्डर व्यवसाय एवं सेविंग टेक्नोलॉजी के लिए 8वीं परीक्षा का अंक पत्र तथा सभी व्यवसायों के लिए प्रवेशिका (माध्यमिक / 10 वॉं) / समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण । नामांकन प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीटों के आलोक में ओपेन बोर्ड प्रणाली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक / मेरिट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जयेगा।
2. **आयु अहर्ता** :–
   (क)– 01 जुलाई 2022 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। व्यवसाय– मैकेनिक मोटर व्हीकल के लिए न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना आवश्यक है।
   (ख)– सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष। आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक / 10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल / औपबंधिक प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि ही बैध होगी।
3. **शारीरिक योग्यता** :–
   प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों को लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन का पालन करेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेंगे।
4. प्रवेश करने के समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/- (पाँच सौ) रूपये मात्र कौशन मनी (अवधान राशि) के रूप में जमा करना होगा। अगर छात्रों द्वारा संस्थान का कोई सामान खो जाने या सामान को जानबुझ कर तोड़ दिये जाने पर उसकी कीमत कौशन मनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी। उत्तीर्ण करने के बाद छात्र एक वर्ष के अन्दर कौशन मनी वापस नहीं लेते हैं तो इसे जब्त कर लिया जायेगा और सरकारी खजाना में जमा कर दिया जायेगा। सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क Gen/BC-I/BC-II 40/- एवं SC/ST के लिए 20 /– रूपये प्रतिमाह लिया जायेगा।
5. **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / पिछडे वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग से नियमानुसार छात्रवृति मिल सकती है।**
6. **आरक्षण अहर्ता** :–
   (क) आरक्षण का प्रावधान कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14 / जा0नी0–03–13 / 2015 / का0–1754, दिनांक 25.02.19 के अनुसार रहेगा।
   (ख) मेरिट से चुने गये आरक्षित वर्ग के उम्मीवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
   (ग) प्रत्येक व्यवसाय में एक–एक सीट क्रमशः दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित है।

**जिला – लोहरदगा।**

| Sl | Name of the Trade | NCVT / SCVT | Duration |
|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | NCVT | 2 Years |
| 2 | फिटर | NCVT | 2 Years |
| 3 | टर्नर | NCVT | 2 Years |
| 4 | मैशिनिष्ट | NCVT | 2 Years |
| 5 | मैकेनिक मोटर व्हीकल | NCVT | 2 Years |
| 6 | इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | NCVT | 2 Years |
| 7 | मैकेनिक डीजल | NCVT | 1 Year |
| 8 | वेल्डर | NCVT | 1 Year |
| 9 | प्लम्बर | NCVT | 1 Year |
| 10 | स्वींग टेक्नोलॉजी | NCVT | 1 Year |

7. **आवासीय अहर्ता** :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा / कुडू / महिला / कैरो (LWE) लोहरदगा में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते हैं जो झारखण्ड राज्य के निवासी हैं या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं। झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक संख्या–14 / स्थानीय नीति –14–03 / 2016 का0 4650, दिनांक 02 जून 2016 (संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016) में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया गया है। उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी / अनुमण्डल पदाधिकारी / उपायुक्त) द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. **जाति आधारित अहर्ता** :– नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा। आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी / अनुमण्डल पदाधिकारी / उपायुक्त) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) [Sub-Division Officer (Civil)] या उपायुक्त (Deputy Commissioner) द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत आय एवं सम्पति प्रमाण–पत्र **(EWS कोटि के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ लेने हेतु)**।
10. **अनुलग्नक** :– (क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक / 10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल / औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिषद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति ।
11. **आवेदन प्रपत्र संबंधित संस्थानों के लिए निम्नलिखित पतें पर भेजें–**
12. **क) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा) के लिए– प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा), पोस्ट– कुजरा, जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0– 835302**
    **ख) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा) के लिए – प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा), पोस्ट– कुडू, जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0– 835213**
    **ग) महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा के लिए– प्राचार्य, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा, महावीर चौक, अपर बाजार, पोस्ट+जिला– लोहरदगा (झारखण्ड), पिन नं0–835302**
13. **आवेदन प्रपत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा (लोहरदगा) / औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुडू (लोहरदगा) / महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोहरदगा से प्राप्त किया** जा सकता है या **www.lohardaga.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

14- **आवेदकों की मेरिट लिस्ट, साक्षात्कार की तिथि व स्थल की सूचना दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नम्बर पर सूचना दी जायेगी।**

15- **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय– 21.10.2022** संध्या **5:00** बजे तक मान्य होंगा। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। **कांउसिलिंग / नामांकन की तिथि व समय 22.10.2022, 11:00 बजे पूर्वाहन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा में सम्पन होगी।**

**संपर्क:– निम्न नम्बरों पर 9430734432/9973827531/7903603014/9835918319 सीधे बात कर या व्हाट्सएप कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 279514 (Lohardaga) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

# निकाय चुनाव व सरकार

**झारखंड** के मुख्यमंत्री लगातार एक से एक फैसले लेकर सबको चौंका रहे हैं। इसी संदर्भ में पिछले दिनों उन्होंनें वर्ष 2023 में एक साथ सभी 48 नगर निकायों के चुनाव की घोषणा की है। ऐसे में कयासों के बादल में यह कंर्फम हो गया है कि इसे लेकर कोई अब संशय नहीं रह गया है। यही कारण है कि राज्य में एक साथ सभी नगर निकायों में चुनाव कराने की तैयारी आरंभ हो गयी है। अभी यहां 13 निकायों में चुनाव लंबित हैं, मेयर,अध्यक्ष सहित पार्षदों के पद लगभग दो साल से खाली हैं। ऐसे में इन स्थानों पर चुनाव की तैयारी निर्वाचन आयोग कर रहा था, लेकिन नगर विकास विभाग ने वर्तमान में जो प्रस्ताव तैयार किया है उसके अनुसार सभी 48 नगर निकायों में एक साथ चुनाव कराया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए लंबित नगरपालिका निर्वावन 2020 तथा 2023 के अन्य नगरपालिकाओं का पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्ति के पूर्व सभी नगरपालिकाओं का एक साथ आम निर्वाचन कराया जाना निर्धारित कर दिया गया है। ऐसे में नगरपालिका अधिनियम के अधीन वर्ष 2023 में नगर निकायों का निर्वाचन कराया जायेगा। जिसे तृतीय आम निर्वाचन माना जायेगा। इस प्रस्ताव पर राज्य के मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन की भी सहमति मिल गयी है। कैबिनेट की बैठक में भी इसे मंजूरी मिल गयी है। इस मंजूरी के साथ चुनाव का रास्ता साफ हो हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार इसके अलावा इस बार का नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के ही होगा। पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को अन्य श्रेणी में शामिल किया जायेगा। ओबीसी की सीट को खुले श्रेणी में शामिल करते हुए चुनाव कराये जायेंगे। यानि ओबीसी के सारे सीट अन्य श्रेणी में आ जायेंगे,जहां से कोई भी चुनाव लड़ सकेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण ओबीसी सीट को खुला सीट मान कर चुनाव कराया जायेगा। पंचायत चुनाव भी इसी तर्ज पर हुआ था। मंत्रिपरिषद की स्वीकृति इस पर मिलने के बाद राज्यभर में आरक्षण एवं आवंटन तथा महिला आरक्षण के चक्रानुक्रम की कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद सभी नगरपालिकाओं में नाम-निर्देशन से लेकर अन्यान्य निर्वाचन की सभी प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। ऐसे में पूर्व में प्रकाशित जिला,राज्य गजट में आरक्षण-आवंटन की कार्रवाई को संशोधित किया जायेगा। यहां जानना जरूरी है कि ओबीसी को आरक्षण कोटि से बाहर रखने के बाद नयी मतदाता सूची का गठन कर पूरे राज्य में चुनाव की घोषणा की जायेगी। इसके अलावा अभी जिन 13 नगर निकायों में चुनाव होना है, उनमें पांच नये नगर निकाय हैं। नवगठित गोमिया,बड़की सरैया,धनवार, हरिहरगंज,महगामा नगर परिषद में पहली बार चुनाव होना है। वहीं,बचरा में भी चुनाव होता पर इसे नगर पंचायत को सरकार ने विघटित कर ग्राम पंचायत में शामिल कर दिया है। निकाय चुनाव की बात करें तो धनबाद,चास नगर निगम, विश्रामपुर, झुमरीतिलैया, गोमिया, चक्रधरपुर नगर परिषद, कोडरमा, बड़की सरैया, मझिआंव, धनवार, हरिहरगंज, महगामा में चुनाव होंगे। ऐसे में निकाय चुनाव को शक्तिपरीक्षण के तौर पर देखा जायेगा। इसलिए जहां भाजपा इसकी तैयारी कर रही है,वहीं सत्ता रूढ़ दल भी अपनी ताकत का एहसास कराने की जुगत में दिखाई देगा।

## आज का इतिहास

**1856 :** भारत के महान संत एवं समाजसुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म।
**1970 :** रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें इकट्ठा की।
**1983 :** एप्पल संचार उपग्रह ने कार्य करना बंद किया।
**1995 :** संयुक्त राज्य महासभा का 50वाँ अधिवेशन शुरू।
**2000 :** क्लिंटन दम्पति ह्वाइट वाटर कांडह्ण आरोप से मुक्त हुए।
**2004 :** इंडोनेशिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान।
**2007 :** फ्ऱांस की सबसे वृद्ध महिला सिमोन कैपोन का 113वर्ष की आयु में निधन।
**2008 :** भारतीय उपन्यासकार, कवि, उद्यमी एवं नारीवादी प्रभा खेतान का निधन।
**2009 :** मराठी फि ल्म ह्यहरिशचन्द्राची फैक्ट्रीह्ण को आस्कर पुरस्कार की विदेशी फि ल्म श्रेणी में भारत की एंट्री के तौर पर चुना गया।
**2017 :** हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शकीला का निधन।
**1581 :** सिखों के चौथे गुरु श्री राम दास जी का निधन।
**1755 :** ब्रिटेन और रूस ने सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।
**1865 :** अटलांटा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी।
**1870 :** फ्रेंको-प्रुशियन युद्ध में पेरिस की घेराबंदी शुरू हुई।
**1876 :** ओटावा में एक फुटबॉल क्लब की स्थापना की गयी।
**1888 :** विश्व की प्रथम सौंदर्य प्रतियोगिता बेल्जियम में शुरू की गयी।
**1893 :** न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
**1907 :** पहली बार इतिहास में कृत्रिम तेल का निर्माण हुआ। इस नये पदार्थ का आविष्कार स्कॉटलैंड के रसायनशास्त्री जेम्ज यांग ने किया।
**1918 :** जॉर्डन घाटी में तीसरे ट्रांसजेर्डन हमले की शुरूआत हुई।
**1955 :** अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह करके राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
**1965 :** अंतरिक्ष में जाने वाले भारतीय मूल की दूसरी महिला सुनीता विलियम्स का जन्म हुआ।

# समय की ओर एक ऊंची छलांग

> भारत में वित्त वर्ष 2022-23 के जून-अगस्त 2022 की अवधि के दौरान यात्रा और पर्यटन उद्योग में रोजगार के नये अवसरों में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मासिक आधार पर रोजगार के नये अवसरों में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। यह सब केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समय समय पर लिए गये निर्णयों के चलते ही सम्भव हो पाया है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड जैसे राज्यों का योगदान इसमें बहुत अधिक रहा है। वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, आदि जैसे धार्मिक शहरों में तो पर्यटकों की संख्या में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य लगातार आगे बढ़ रहा है।

समय क्या है? यह प्रश्न बहुत जटिल है, और इसका उत्तर देना असंभव-सा हो सकता है। समय का अस्तित्व नहीं भी हो सकता, अथवा समय एक भ्रम या एक अवधारणा भी हो सकता है, जिसका उपयोग हम अपने आस-पास की दुनिया को समझने के लिए करते हैं। समय है, या समय नहीं है, अथवा यह एक कोरी अवधारणा है, ऐसे प्रश्न हमारे तर्कों-कुतर्कों में फंसे रह सकते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक कण को समय की उलटी यात्रा पर भेजने में सफलता पा ली है। हम अनादिकाल से ब्रह्माण्ड को समझने का प्रयास करते रहे हैं। आधुनिक विज्ञान का प्रयास यह जानने का है कि उस पर हमारा कितना नियंत्रण है। प्रत्येक नया आविष्कार भौतिकी के उन नियमों की अवहेलना करता है जिन पर अब तक हमारा विश्वास था। अगर हमने अब तक समय के किसी तीर का अनुभव किया है, एक नया आविष्कार उस पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने अभी सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से समय यात्रा संभव है। अभी तक हमने देखा है कि समय यात्रा विज्ञान कथा की एक अवधारणा के अतिरिक्त कुछ नहीं थी, जिसका उद्देश्य रहा है हमारी कल्पना शक्ति को सक्रिय करना और हमारा मनोरंजन करना। समय यात्रा का विचार 1800 के दशक का है जब वेल्स ने 'द टाइम मशीन' प्रकाशित की। यह एक अविष्कारक की कहानी है जो एक चौथे, अस्थाई आयाम के माध्यम से यात्रा करने वाले उपकरण का निर्माण करता है। किसी अन्वेषण के रास्ते प्रश्नों से खुलते हैं। प्रश्न है कि क्या होगा यदि समय यात्रा केवल कल्पना की दुनिया तक ही सीमित न हो? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर वैज्ञानिक किसी ऐसी घटना का पटाक्षेप करने के प्रयास के जोखिम पर देने का प्रयास करते हैं जो जो हमारी प्रजाति के लिए नहीं है। **ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन :** वास्तविक जीवन में समय एक भौतिक अवधारणा नहीं है। इतिहास रचने वाले कुछ वैज्ञानिकों की रचनात्मकता के कारण हमने ब्रह्माण्ड और समय के निर्माण के बारे में अपने ज्ञान के बारे में काफी प्रगति की है। उदाहरण के लिए, आइंस्टीन के समीकरणों ने हमे क्वांटम क्षेत्र और समय के बारे में एक गहरा दृष्टिकोण दिया। परन्तु तर्कशास्त्री कर्ट गोडेल ने इसे एक कदम आगे बढ़ाया और यह पता लगाया कि आइंस्टीन के समीकरणों ने अतीत में समय यात्रा प्रशस्त की थी। समस्या यह थी कि अभी भी कोई ऐसा तरीका नहीं था जो हमारे भौतिक आधारों के अनुकूल हो। इसके उत्तर के हल के लिए आतुर आर्गन नेशनल लेबोरेटरी, मास्को इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिक्स एंड टेक्नोलॉजी तथा ईटीएच ज्यूरिख के वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। इस तरह उन्होंने सफलतापूर्वक एक कण को समय पर वापस भेजा। भौतिकी के ऐसे नियम हैं जो भविष्य को अतीत से अलग नहीं करते हैं सामान्यतः गुरुत्वाकर्षण और भौतिकी के नियमों के कारण, जिन्हें स्कूलों में पढ़ाया जाता है, हम समय को रैखिक मानते हैं, जहा अतीत में पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है और भविष्य में तेजी से आगे बढ़ने की कोई तकनीक नहीं है। यद्यपि यह सदैव सहमत होने वाला कथन नहीं है। भौतिकी के ऐसे नियम हैं जो भविष्य को अतीत से अलग नहीं करते हैं और कहते हैं कि वे सभी एक ही समय में काम करते हैं। कोई अतीत, वर्तमान या भविष्य नहीं। क्या हम तर्कशील जानवर हैं? यह ऊष्मप्रवैगिकी के दूसरे नियम के विपरीत जाता है, जिसमे कहा गया है कि एक बंद प्रणाली सदैव क्रम से अवस्था की ओर बढ़ती है। उदाहरण के रूप में हम कह सकते हैं कि एक बार गेहूं को पीस कर आटा बना लें तो फिर आटे को गेहूं में वापस नहीं लाया जा सकता। ऊष्मप्रवैगिकी के उस दूसरे नियम के कारण, हमने माना कि समय रैखिक था, और एक ही दिशा में समय निरंतर आगे बढ़ रहा था। हमने इसे समय का तीर कहा। हमने मान लिया था कि प्रतंच्या से छोड़े तीर की तरह समय एक ही दिशा में चलता है, और हम समय के रूप में प्रभाव देखते हैं। इसलिए समय को आगे बढ़ने के रूप में समझने की हमारी मानव-निर्मित प्रणाली काम करती है। लेकिन कुछ नियम तोड़े जाने के लिए होते हैं। क्या यह उनमे से एक हो सकता है? हमने ऊष्मप्रवैगिकी के दूसरे नियम में स्वयं को फंसा लिया। जिस तरह से हमने दुनिया का अनुभव किया, उससे यह समझ में आया; यद्यपि, इसने हमारे सभी प्रश्नो का उत्तर नहीं दिया।

■ **डॉ. वीर सिंह**

# क्या त्योहारी मौसम में सुधरेगा बाजार

बाजार में माल कम हो और मांग ज्यादा, तो कीमतें बढ़ती हैं। मांग कम हो, तो बाजार में माल सप्लाई करने वालों का कारोबार मुश्किल में आ जाता है। कम माल बनाने पर बहुत से कारखानों के लिए लागत निकालना टेढ़ी खीर हो जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि वे माल बनाना बंद कर देते हैं या फिर कम कर देते हैं। हालात ज्यादा बिगड़े, तो यही पूरे देश में मंदी का कारण बन जाता है। मुसीबत और बड़ी हो जाती है, जब महंगाई और मंदी का खतरा एक साथ खड़ा हो जाए। इसी को 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है। 'स्टैगनेशन' यानी ठहराव और 'इंफ्लेशन' यानी महंगाई की जुगलबंदी। आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बढ़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढ़ीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं। वर्ष 2008 में सितंबर का महीना था, जब दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक लेहमन ब्रदर्स ने दिवालिया होने का एलान किया और पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक तगड़ा झटका दिया। इसके बाद के घटनाक्रम को ही 2008 के वित्तीय संकट के रूप में जाना जाता है। इस एलान के पहले और बाद के करीब दो साल के दौरान अमेरिकी शेयर बाजार में सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गये। बेरोजगारी दर में खतरनाक उछाल आई और वह 10 प्रतिशत पर पहुंच गई। सिर्फ अमेरिका में घरों की कीमत और लोगों के पेंशन-खातों में जमा रकम में आई गिरावट का आंकड़ा करीब 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। इसी का असर था कि दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार गश खाकर गिरते जा रहे थे। हालांकि, बाद में बाजार सुधर गये और मकानों की कीमतें भी बढने लगीं, लेकिन जिन लोगों की जिंदगी पटरी से उतर चुकी थी, उनकी मुसीबतें आज तक खत्म नहीं हुई हैं। चर्चित रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हिसाब जोड़ा कि दुनिया की जीडीपी को लगभग चार प्रतिशत का झटका इस आर्थिक संकट की वजह से लगा, यानी लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की चपत। भारत इस संकट से करीब-करीब अछूता रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि तमाम लालच और दबाव के बावजूद रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर वाई वी रेड्डी ने भारतीय बैंकों को एक हद से ज्यादा जोखिम उठाने का मौका ही नहीं दिया। आज की तारीख में भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और चीन जैसे देश मंदी की चपेट में जाते हुए दिख रहे हैं, तो भारत कैसे और कब तक इस खतरे से बचा रह सकता है? सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि साल 2008 के मुकाबले आज भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार दुनिया के दूसरे बाजार से काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं। रिजर्व बैंक अमेरिका और यूरोप के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल करते हुए ब्याज दरें लगातार बढ़ा रहा है। दुनिया भर के बड़े शेयर बाजारों के साथ ही पिछले एक हफ्ते में भारत का शेयर बाजार लगभग 10 प्रतिशत गिर चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है।

■ **आलोक जोशी**

# पहले महिलाओं की स्थिति सुधारिये

जनसंख्या के इस प्रश्न पर मैं सभा को अपना अनुभव बताना चाहती हूं। मेरी कोई संतान नहीं है। मेरा एक ही बच्चा था, जिसकी मृत्यु 11 महीने की आयु में हो गई थी। अतः हमने यह निर्णय लिया कि हम और संतान को जन्म नहीं देंगे, क्योंकि हम उस बच्चे पर उचित ध्यान नहीं दे सके। इस बात को ग्रामीण महिलाओं द्वारा गंभीरता से लिया गया और 1953 में ग्रामीण महिलाओं के कहने पर शिशु जन्म को रोकने के संबंध में मैंने पहला शिविर आयोजित किया। महोदय, ऐसा मैं इसलिए कह रही हूं कि हमें यह समझना चाहिए कि हमारे पितृ प्रधान समाज में महिलाएं संतानोत्पत्ति के प्रश्न का निर्धारण नहीं करती हैं। फिर भी वे अपने और अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए इन बातों पर कि वे ज्यादा बच्चे पैदा नहीं करेंगी, कितना ध्यान देती हैं? इसीलिए, इस बात को समझ जाना चाहिए कि हमारी जनसंख्या संबंधी नीति में लक्षित समूह पुरुष होने चाहिए, न कि स्त्रियां, क्योंकि महिलाएं इसे तय नहीं करती हैं, परंतु दुर्भाग्यवश जब कभी भी हम जनसंख्या संबंधी नीति पर बोलते हैं, तो लक्षित समूह महिलाएं होती हैं। ऐसा क्यों है? लक्षित समूह पुरुष होने चाहिए। इस विषय में हम गंभीरता से कार्य करना चाहते हैं, तो ऐसा करना होगा। महोदय, यह बात सब जानते हैं कि हमारे देश में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात प्रतिकूल है। हमारे देश में प्रति हजार आबादी में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या कम है। महिलाओं और पुरुषों के अनुपात में हमारे समाज में स्त्री की निम्न स्थिति विवाह की कम आयु, कम साक्षरता, उच्च प्रजनन क्षमता और प्रजनन के दौरान उच्च मृत्यु दर के कारण हुई है। ...शरद पवार ने काहिरा में सन 1994 में आयोजित जनसंख्या और विकास संबंधी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उल्लेख किया था। सम्मेलन की अपनी कार्य योजना थी, जिसे सरकार द्वारा अपनाया या स्वीकार किया गया था। उस सम्मेलन की कार्य योजना में क्या कहा गया है? इसमें कहा गया है कि विकासशील देशों के परिवार नियोजन कार्यक्रम को सामूहिक स्तर पर जनसंख्या की प्रजनन क्षमता के स्तरों को प्रभावित करने के लिए नीति संबंधी हस्तक्षेप करने वाले उपायों के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। कार्ययोजना यह सिफारिश करती है कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को महिलाओं के स्वास्थ्य, प्रजननात्मक स्वास्थ और स्त्री-पुरुष की समानता के लिए लक्षित कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में देखा जाना चाहिए। इसमें सिफारिश की गई है कि अपने परिवार के आकार और संतानों की आयु में अंतर रखने के संबंध में स्त्री के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। ...जैसा पहले कह चुकी हूं, इस कार्य योजना पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत भी है। परंतु क्या हम उस प्रकार से कार्य कर रहे हैं? हम उस कार्य योजना के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। हमारी नीति भी इस कार्य योजना के अनुरूप नहीं है। मैं मांग करती हूं कि यदि हम जनसंख्या को कम करने के प्रति वास्तव में गंभीर हैं, जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण बात है, तो हमें वास्तविक रूप से इस कार्य योजना, जिस पर हमने भी हस्ताक्षर किये हैं, के अनुरूप कार्य करना चाहिए।... अब मैं स्त्री-पुरुष समानता के प्रश्न पर आती हूं। पिछले 50 वर्षों में इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है तथा अधिक महिलाओं को शिक्षित किया गया है। वे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। उन्होंने तरह-तरह के कार्यों को करने के लिए स्वयं को योग्य बनाया है। मैं यह नहीं कहती कि कोई प्रगति नहीं हुई। निश्चित रूप से कुछ प्रगति हुई है, परंतु दुर्भाग्यवश पिछले कुछ वर्षों में कई क्षेत्रों में स्थिति बिगड़ती जा रही है। ...अपराधीकरण का सर्वाधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ रहा है। आप देख सकते हैं कि बलात्कार की कितनी घटनाएं हो चुकी हैं? कई बार तोत्रियों को गांवों में निर्वस्त्र करके घुमाया भी गया। इस प्रकार की अन्य भयावह घटनाएं बढ़ रही हैं। ...मैं संसद सदस्यों से अपील करना चाहूंगी कि क्या हम यह प्रतिज्ञा नहीं कर सकते कि संसद के सभी सदस्य अपने लडकों के विवाह में दहेज नहीं लेंगे? उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों से दहेज न लेने और न देने का आह्वान करते हुए अभियान चलाना चाहिए। ...मैं ऐसे विवाह समारोहों में नहीं जाती, जहां पर दहेज दिया जाता है। ...विकास के प्रश्न का नजदीकी संबंध समर्थ बनाने के प्रश्न से है। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में महिलाओं को समर्थ बनाने के प्रश्न को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। **(लोकसभा में दिये गये भाषण का अंश)**

■ **गीता मुखर्जी**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे तात! उस समय आपको अपनी बातको सत्य सिद्ध करना होगा, अन्यथा में कुछ होकर आपको शाप दे दूँगा ॥ 54-56 ॥

**राजा बोले-** हे जलाधिनाथ मैं समावर्तनसंस्कार हो जानेपर पुत्रको यज्ञ पशु बनाकर विधिपूर्वक यज्ञ करूँगा ॥ 57 ॥

**व्यासजी बोले-** राजाका यह वचन सुनकर वरुणदेव प्रसन्न होकर 'ठीक है' ऐसा कहकर तुरंत चले गये और राजा भी स्वस्थचित्त हो गये ॥ 58 ॥

इधर राजाका रोहित नामका वह पुत्र बड़ा हो गया, वह बुद्धिमान और समस्त विद्याओंमें पारंगत हो गया ॥ 59 ॥

उसे यज्ञका सब कारण विस्तारपूर्वक ज्ञात हो गया। तब वह अपनी मृत्यु जानकर अत्यन्त भयभीत हो गया ॥ 60 ॥

[एक दिन] वह बालक राजमहलसे भागकर एक अगम्य पर्वतकी गुफामें चला गया और भयग्रस्त
होकर वहाँ रहने लगा ॥ 61 ॥

समय आनेपर वरुणदेव यज्ञकी अभिलाषासे राजमहलमें पहुँचकर उन राजासे बोले- हे राजन ! यज्ञ कीजिये ॥ 62 ॥

यह सुनकर उदास मुखवाले राजाने व्यथित होकर उनसे कहा- हे सुरश्रेष्ठ! मैं क्या करूँ? मेरा पुत्र कहीं चला गया है ॥ 63 ॥

राजाकी यह बात सुनकर जलचरोंके अधिपति वरुणदेवने क्रुद्ध होकर असत्यवादी राजाको शाप दे दिया- कपटविशारद हे राजन! तुमने प्रतिज्ञा करके मुझे धोखा दिया है, अतः तुम्हारे शरीरमें जलोदर नामक रोग हो जाय ॥ 64-65 ॥

ऐसा शाप देकर पाशधारी वरुणदेव अपने लोकको चले गये और रोगसे पीड़ित होकर राजा अपने महलमें चिन्तित रहने लगे ॥ 66 ॥

जब शापजन्य रोगसे राजा बहुत व्यथित हो गये तब उनके पुत्रने भी पिताके रोग पीड़ित होनेकी बात सुनी ॥ 67 ॥

किसी पथिकने उससे कहा- हे राजपुत्र! शापके कारण जलोदर रोगसे ग्रस्त तुम्हारे पिता बहुत अधिक दुःखी हैं ॥ 68 ॥

हे दुर्बुद्धि। तुम्हारा जीवन नष्ट हो गया, तुम्ह जन्म लेना व्यर्थ है; क्योंकि तुम अपने पिताको दुःखी अवस्थामें छोड़कर पर्वतकी गुफामें छिपे हो ॥ 69 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# अश्लील गाने बजाने पर लगे रोक

देहात व दूरदराज के गांव से बहन और माताएं ऑटो रिक्शा और सवारी गाड़ी से बाजार, स्कूल और कोचिंग आती हैं। इस दौरान प्रायः देखा जाता है कि वाहनों में अश्लील गाना बजता रहता है। उनके पास आवागमन का एकमात्र यही विकल्प है। ऐसे में उन माताओं और बहनों के पास कोई विकल्प नहीं बचता। उन्होंने कहा कि हम सभी को पहल करते हुए ऐसे वाहनों पर बज रहे अश्लील गाना को रोकने या इस पर कार्रवाई के लिये स्थानीय थाना से मदद लेनी चाहिये। सभी लोगों ने थाना प्रभारी से समाज को साफ-सुथरा बनाने में साथ देने के साथ साथ अश्लील गाना बजानेवाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाय। मैं लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते है कि बसो में बजने वाले अश्लील गानों पर रोक लगाई जाय। ताकि लोग अपने परिवार के साथ वाहनों में सफर कर सकें। अश्लील गाना बजने के दौरान ऑटो रिक्शा चालको के अनावश्यक कॉमेंट से यात्रा कर रही महिलाएं असहज महसूस करने लगती है वहीं यदि महिलाओं के साथ पुरुष साथ हो तो कभी -कभी बात हाथा-पाई के नौबत तक आ जाती है। रात में टैम्पू चलाने वाले अधिकांश चालक अश्लील गाने को बजा कर रखते है जिससे महिलाएं और लड़कियों को टैम्पू में यात्रा करने मे असहज महसूस होता है। यूपी, बिहार म. प्र, के अधिकांश टैम्पू चालक अश्लील गानों के शौकिन होते हैं। भोजपुरी गायक और गायिकाओं के द्वारा श्रोताओं को अपनी ओर आकार्षित करने के लिए गानों के शब्दों में अश्लीलता वाले शब्द का प्रयोग ज्यादा किया जाता है।

■ **राजेन्द्र राही , मेदिनीनगर।**

# पहली बार किसी फ्रेंच लेखिका को नोबेल मिलना

प्राकृतिक आपदाओं, राजनीतिक सरगर्मियों व महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के बीच फ्रांस की एनी एरनो को नोबेल साहित्य पुरस्कार मिलना न सिर्फ यूरोप, बल्कि पूरे विश्व में महिला सशक्तीकरण की दिशा में आशावाद की किरण पैदा करता है। एरनो साहित्य का नोबेल पाने वाली पहली फ्रेंच लेखिका हैं। साल 1901 में नोबेल पुरस्कार की शुरूआत हुई थी और अब तक फ्रांस के 15 अन्य साहित्यकार इससे सम्मानित हो चुके हैं, जिनमें आल्बेर काम्यू, आंद्रे गीद, ज्यां पाल सार्त्र जैसे नाम उल्लेखनीय हैं। फ्रांस के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र नॉरमंदि के पास छोटी सी जगह पर एक बेहद साधारण परिवार में जन्मी एरनो के पिता अल्प शिक्षित थे और व्यापारी बनने से पहले एक किसान के रूप में अपना जीवन गुजार रहे थे। एरनो का बचपन अति-साधारण परिस्थितियों में संघर्षरत बीता। अपने इन अनुभवों को उन्होंने स्वयं के लेखन में कुछ इस विशिष्टता से स्थापित किया कि शीघ्र ही वह फ्रांस के साहित्य जगत की एक चर्चित लेखिका बन गईं। उनकी साहित्यिक यात्रा लेज आरमुआर वीद नामक एक आत्मकथात्मक उपन्यास से शुरू हुई, जिसका शाब्दिक अर्थ है खाली अलमारियां। इसे अंग्रेजी में क्लींड आउट के नाम से अनुवादित किया गया है। पढ़ाई के माध्यम से बौद्धिक क्षेत्र में प्रवेश करके एरनो इस माहौल से बहुत दूर निकल गईं। बाद में विवाह, व्यस्तताओं और अन्य गतिविधियों ने उनके व पिता के बीच खासी दूरी बना दी। 1984 में प्रकाशित अपनी आत्मकथात्मक रचना ला प्लास (ए मैन्स प्लेस) के लिए उन्होंने रनोदौ पुरस्कार जीता। इसमें पिता के साथ उनके रिश्ते और फ्रांस के एक छोटे से शहर में बड़े होने के अनुभवों का विस्तार से जिक्र किया गया है। एनी एरनो का संपूर्ण कृतित्व स्मृति की गहरी जड़ों, व्यवस्थाओं और सामूहिक प्रतिबंधों का खूबसूरती से पदार्फाश करता है। उनका लेखन विभाजित करने वाले सभी कारकों और समाज में बड़े पैमाने पर व्याप्त लिंग, भाषा और वर्ग से संबंधित गूढ़ विषमताओं से चिह्नित जीवन का अन्वेषण करता है। उनकी कई रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है, जिनको प्रसिद्ध अमेरिकी प्रकाशन कंपनी 'सेवन स्टोरीज प्रेस' ने प्रकाशित की है। एरनो इस कंपनी के सात मूल लेखकों में एक हैं, जो बतौर लेखिका उनके महत्व का प्रमाण है। एरनो की कृतियां विश्व भर में सम्मान बटोरने में सफल रही हैं। अ वूमन्स स्टोरी, अ मैन्स प्लेस और सिंपल पैशन जैसी उनकी रचनाओं को 'द न्यूयॉर्क टाइम्स नोटेबल बुक्स' के रूप में मान्यता मिली है। इनमें भी अ वूमन्स स्टोरी लॉस एंजिल्स टाइम्स बुक पुरस्कार के लिए आखिरी दौर तक पहुंचने में सफल रही। शेम को वर्ष 1998 की पब्लिशर्स वीकली बेस्ट बुक और आई रिमेन इन डार्कनेस को वाशिंगटन पोस्ट द्वारा सराहा गया। द पजेशन को मोर पत्रिका ने 2008 की शीर्ष दस किताबों में शुमार किया। फ्रांस एकभाषी राष्ट्र है, जहां आज भी अकादेमी फ्रांसेज नामक 40 सदस्यीय संस्था 1635 से कार्यरत है, जिसे सरकारों व बुद्धिजीवियों द्वारा भाषा विकास के लिए भरपूर सहयोग दिया जाता रहा। किसी भी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार की स्पर्द्धा में हम भारतीय उत्सुकतावश उन परिस्थितियों पर गहन विचार करने लगते हैं, जो हममें से कुछ को इन विजेताओं के समकक्ष खड़े होने से रोकती है। कहा जा सकता है कि भारत जैसा बहुभाषी राष्ट्र जब तक भाषा विकास को सुनियोजित रूप में आकार देने के बाद उस पर युद्धस्तर से नियोजन का संकल्प न ले, तब तक अपने साहित्य और भाषाओं के साथ अन्याय करते रहने के हम गुनहगार माने जायेंगे। क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर न उठने और सभी भाषाओं के साथ न्यायोचित व्यवहार न करने की जटिल समस्या का समाधान नहीं निकाल पाने की असमर्थता के चलते हम कब तक खुद को पीछे की पंक्ति में खड़ा देखने को मजबूर होंगे? नोबेल पुरस्कार हर लेखक के लिए प्रेरणा का काम करता है। इसमें निर्णय के मापदंड उत्कृष्टता व गुणवत्ता के अतिरिक्त कुछ अन्य नहीं हो सकते। भाषायी अंतर-स्पर्द्धा व राजनीति शायद चिरकाल से हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने से वंचित करती आई हैं। अब भी कुछ सार्थक प्रयास नहीं किया गया, तो हमें अपनी पहचान में 'इंतजार करना' शामिल करना पड़ जायेगा। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ **अजय श्रोत्रिय, फ्रेंच शिक्षक**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# 30 की उम्र में अगर आपकी स्किन भी पड़ गयी है ढीली, तो अपनायें ये घरेलू उपाय

आजकल कम उम्र में कई कारणों से त्वचा ढीली पड़ सकती है जैसे उम्र बढ़ने के साथ-साथ यदि आप त्वचा की देखभाल नहीं करते है तो त्वचा में मौजूद कनेक्टिंग ऊतक कम होने लगते हैं। जिस कारण से स्किन में कसाव की कमी होने लगती है। क्या आपकी त्वचा भी कम उम्र में ढीली होने लगी है? 30 की उम्र में ही क्या आपकी त्वचा पर भी झाइयां, झुर्रियां त्वचा का कसाव खत्म होने लगा है? यदि ऐसा है, तो आपको अपनी त्वचा का बेहद खास ख्याल रखने की जरूरत है। आजकल उम्र के 30 साल पार करते ही यदि त्वचा का ख्याल ना रखा जाए, तो ऐसे तमाम लक्षण नजर आने लगते हैं। यदि आप भी नहीं चाहते कि 30 की उम्र में ही आपकी स्किन ढीली पड़े या आप स्किन ढीली पड़ने की समस्या से परेशान है तो हम आपके लिए लाये है कुछ घरेलू उपाय जिन्हें अपनाकर आप अपनी स्किन को टाइट बना सकते हैं।



**किस कारण से होती है कम उम्र में ही त्वचा ढीली :** आजकल कम उम्र में कई कारणों से त्वचा ढीली पड़ सकती है जैसे उम्र बढ़ने के साथ-साथ यदि आप त्वचा की देखभाल नहीं करते है तो त्वचा में मौजूद कनेक्टिंग ऊतक कम होने लगते हैं। जिस कारण से स्किन में कसाव की कमी होने लगती है। इसके अलावा बहुत देर तक धूप में रहने से, अनहेल्दी खानपान से, स्मोकिंग करने की से, ज्यादा मेंकअप करने से और रात में बिना मेकअप हटाकेर सोने जैसे आदि कारणों से भी त्वचा का कसाव कम हो जाता है और स्किन ढीली पदनी शुरू हो जाती है।

## स्किन को टाइट करने के घरेलू उपाय

**नारियल तेल का करें इस्तेमाल :** नारियल तेल गुणों की खान है। यदि आप भी स्किन ढीली पड़ने किम समस्या से परेशान है, तो रोजाना रात में सोने से पहले नारियल तेल से चेहरे पर मसाज करना शुरू करें क्योंकि कई बार त्वचा में पाया जाने वाला कोलेजन और इलास्टिन के टूटने से भी त्वचा ढीली पड़ जाती है और नारियल तेल लगाने से कोलेजन बढ़ता है, त्वचा में कसाव आता है। इसलिए नारियल तेल से चेहरे पर मसाज करें।

**लगायें बादाम का तेल :** बादाम का तेल भी त्वचा के लिए बेस्ट माना जाता है। यह हमारी त्वचा को स्वस्थ रखता है।आजकल कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में भी बादाम का तेल इस्तेमाल किया जाता है। स्किन टाइट करने के लिए बादाम का तेल एक बेहतर विकल्प है। बादाम तेल में मौजूद इमोलिएंट स्किन की मृत कोशिकाओं को दोबारा से जीवित करता है और चेहरे पर ग्लो आता है। स्किन टोनर के साथ-साथ यह तेल त्वचा पर कसाव लाता है। इसके प्रयोग के लिए रात में सोने से पहले या दिन में नहाने से एक घंटा पहले बादाम के तेल से चेहरे पर मालिश करें। आप चाहे तो इस तेल से पूरे शरीर की भी मालिश कर सकती हैं।

**करें टमाटर का प्रयोग :** त्वचा टाइट करने के लिए आप टमाटर का उपयोग कर सकते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी, जो कि स्किन को लाभ देता है। टमाटर का जूस त्वचा पर लगाने से स्किन टाइट होती है और टैनिंग दूर होती है। इसके इस्तेमाल के लिए एक टमाटर को मिक्सी में पीस लें और इसका जूस छान लें। अब कॉटन से जूस को त्वचा पर अचछी तरह से लगाएं। 15 मिनट तक छोड़ दें और फिर पानी से चेहरा धो लें।

**लगाएं दही का फेस मास्क :** दही को बहुत लाभकारी माना गया है यह ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत बनाती है बल्कि स्किन से संबंधित समस्याओं जैसे झुर्रियों, झाइयों, लकीरों, त्वचा का ढीलापन आदि को भी खत्म करती है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड डेड स्किन सेल्स को हटाता है और नई कोशिकाओं का निर्माण भी करता है इसके साथ ही स्किन पोर्स में कसाव लाता है। इसके प्रयोग के लिए एक चम्मच दही में नींबू का रस मिलाएं और इसे त्वचा पर लगायें और 15 मिनट के लिए सूखने दें। धीरे-धीर मसाज करें चेहरे की मसाज करें और फिर चेहरे को पानी से साफ कर लें।

**ऑलिव ऑयल से करें ढीली त्वचा टाइट :** जैतून का तेल या ऑलिव ऑयल स्किन में कसाव ला सकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद एंटी-एजिंग तत्व चेहरे को लाभ देते हैं। नहाने के बाद शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी जैतून का तेल लगाएं। सर्दियों के मौसम में त्वचा बहुत ड्राई, बेजान हो जाती है, इसके लिए आपको ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करना चाहिए।

# डिलीवरी के बाद कमजोरी को दूर करने के लिए क्या खायें



प्रसव चाहे नॉर्मल हो या फिर सिजेरियन, दोनों में महिला को ब्लड लॉस होता है। जिसके कारण महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। यही कारण है डिलीवरी के बाद महिला को विशेष रूप से आयरन इनटेक पर ध्यान देना चाहिए, ताकि प्रसव के बाद एनीमिया से बचा जा सके। मां बनना किसी भी स्त्री के लिए किसी दूसरे जन्म से कम नहीं है। जब एक स्त्री मां बनती हैं तो उसे प्रसव की असहनीय पीड़ा को सहना पड़ता है। साथ ही, बच्चे के जन्म के दौरान बहुत अधिक ब्लीडिंग होने के कारण महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। इसलिए प्रसव के बाद महिला को अपनी डाइट पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। आहार के जरिए ही महिला का शरीर जल्दी रिकवर होता है और उसकी कमजोरी भी दूर होती है।

**खाएं आयरन रिच फूड :** प्रसव चाहे नॉर्मल हो या फिर सिजेरियन, दोनों में महिला को ब्लड लॉस होता है। जिसके कारण महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। यही कारण है डिलीवरी के बाद महिला को विशेष रूप से आयरन इनटेक पर ध्यान देना चाहिए, ताकि प्रसव के बाद एनीमिया से बचा जा सके। आयरन की कमी के चलते महिला को अत्यधिक थकान, चिड़चिड़ापन हो सकता है और यहां तक कि इससे आपके ब्रेस्ट मिल्क की क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों ही प्रभावित होती है। आप आयरन की कमी को दूर करने के लिए गहरी हरे पत्तेदार सब्जियां, बीन्स, नट्स, खुबानी और प्रून आदि का सेवन कर सकती हैं।

**खाएं ओट्स :** प्रसव के बाद अगर आप अपनी डाइट में ऐसी चीजों को सेवन करना चाहती हैं, जो एनर्जी बूस्ट करे, तो ऐसे में आप ओट्स को अपने आहार का हिस्सा अवश्य बनाएं। आप इसे नाश्ते में खा सकती हैं। ओट्स जैसे होल ग्रेन फूड धीमी गति से रिलीज होने वाले कार्ब्स होते हैं, जो आपकी ऊर्जा के स्तर को स्थिर रखते हैं। इतना ही नहीं, ओट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और यह शरीर में आवश्यक आयरन के स्तर को बनाए रखने में मददगार है। साथ ही, ओट्स आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भी भरपूर होते हैं।

**खाएं दही :** यदि आप ब्रेस्टफीड करा रही हैं, तो आपको अपने बच्चे की हड्डियों और दांतों को मजबूत करने और उनके ब्लड क्लॉटिंग को सामान्य रूप से सुनिश्चित करने के लिए भरपूर मात्रा में कैल्शियम की आवश्यकता होती है। दही कैल्शियम का एक बड़ा स्रोत है। इसलिए प्रसव के बाद महिला के लिए दही का सेवन लाभकारी हो सकता है। हालांकि, इसका सेवन केवल दिन में ही करें और केवल ताजा घर की बनी दही ही खाए।

**खाएं नट्स :** डिलीवरी के बाद नट्स का सेवन करना महिला के लिए काफी अच्छा माना जाता है। विभिन्न नट्स में फैट, प्रोटीन और फाइबर आदि पाया जाता है, जिसके कारण यह महिला की थकान व कमजोरी को दूर करने में कारगर है। साथ ही साथ, इससे प्रसव के बाद होने वाली कब्ज व ओवरवेट की समस्या भी दूर होती है।

**- मिताली जैन**

# व्यायाम करने से स्वास्थ्य ही नहीं, स्किन को भी होते हैं लाभ



एक्सरसाइज एक्ने से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है। दरअसल, जब आप व्यायाम करती हैं तो आपकी त्वचा से काफी पसीना निकलता है। इस तरह पसीना निकलने से बॉडी से टॉक्सिन निकलते हैं। यह क्लॉग पोर्स को क्लीन करता है और स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ बैक्टीरिया से भी निजात दिलाता है।

चुस्त और तंदुरूस्त रहने के लिए व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। जब आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं तो इससे ना सिर्फ आपका स्टेमिना बढ़ता है, बल्कि इससे वजन भी नियंत्रित होता है। साथ ही आप कई तरह की बीमारियों से बेहद आसानी से बच जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि व्यायाम करने से सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, स्किन को भी कई सारे लाभ होते हैं। इसलिए नेचुरली ग्लोइंग और बेदाग त्वचा पाने के लिए आप व्यायाम का सहारा ले सकते हैं।

**मिलता है ग्लो :** स्किन केयर एक्सपर्ट का मानना है कि व्यायाम करने से आपका रक्त परिसंचरण बेहतर होता है। दरअसल, जब आप व्यायाम करते हैं, तो आपकी हृदय गति बढ़ जाती है जिससे रक्त प्रवाह बढ़ जाता है। यह बढ़ा हुआ रक्त प्रवाह आपकी त्वचा को आवश्यक विटामिन, पोषक तत्व, खनिज और ऑक्सीजन की आवश्यक खुराक प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा बेहद निखरी व खूबसूरत दिखती है।

**रिंकल्स को कह दें अलविदा :** सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन एक्सरसाइज आपकी स्किन को यूथफुल बनाती है। अगर आप बेहद तनावग्रस्त हैं तो आपको नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि नियमित व्यायाम एंडोर्फिन का उत्पादन करता है। इससे ना सिर्फ आपका तनाव दूर होता है, बल्कि झुर्रियों को भी अलविदा कह सकती हैं। तनाव हार्मोन त्वचा के कोलेजन और इलास्टिन के स्तर को नुकसान पहुंचाने के लिए जाना जाता है। लेकिन जब आपका तनावा दूर होता है तो नो सैगी स्किन, नो फाइन लाइन्स और ना ही रिंकल्स।

**एक्ने से छुटकारा :** स्किन केयर एक्सपर्ट की मानें तो एक्सरसाइज एक्ने से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है। दरअसल, जब आप व्यायाम करती हैं तो आपकी त्वचा से काफी पसीना निकलता है। इस तरह पसीना निकलने से बॉडी से टॉक्सिन निकलते हैं। यह क्लॉग पोर्स को क्लीन करता है और स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ बैक्टीरिया से भी निजात दिलाता है। ऐसे में क्लीयर स्किन पाने के लिए आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

# वेट लॉस में मदद करेंगे ये फल डाइट में करें शामिल

वेट लॉस के लिए आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना होता है। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप अपना मन मार लें। अगर आप चाहें तो कई तरह के डिलिशियस फलों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं और अपना वजन कम कर सकते हैं। आमतौर पर लोगों के मन में यह धारणा होती है कि अगर वजन कम करना है तो इसके लिए आपको रूखा-सूखा व उबला हुआ खाना पड़ेगा या फिर डाइटिंग करनी पड़ेगी। यह सच है कि वेट लॉस के लिए आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना होता है। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप अपना मन मार लें। अगर आप चाहें तो कई तरह के डिलिशियस फलों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं और अपना वजन कम कर सकते हैं।

**केला :** केले को आमतौर पर एक हाई कैलोरी फ्रूट माना जाता है। हालांकि उनमें उच्च कैलोरी होती है, केले आपको पोषक तत्वों का एक बड़ा बढ़ावा भी देते हैं। यह पीला फल पोटेशियम, मैंगनीज, मैग्नीशियम, एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और फाइबर से भरपूर होता है। यह आपके सिस्टम में इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए भी जाना जाता है, जिससे यह मधुमेह वाले लोगों के लिए आदर्श स्नैक बन जाता है। केले वजन घटाने के लिए बहुत अच्छे फल हैं क्योंकि वे भोजन के बाद किसी भी अनावश्यक फूड क्रेविंग को कम करते हुए आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करा सकते हैं।

**सेब :** ये मीठे रसीले फल हाई फाइबर होते हैं लेकिन इनमें कम कैलोरी काउंट होने के कारण यह वजन घटाने के लिए अच्छे हैं। नाश्ते या दोपहर के भोजन के दौरान सेब खाने से आप पूरे दिन सक्रिय महसूस करेंगे। ये फल जागते रहने के लिए एक बेहतरीन गैर-कैफीनयुक्त तरीका हैं। जब आप इन्हें छिलके सहित खाते हैं तो यह आपकी भूख को नियंत्रित करने और भूख को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**एवोकाडो :** एवोकाडो की गिनती फैट रिच फ्रूट्स में होती है। लेकिन इसमें गुड फैट्स पाए जाते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि एवोकाडो वजन घटाने में सहायता करता है और उन्हें अपने आहार में शामिल करने से यह सुनिश्चित होगा कि आप कुछ किलो वजन कम करें और उन्हें वापस आने से रोकें। एवोकाडो आपको अधिक फुलर महसूस कराने से लेकर भूख कम करने और फूड क्रेविंग्स को दूर रखने में मदद कर सकता है। यह फल उच्च कोलेस्ट्रॉल से निपटने और हृदय रोग को दूर रखने के लिए भी जाना जाता है। एवोकाडो का उपयोग स्मूदी, डिप, सलाद, या टोस्ट पर भी किया जा सकता है।

# त्वचा की तमाम समस्याओं में फायदेमंद है प्याज

प्याज का रस हमारे बालों और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स, विटामिन मौजूद होते हैं जो त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। प्याज के रस में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो चेहरे पर मुंहासे की समस्या को दूर करते हैं। आमतौर पर प्याज का इस्तेमाल खाने का जायका बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्याज का रस हमारे बालों और त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स, विटामिन मौजूद होते हैं जो त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। प्याज के रस में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो चेहरे पर मुंहासे की समस्या को दूर करते हैं। अगर आप चेहरे पर पिंपल्स से परेशान हैं तो इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच प्याज के रस में एक चम्मच जैतून का तेल मिलाकर सीधे पिंपल्स पर लगाएं। प्याज में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जिससे मुंहासे दूर होते हैं और चेहरा साफ होता है। प्याज के रस से आप चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों और कालेपन से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में प्याज का रस और दही मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं। हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और 10 मिनट के लिए इसे चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें। अगर आपकी ग्लोइंग त्वचा पाना चाहते हैं तो प्याज के रस और बेसन का फेसपैक लगा सकते हैं। दरअसल, प्याज का रस एक नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है और चेहरे पर जमा गंदगी को साफ करने में मदद करता है। इसके लिए एक चम्मच बेसन में एक चम्मच प्याज का रस और आधा चम्मच दूध मिलाएं। इस मास्क को चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद फेस वॉश से चेहरा धो लें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपको ग्लोइंग स्किन मिलेगी।



प्याज के रस का इस्तेमाल आप चेहरे पर एंटी-एजिंग के निशान को मिटाने के लिए भी कर सकते हैं। प्याज के रस में फायटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। प्याज के रस को चेहरे पर लगाने से रिंकल्स और फाइन लाइन्स की समस्या दूर होती है और त्वचा जवां लगती है। आजकल बढ़ते प्रदूषण और यूवी किरणों से त्वचा को नुकसान होता है। प्याज के रस में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स मौजूद होते हैं। ये सभी तत्व त्वचा के लिए एक कवच के तौर पर काम करते हैं और प्रदूषण और यूवी किरणों से त्वचा का बचाव करते हैं।

❖ **प्रिया मिश्रा**

# पहली बार टेम्पोन का कुछ ऐसे करें इस्तेमाल

अगर आप पहली बार टेम्पोन का इस्तेमाल कर रही हैं तो ऐसे मे यह आवश्यक है कि आप लेबल को सही तरह से पढ़ें। इसमें आपको कुछ वक्त अवश्य लग सकता है लेकिन ऐसा करने से आपको टेम्पोन को सही तरह से इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। कुछ वर्षों पहले तक महिलाएं पीरियड्स के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती थीं। लेकिन समय बदला और महिलाओं ने सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। आज के समय में महिलाएं पैड्स के अलावा टैम्पोन व मेंस्ट्रुअल कप आदि भी यूज करती हैं। इन्हें पारंपरिक पैड्स से अधिक यूजफुल माना जाता है, क्योंकि ये टैम्पोन व मेंस्ट्रुअल कप अधिक ब्लड फ्लो को आसानी से हैंडल कर सकते हैं। अधिकतर महिलाएं इन्हें पीरियड्स में इस्तेमाल करना चाहती हैं लेकिन फिर भी उनके मन में एक अजीब सा भय होता है और इसलिए वह टेम्पोन का इस्तेमाल करने से बचती हैं। हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही होता हो।



**करें थोड़ी रिसर्च :** यह बेहद आवश्यक है कि महिला टेम्पोन का इस्तेमाल करने से पहले कुछ रिसर्च अवश्य करे दरअसल, टेम्पोन विभिन्न टाइप और साइज में आते हैं - ऐप्लिकेटर या नॉन-एप्लिकेटर, प्लास्टिक या कार्डबोर्ड ऐप्लिकेटर आदि। हर महिला के लिए अलग तरह का टेम्पोन सही हो सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ महिलाएं टैम्पोन को अधिक आसानी से डालने के लिए एप्लिकेटर को पसंद कर सकती हैं, जबकि अन्य महिलाएं गैर-एप्लिकेटर के साथ अपने हाथों का उपयोग करती हैं। इसलिए, बेहतर होगा कि आप टेम्पोन का इस्तेमाल करने से पहले कुछ रिसर्च अवश्य कर लें।

**जरूर पढ़ें डायरेक्शन :** अगर आप पहली बार टेम्पोन का इस्तेमाल कर रही हैं तो ऐसे मे यह आवश्यक है कि आप लेबल को सही तरह से पढ़ें। इसमें आपको कुछ वक्त अवश्य लग सकता है लेकिन ऐसा करने से आपको टेम्पोन को सही तरह से इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

**कुछ बातों का रखें ध्यान :** जब आप पहली बार टेम्पोन का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।

## मसलन

- आप टेम्पोन को हर छह से आठ घंटे में अपना टेम्पोन बदल रहे हैं। टेम्पोन को 8 घंटे से अधिक लगाना हानिकारक हो सकता है।
- अगर आप अपने हाथों की मदद से टेम्पोन को इंसर्ट कर रही हैं तो हमेशा इसे डालने या निकालने से पहले अपने हाथों को अवश्य धोएं।
- कुछ महिलाएं व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या में भी टेम्पोन इस्तेमाल करती हैं, लेकिन सिर्फ पीरियड्स के दौरान ही टैम्पोन का इस्तेमाल करें।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य होंगे। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचने का प्रयास करें।

**वृष राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। बौद्धिक कार्यों से आय होगी। कारोबार की स्थिति संतोषजनक रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कर्क राशि :** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**सिंह राशि :** घर-परिवार में धार्मिक कार्यों के योग बन रहे हैं। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या राशि :** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। मन अशान्त हो सकता है। धर्म-कर्म में व्यस्तता रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। किसी मित्र से धन मिल सकता है। यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक राशि :** पिता से भी धन की प्राप्ति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**धनु राशि :** क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय बढ़ेगी। संयत रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर राशि :** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। लाभ के अवसर मिलेंगे। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि :** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**मीन राशि :** माता-पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### पात्रा चॉल स्कैम : संजय राउत को नहीं मिली राहत

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना नेता संजय राउत को पात्रा चॉल स्कैम मामले में राहत नहीं मिली है। दो माह से जेल में बंद शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत पर सोमवार को भी कोई फैसला नहीं हो सका। अब उन्हें 17 अक्टूबर तक जेल में ही रहना होगा। उनकी न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। इसी दिन उनकी जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। इससे पहले कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा था। मामले की सुनवाई विशेष पीएमएलए कोर्ट में चल रही है। संजय राउत पर इस घोटाले में बिल्डर व डेवलपर से रिश्वत लेने का आरोप है। बता दें कि एक अगस्त को ईडी ने उन्हें वित्तीय अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में हैं। 31 जुलाई को ईडी अधिकारियों ने शिवसेना नेता के कई ठिकानों पर छापा मारा था और उनके साथ ही परिवार से भी पूछताछ की थी। इससे पहले 28 जून को एजेंसी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए समन किया था। आरोप है कि पात्रा चॉल मामले में 1034 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है। संजय राउत की पत्नी का भी नाम इस घोटाले से जुड़ा हुआ है। ईडी ने उन्हें भी पूछताछ के लिए समन भेजा था।

### कार में काली मिर्च लेकर चला करो : मुलायम सिंह यादव

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव था। चुनाव प्रचार पीक पर था। रिपोर्टिंग करने के लिए पत्रकारों को भी रात -दिन एक करना पड़ रहा था। कई बार तो हालत यह हो जाती थी कि देर रात तक गाड़ी चलाने के कारण, गाड़ी चलाते समय झपकी आने लगती थी। इसके कारण कई पत्रकार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते या बाल-बाल बच जाते। एक कार्यक्रम के दौरान जब उन्होंने कुछ पत्रकारों को आपस में बात करते देखा, तो पूछा क्या बात है? जब पत्रकारों ने उनसे यह बात बतायी, तो उन्होंने कहा कि आप लोगों का जीवन भी हम लोग (राजनीतिकों) की तरह है। चुनाव में काम बहुत बढ़ जाता है। सुरक्षा का ख्याल रखा कीजिए। उन्होंने बताया कि वह जब गाड़ी से चलते हैं, तो ध्यान रखते हैं कि निरंतर दौड़ भाग से ड्राइवर को कहीं नींद तो नहीं आ रही है। जब भी ऐसा हुआ कि ड्राइवर को नींद आ रही है, तो गाड़ी रुकवाने के बाद उनको काली मिर्च खाने को बोलता हूं और फिर कहता हूं- थूक दो। ऐसा करने से दो-तीन घंटे के लिए नींद उड़ जाती है। उसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा- आप लोग भी काली मिर्च कार में साथ लेकर चला करो।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी हथियारों पर निर्भरता के लिए अमेरिका को बताया जिम्मेदार

**कैनबरा (एजेंसी)।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर से पाकिस्तानी सेना को घातक हथियारों की आपूर्ति करनेवाले अमेरिका की पोल खोलकर रख दी है। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी हथियारों पर निर्भरता के लिए इशारों ही इशारों में अमेरिका को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि दशकों से पश्चिमी देशों ने भारत को अत्याधुनिक हथियार नहीं दिए। यही नहीं पश्चिमी देशों ने इन दशकों में भारत के दुश्मन पाकिस्तान को अपना पसंदीदा दोस्त माना और सैन्य तानाशाहों को घातक हथियारों की आपूर्ति की। भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिका के पाकिस्तान प्रेम की पोल यूं ही नहीं खोली है। पाकिस्तान के 73 साल के इतिहास में आधे समय में सैन्य तानाशाहों का शासन रहा है। एक अनुमान के मुताबिक साल 1948 से 2013 के बीच में अमेरिका ने पाकिस्तान को 30 अरब डॉलर की सहायता दी थी। इनमें से आधी सहायता पाकिस्तानी सेना के लिए थी। अमेरिका सोवियत संघ के खिलाफ पाकिस्तान को अपना घनिष्ठ सहयोगी मानता था। वहीं पाकिस्तान अमेरिका को भारत के खिलाफ काउंटर बैलेंस के रूप में देखता था।

- जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को घातक हथियार देनेवाले अमेरिका की खोली पोल
- उन्होंने कहा कि दशकों से पश्चिमी देशों ने भारत को अत्याधुनिक हथियार नहीं दिये, इस वजह से रूस पर निर्भरता



अमेरिका ने पाकिस्तान को पैटर्न टैंक दिए जिसका इस्तेमाल उसने भारत के खिलाफ 1965 के युद्ध में किया था। भारत के वीर जवानों ने इन अमेरिकी टैंकों को तबाह करके पाकिस्तान और अमेरिका दोनों को तगड़ी चोट दी थी। ये टैंक उस समय तक अमेरिकी सेना की शान माने जाते थे।

**अमेरिका ने पाकिस्तान को गैर नाटो सहयोगी देश बनाया :** अमेरिकी सैन्य सहायता का यह दौर आज भी जारी है और हाल ही में करोड़ों डॉलर के एफ-16 पैकेज का ऐलान बाइडन प्रशासन की ओर से किया गया है। पाकिस्तान ने अरबों डॉलर तालिबान के खिलाफ अमेरिकी जंग के दौरान कमा लिए। यही नहीं अमेरिका और पाकिस्तान ने साल 1979 से लेकर 1989 तक अफगान मुजाहिद्दीनों को फंडिंग देने के लिए आपस में सहयोग किया। इन मुजाहिद्दीनों ने सोवियत संघ की सेना के खिलाफ जंग छेड़ दी। अमेरिका ने स्ट्रिंगर मिसाइलों से लेकर कई घातक हथियारों की आपूर्ति की। यही नहीं साल 2002 में तो अमेरिका ने पाकिस्तान को गैर नाटो सहयोगी देश का दर्जा दे दिया।

### जयशंकर ने एफ-16 पर अमेरिका को जमकर सुनाया

**विश्लेषकों** का कहना है कि बाइडन प्रशासन ने भारत को संदेश देने के लिए ही एफ-16 फाइटर जेट के ताजा पैकेज को मंजूरी दी है। अमेरिका लगातार भारत पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के साथ अपने सैन्य और आर्थिक रिश्ते को तोड़ ले लेकिन भारत इसे खारिज कर रहा है। कई पश्चिमी विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका अब भारत को संदेश देने के लिए पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को फिर से मजबूत कर रहा है। भारत भी अमेरिका की इस चाल को समझ गया है और विदेश मंत्री जयशंकर ने पिछले दिनों अमेरिका में जमकर बाइडन प्रशासन को सुनाया था और कहा था कि वह मूर्ख बना रहा है। भारत के इस बयान के बाद अमेरिका तिलमिला गया था। अमेरिका के दबाव के बाद भी भारत रूस से एस-400 सिस्टम खरीद रहा है।

## रूस के मिसाइल हमले से धुआं-धुआं हुआ यूक्रेन

# 75 मिसाइलों के धमाकों से दहली राजधानी कीव, आठ की मौत

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के साथ चल रही लड़ाई को रूस ने तेज कर दिया है। सोमवार को रूस ने यूक्रेन पर 75 मिसाइलें दागी। राजधानी कीव पर भी मिसाइलों से हमला किया गया। मिसाइलों से हुआ धमाका इतना तेज था कि कीव दहल गई। धमाके के चलते कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। बम धमाकों में आठ लोग मारे गए और 24 घायल हुए हैं। कीव और अन्य शहरों के लोगों से बंकरों में रहने के लिए कहा गया है। बिजली की सप्लाई काट दी गई है। एक ब्रिज पर हुआ मिसाइल अटैक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह मिसाइल लगते ही धमाका होता है और आग का गोला आसमान की ओर उठता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की के ऑफिस पर भी मिसाइल दागा गया है।

**यूक्रेन सरकार ने कहा- बंकरों में रहें लोग :** यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख काइरिलो त्यमोशेंको ने कहा कि लोगों से बंकरों में रहने को कहा गया है। कीव में हमले की शुरुआत सोमवार सुबह 8:15 बजे हुई। कीव में कम से कम पांच धमाकों की आवाज सुनी गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोशल मीडिया पर कहा कि राजधानी के केंद्र में कई विस्फोट हुए हैं। रूसी हमलों में यूक्रेन के ऊर्जा से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया है। हमले के बाद कई वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए। इनमें धमाके के बाद काला धुंआ उठता दिखाई दे रहा है। कीव पर रूस का आखिरी हमला 26 जून को हुआ था। एक दिन पहले मास्को ने क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था। इस धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया में हुए हमले को आतंकी हमला बताया था।

### यूक्रेन के लोगों को मिटा देना चाहता है रूस : जेलेंस्की



**यूक्रेन** के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन के कई शहरों पर हमले हुए हैं। हमले में बहुत से लोग मार गए हैं और घायल हुए हैं। लोग बंकरों में रहें। रूस यूक्रेन के लोगों को धरती से मिला देना चाहता है। रूस यूक्रेन के शांतिपूर्ण लोगों पर बेरहम हमले कर रहा है।

## पीएम मोदी ने साधा 'आप' पर निशाना, बोले –

# शहरी नक्सलियों को युवाओं का जीवन बर्बाद नहीं करने देगा गुजरात



**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी नक्सली अपना रूप बदलकर गुजरात में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन यह राज्य उन्हें राज्य के युवाओं का जीवन बर्बाद नहीं करने देगा। यहां भरूच जिले में देश के पहले बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही और आम आदमी पार्टी पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि अब भरूच बड़ौदा या सूरत के एयरपोर्ट पर निर्भर नहीं रह सकता, अब भरूच का अपना एयरपोर्ट होना चाहिए, इसलिए अंकलेश्वर में नया एयरपोर्ट बनाने का आज शिलान्यास हो रहा है। इसके अलावा केमिकल सेक्टर से जुड़े अनेक प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है। पीएम ने कहा कि देश-विदेश से इतना व्यापार-कारोबार होने के बाद अब जब एयरपोर्ट मिल रहा है, तो विकास को एक नयी गति और एक नयी उड़ान मिलनेवाली है। और जब नरेन्द्र-भूपेन्द्र की डबल इंजन की सरकार है तो एयरपोर्ट का काम भी तेजी से पूरा हो जाएगा। रैली के दौरान पीएम ने कहा कि शहरी नक्सली नए रूप में राज्य में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपना चोला बदल लिया है। वह हमारे मासूम और ऊर्जावान युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस साल के अंत में गुजरात विधानसभा के चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी यहां अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने में लगी हुई है। इस कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल कई दफा गुजरात का दौरा भी कर चुके हैं।

# उद्धव ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह व नाम पर रोक को दी चुनौती

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग द्वारा शिवसेना के चुनाव चिन्ह और नाम पर लगायी गयी रोक को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। शिवसेना को लेकर उद्धव ठाकरे गुट और एकनाथ शिंदे गुट में राजनीतिक खींचतान चल रही थी। दोनों गुट दावा कर रहे हैं कि वह ही बाला साहेब ठाकरे की असली शिवसेना है। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने शनिवार के चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय कादरवाजा खटखटाया। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे गुट और उनके प्रतिद्वंद्वी एकनाथ शिंदे गुट को मुंबई के अंधेरी पूर्व में आगामी उपचुनाव में एक नया नाम और नया चुनाव चिन्ह चुनने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने पहले प्रतिद्वंद्वियों को पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर अपने दावे का समर्थन करने के लिए आठअगस्त तक दस्तावेजों के सबूत जमा करने को कहा था। इसके पहले इस विवाद में शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने चुनाव आयोग से चार अक्टूबर कोअंधेरी ईस्ट विधानसभा उपचुनाव के लिए धनुष-बाण का चुनाव चिन्ह मांगा था। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट के अनुरोध की समय सीमा सात अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी थी। उद्धव ठाकरे गुट ने शनिवार को अपना जवाब दिया और प्रतिद्वंद्वी गुट द्वारा जमा किये गये दस्तावेजों को ध्यान से समझने के लिए चार और सप्ताह मांगे। वहीं, इसके पहले अंधेरी ईस्ट सीट के उप चुनाव के लिए शिंदे गुट और उद्धव गुट ने अपनी-अपनी पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह चुनाव आयोग को सौंप दिये थे। जिसके बाद अब आयोग को इस का निर्णय करना है कि किस गुट को क्या चुनाव चिन्ह मिलेगा। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया है कि दोनों गुटों ने अपने वकीलों के माध्यम से लिस्ट उनके पास भेजी है। आयोग ने कहा था कि उद्धव व शिंदे गुट शिवसेना के नाम व निशान का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। नये चुनाव चिन्ह व नाम को लेकर दोनों गुटों को 10 अक्टूबर तक का समय दिया गया था।






# अर्थशास्त्र विज्ञान का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से बेन एस बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड व फिलिप एच डायबविग को

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अर्थशास्त्र विज्ञान के लिए इस साल नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से बेन एस बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप एच डायबविग को प्रदान किया गया है। उन्हें यह सम्मान बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए प्रदान किया गया। चूंकि, बैंक इन दिनों भारत, रूस, चीन व अन्य कई देशों के हुक्मरानों द्वारा अपने यसमैन उद्योगपतियों को बढ़ाने का सबसे आसान माध्यम बन गया है। अरबो-अरबो ऋण दिलवाने और कंपनी नहीं चलने पर उसे बट्टे खाते में डलवा कर अपने यसमैन उद्योगपति को बचाते हुए उसे महाधनी बनाने का जो मिला-जुला गोरखधंधा चल रहा है, उससे उन देशों की आम जनता को बहुत ही भुगतना पड़ रहा है। इससे क्रोनी कैपिटलिज्म का बढ़ावा मिल रहा है और ऐसे बैंकों की हालत खराब होने से न केवल उस देश की हालत व आर्थिकी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिकी व राजनीतिक हालात भी बिगड़ रहे हैं। इसके मद्देनजर इस वर्ष का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जो बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए प्रदान किया गया, बहुत ही महत्वपूर्ण है।

- यह सम्मान उन्हें बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए प्रदान किया गया

नोबेल समिति ने कहा कि तीनों पुरस्कार विजेताओं ने विशेष रूप से वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका के बारे में काफी सुधार किया है। उनके शोध में एक महत्वपूर्ण खोज यह है कि बैंक के पतन से बचना क्यों महत्वपूर्ण है। आगे कहा गया कि आधुनिक बैंकिंग अनुसंधान स्पष्ट करता है कि हमारे पास बैंक क्यों हैं और उन्हें संकट की स्थितियों में कैसे कम संवेदनशील बनाया जाये और कैसे बैंक के पतन से वित्तीय संकट बढ़ जाते हैं। इस शोध की नींव 1980 के दशक की शुरुआत में बेन बर्नानके, डगलस डायमंड और फिलिप डायबविग द्वारा रखी गयी थी। उनका विश्लेषण वित्तीय बाजारों को विनियमित करने और वित्तीय संकटों से निपटने में बहुत व्यावहारिक महत्व रखता है। आर्थिक विज्ञान में सेवरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की याद में दिया जाता है। हालांकि, अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में अर्थशास्त्र पुरस्कार का उल्लेख नहीं किया है। स्वेरिग्स रिक्सबैंक ने 1968 में पुरस्कार की स्थापना की और रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज को 1969 में शुरू होनेवाले आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार विजेताओं के चयन का कार्य दिया गया।

# मोमेंट्स रिसॉर्ट के कमरे से एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में स्थित मोमेंट्स रिसॉर्ट के कमरे से एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक की शिनाख्त अभय प्रताप सिंह के रूप में हुई है। अभय मूलरूप से बिहार के छपरा के रहने वाले थे। एक फार्मास्युटिकल कंपनी से वह सेवानिवृत्त हुए थे। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह काफी देर तक अभय कमरे से बाहर नहीं निकले। इसके बाद एक कर्मी उन्हें उठाने के लिए उनके कमरे में गया। आवाज दी तो भीतर से कोई जवाब नहीं आया। शक होने पर अन्य कर्मियों ने मिलकर कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि अभय बिस्तर में अचेत पड़ा हुए थे। हिल-डोल भी नहीं कर रहे। सांसे भी नहीं चल रही थी। इसके बाद कर्मियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, ओपी प्रभारी मीरा सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पास के एक चिकित्सक को बुलाया गया। जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से मौत होने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस रिसॉर्ट के कर्मियों से पूछताछ कर रही है। परिजनों से भी इसकी जानकारी लेगी।

**रातभर होटल में चली थी पार्टी :** पुलिस को मोमेंट्स रिसॉर्ट के कर्मियों ने बताया कि बीते बिते यानी रविवार को पुराने दोस्तों के साथ रिसॉर्ट पहुंचे थे। कुल 30 लोग इकट्ठा हुए थे। सभी पार्टी मना रहे थे। पार्टी में खूब शराब भी चली थी। पार्टी खत्म होने के बाद रात में सभी अपने-अपने कमरे में चले गये। अभय प्रताप सिंह कमरा नंबर 201 में ठहरे थे। वह भी अपने कमरे में सोने चले गये। सुबह देर तक दरवाजा नहीं खोले तो लोगों को शक हुआ।

### अत्यधिक शराब पीने की वजह से हुई मौत

होटल के एक कर्मी ने बताया कि अभय ने पार्टी में अत्याधिक शराब का सेवन किया था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अत्याधिक शराब का सेवन करने की वजह से ही अभय की मौत हुई होगी। वहीं दूसरी ओर राजा कुमार मित्रा, हटिया डीएसपी ने मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। साथियों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है कि मौत कैसे हुई है।परिजनों को सूचना दे दी गई।रात में 25 लोगों के साथ पार्टी मनाया जा रहा था।हर बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### दीपक प्रकाश ने कांग्रेस को भारत तोड़ो पार्टी की दी संज्ञा

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस को भारत तोड़ो पार्टी की संज्ञा दी है । सोमवार को रांची में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश के बंटवारे के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। राज्य की महागठबंधन सरकार की आलोचना करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वे झारखण्ड आकार देखें कि यहां उनके समर्थन वाली सरकार में जनता कितना असुरक्षित महसुस कर रही है। श्री प्रकाश ने दिवंगत समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश ने एक प्रखर समाजवादी नेता को खो दिया है।

### कांग्रेस ने जताया शोक

रांची । समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश ने आज सामाजिक न्याय का पुरोध खो दिया है। मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि देश ने आज एक ऐसा नेता खो दिया, जिसकी कमी हमेशा सभी को खलेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ऐसे विराट व्यक्तित्व के मालिक थे, जिन्होंने कभी लक्ष्मण रेखा को पार नहीं किया और हमेशा समता के समाज को बनाने के प्रयास में लगे रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने भी समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### रिम्स में दलालों से किया जा रहा सतर्क

रांची। रिम्स में दलालों का गैंग लगातार सक्रिय है। यह गैंग मरीजों को दवाई, खून, जांच कराने के नाम पर मरीजों से पैसों की ठगी कर रहा है। इसके अलावा वार्ड से लगातार मोबाइल और जरुरी सामानों की चोरी हो रही है। इससे मरीजों को सतर्क करने के लिए रिम्स प्रबंधन ने माइक से घोषणा के जरिए मरीजों को दलालों से सतर्क कर रहा है। रिम्स के गार्ड लगातार वार्ड में जाकर मरीजों को बीच घोषणा कर दलालों से सावधान रहने को लेकर सतर्क कर रहे हैं।

### टाईब्रेकर में बीएफसी कोकर की टीम 6-5 से विजयी रही

रांची। 21 कार्तिक उरांव स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को दूसरा दिन जिसमें दो मैच खेले गए पहला मैच एएफसी चित्तरकोटा और बीएफसी कोकर के बीच खेला गया। मैच काफी संघर्षपूर्ण रहा, दोनों ही टीमें पूरे मैच में गोल के लिए जूझते रहे, लेकिन निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल करने में कामयाब रही हो पाई। अंतत: मैच का निर्णय टाईब्रेकर के जरिए लिया गया जिसमें बीएफसी कोकर की टीम 6-5 से विजयी रही। टाई ब्रेकर में चित्तथकोटा की ओर से शैलेश कश्यप, दीपक तिर्की, रवि कश्यप, नितेश मींस और अरुण करकेटटा ने गोल किया, जबकि कोकर की ओर से अमित, शेखर, लालू, समीर, मिट्ठू और अनिल लकड़ा ने गोल किए। आज के पहले मैच में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अनिल लकड़ा को दिया गया।

## राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक विजेता महिला तीरंदाज दीप्ति कुमारी को रेल प्रबंधक ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने 36वें राष्ट्रीय खेलों से कांस्य पदक जीतकर वापस आने पर राँची रेल मंडल की महिला तीरंदाज दीप्ति कुमारी से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हाल ही में गुजरात मे आयोजित राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत तीरंदाजी की रिकर्व टीम प्रतिस्पर्धा में झारखंड राज्य की ओर से खेलते हुये रांची रेल मण्डल की दीप्ति कुमारी एवं उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता। मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने हर्ष जताते हुए कहा कि राँची रेल मंडल के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी दीप्ति कुमारी के दमदार प्रदर्शन एवं कांस्य पदक जीतने पर बहुत प्रसन्न है तथा गौरवान्वित महसुस कर रहे हैं। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने दीप्ति को आगे के प्रतिस्पधाओं एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। दीप्ति कुमारी दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल के कार्मिक विभाग मे जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबन्धक (गति शक्ति) सतीश कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी निशांत कुमार एवं कोचिंग डिपो अधिकारी सह मंडल क्रीड़ा अधिकारी राजीव रशिक उपस्थित थे।

## लोक कल्याण संस्थान के द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

**रांची।** टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है। सोमवार को प्रशिक्षण के चौथे दिन टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया (18) एवं सगरकत्ता ग्राम के 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो (20) और पेटापेटी (20) ग्राम के 40, कुल 76 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और लवकुश कुमार व चंद्रेस्वर ओझा ने किया जिसमें आरती पात्रा, गुलवारी पान व जुलियानी कोड़ा का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों जिसमें मुख्यतः मधु पेटी के विभिन्न हिस्सों के अनुप्रयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा रायल जेली, पराग, मोम इत्यादि वो सभी उपयोगी पदार्थ जो मधुमक्खी से प्राप्त होता है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक प्रयोगात्मक व व्यवहारिक तरीके से लाभुकों को आसान भाषा में बताया गया।

## मां इंफोसोल्यूशन प्रतिष्ठान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर खाक

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के डीएवी कपिलदेव स्कूल के समीप मां इंफोसोल्यूशन नामक प्रतिष्ठान में आग लग गई। इस घटना में प्रतिष्ठान में रखे सारे सामान जलकर राख हो गए। घटना सोमवार भोर की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा थाने की पुलिस और अग्निशमन दस्ता पहुंची। अग्निशमन दस्ता के आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक प्रतिष्ठान पूरी तरह से जल चकी थी। संचालक के अनुसार करीब 33 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रतिष्ठान के संचालक मनीष अग्रवाल ने बताया कि सोमवार करीब तीन भोर में उन्हें पीसीआर की पुलिस ने आग लगने की सूचना दी।

## पिता ने पुत्र पर संपत्ति पर कब्जे का लगाया आरोप

**रांची।** एचईसी यूनियन के नेता राणा संग्राम सिंह पर अपने पुत्र के मकान पर कब्जा और संपत्ति से बेदखल करने का आरोप लगा है। यह आरोप उनकी बहु शैल देवी ने लगाया है। इस संबंध में शैल देवी ने एसएसपी से लिखित शिकायत की है। शैल ने आवेदन में कहा है कि उनके ससुर राणा संग्राम सिंह ने एचईसी इलाके में तीन क्वाटर ले रखा है। जिसमें दो अपने पुत्रों को दिया है और तीसरा क्वाटर में वह अपनी बहु व पोते-पोतियों के साथ रहती थी। लेकिन बीते आठ अक्तूबर को राणा संग्राम सिंह ने अपने पावर का गलत इस्तेमाल कराकर एसडीओ के जरीए उसे जबरन खाली करवाई जा रही है। उन्होंने एसएसपी से मामले में कार्रवाई का आग्रह किया है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02 गढ़वा

ई-निविदा सूचना सं0-RWD/SD/GARHWA/03/2022-23 RE (2nd Call)

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-RWD/SD/GARHWA/03/2022-23 RE (2nd Call), PR 278285 Rural Development (22-23).D द्वारा प्रकाशित निविदा कंडिकाओं में अपरिहार्य कारण वश कंडिका 03, 04, एवं 06 में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रित किया जाता है। आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्वत: बनी रहेंगी। जो निम्नवत् है :-

3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 18.10.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 19.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.10.2022 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.-02 गढ़वा।

PR.NO.279520 Rural Development(22-23):D



### कार्यालय:-जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.

"आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक" के पद पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन से संबद्ध आवश्यक सूचना।

"आयुश्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" अंतर्गत "जिला कार्यक्रम समन्वयक" पद के लिए संविदा के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु जिला चयन समिति, लातेहार के निर्णयानुसार विज्ञापन संख्या 02/2022 (DHS) प्रकाशित की गई है। जिसका पी0आर0 नं0 275697 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23:D है।

उपरोक्त प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थीयों से प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए योग्य अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय सूचना पट्ट एवं लातेहार जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड की गई है।

उपरोक्त पद से संबद्ध सभी योग्य अभ्यर्थीयों को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे अपने सभी शैक्षणिक/तकनीकी/अनुभव प्रमाण पत्र/फोटोयुक्त पहचान पत्र आदि की मूल प्रति के साथ दिनांक-18.10.2022 को साक्षात्कार हेतु उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला चयन समिति लातेहार के कार्यालय वेश्म में साक्षात्कार दल के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

साक्षात्कार तिथि को अभ्यर्थी के उपस्थित नहीं होनें पर नियुक्ति के संदर्भ भविश्य में किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.279504 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना-N.I.T. No.-09/2022-23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि- | 18.10.2022 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 19.10.2022 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.10.2022 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । 3. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0-1, चतरा । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. जिला नियंत्रण कक्ष चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation Of Jalchhajan Bhawan (Taekwando Centre) at Chatra for the year 2022-23 | 36,66,850.00 | 73500.00 | 5000.00 | 31-12-2022 |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.279543 Building(22-23):D



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, चतरा

भर्त्ती-कैम्प, दिनांक-13.10.2022

सूचना

जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक-13.10.2022 को कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक Aamdhane Pvt. Ltd Hyderabad, Regional Office Ranchi द्वारा Helper/Trainee पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| Si No | Post Name | Salary/Stipend | Qualification | Location | Company | Experience | Age | SEX | Seat | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. 2. 3. | Helper/ Trainee | 10000-13500 | $10^{TH}$&ITI | Banglore ,Bawal(Hariyana) Pune,Bhiwari, Maneshra | Aamdhane Pvt. Ltd Hyderabad, Regional Office Ranchi . (For Epl, Bajaj, sandhar, Wanderfibromats, Minda) | --- | 18-25 | Male/Female | 100 | ---- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुन: निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड-19 हेतु निर्गत दिशा-निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अत: सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, चतरा।

PR.NO.279482 Labour Employment and Traning(22-23):D


## पृष्ठ एक के शेष

**लातेहार में टाना भगतों के बवाल...**
अनुसूची के तहत कोर्ट कचहरी बंद करने का नारा लगाया। घायल पुलिसकर्मियों में थानेदार अमित कुमार गुप्ता, सिपाही सत्यनारायण उरांव, कुमारी अमित लक्ष्मी, अंजू रोज खलखो और मनोरमा कुमारी शामिल हैं।

**पांच घंटे न्यायिक कार्य रहा बाधित :** टाना भगतों के प्रदर्शन के दौरान अदालत परिसर में मौजूद सभी न्यायिक पदाधिकारियों को पीछे के रास्ते से निकाला गया। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के आवास सुरक्षा की व्यवस्था को बढ़ाया गया है। हंगामा बढ़ते ही व्यवहार न्यायालय परिसर के आसपास की दुकानें बंद हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठी चार्ज भी किया। टाना भगतों के प्रदर्शन के दौरान अंचल अधिकारी रुद्र प्रताप व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने टाना भगतों को काफी समझाया, लेकिन किसी ने एक नही सुनी। परमेश्वर टाना भगत व नागेश्वर टाना भगत ने कहा कि आंदोलन लगातार जारी रहेगा। सरकारी पदाधिकारी संविधान की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमलोगों की मांग जबतक पूरी नहीं होती है। तब तक सभी कार्यालय बंद रहेंगे। इसके पहले टाना भगतों के प्रदर्शन की सूचना पर व्यवहार न्यायालय का प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया और पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया। परन्तु टाना भगत गेट खोल कर न्यायालय परिसर में जबरन प्रवेश करने में सफल रहे। मौके पर बहादुर टाना भगत, जयमंगल टाना भगत, सुमेज टाना भगत, मंगलदेव टाना भगत, धनेश्वर टोप्पो, पंखराज टाना भगत, नागेश्वर टाना भगत, कार्तिक टाना भगत, नीलमणी टाना भगत, ललिता टाना भगत, अजित टाना भगत समेत सैकड़ो संख्या में टाना भगत आए हुए हैं। इसी बीच लातेहार एसडीपीओ संतोष मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता शुरू की।

**गरीब, जरूरतमंद व वंचितों को...**
योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री दो चरणों में विभिन्न जिलों में आयोजित शिविर का निरीक्षण करेंगे।

**पीएम आज राष्ट्र को समर्पित...**
प्रधानमंत्री श्री मोदी रात्रि 8:30 बजे उज्जैन हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और रात्रि 9 बजे इंदौर एयरपोर्ट से भारतीय वायुसेना के विमान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

**अपने सजातीय लालु व शरद यादव...**
अपने बिरादर मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक दुश्मन की भूमिका निभाये। साल 1996 में जब यूनाइटेड फ्रंट की सरकार बननेवाली थी, तब एक वरिष्ठ फ्रंट लीडर ने मुलायम सिंह का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाया था। ऐसा माना जाता है कि सपा नेता 1996 में पीएम की कुर्सी की दौड़ में आगे थे, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और शरद यादव का समर्थन नहीं मिलने के कारण वह प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गये थे।

उस समय लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हार गयी थी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 161 सीटें मिली थीं। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार बनाने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, लेकिन उनकी सरकार 13 दिनों में ही गिर गयी थी। इसके बाद इस बात की चर्चा होने लगी कि नयी सरकार कौन बनायेगा। कांग्रेस को 141 सीटें थीं, लेकिन वह गठबंधन की सरकार नहीं बनाना चाहती थी। इसके बाद सबकी निगाहें वीपी सिंह पर टिक गयीं। लेकिन वीपी सिंह ने प्रधानमंत्री बनने से मना कर दिया। उसके बाद पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु के नाम की सिफारिश की गयी, लेकिन सीपीएम पोलित ब्यूरो ने उनका यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इस सब उठा-पटक के बाद मुलायम सिंह यादव व लालू यादव का नाम सामने आया। हालांकि, लालू तो चारा घोटाला मामले में घिरने के बाद रेस से बाहर हो गये। गठबंधन का काम वामपंथियों के एक दिग्गज हरकिशन सिंह सुरजीत को सौंपा गया था। इसमें वह सफल रहे। सुरजीत ने प्रधानमंत्री के लिए मुलायम के नाम की वकालत की। लेकिन लालू प्रसाद यादव और शरद यादव ने इसका कड़ा विरोध किया। इसका परिणाम यह रहा कि मुलायम सिंह यादव प्रधानमंत्री बनने से चूक गये। इसके बाद 1999 में भी मुलायम सिंह के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद थी। इन चुनावों में मुलायम सिंह ने संभल और कन्नौज सीटों से दोहरी जीत हासिल की। उनका नाम फिर से पीएम पद के लिए आया, लेकिन अन्य नेताओं ने मुलायम का समर्थन करने से इनकार कर दिया। इस तरह मुलायम सिंह दो बार प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास पहुंच गये थे, लेकिन गठबंधन की राजनीति व अपने ही जाति के बड़े नेताओं के विरोध के कारण नहीं बन पाये।

**नहीं रहे मुलायम सिंह...**
आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया था और तब से वह जीवन रक्षक दवाओं पर थे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर समाजवादी पार्टी में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक ट्वीट में कहा कि अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री रहते हुए मेरा मुलायम सिंह यादव जी से कई बार संवाद हुआ। यह करीबी रिश्ता जारी रहा और मैं हमेशा उनके विचारों को सुनने के लिए उत्सुक रहता था। उनके निधन से मुझे पीड़ा हुई है। उनके परिवार और लाखों समर्थकों के प्रति मेरी संवेदना है। ओम शांति। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) संस्थापक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने भी ट्वीट कर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि समाजवादी वटवृक्ष सपा संरक्षक आदरणीय मुलायम सिंह जी के निधन की खबर से मर्माहत हूं। देश की राजनीति में एवं वंचितों को अग्रिम पंक्ति में लाने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। उनकी यादें जुड़ी रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। विनम्र श्रद्धांजलि।

**राज्यकर्मियों व पेंशनधारियों का...**
बढ़ाकर 34 से 38 प्रतिशत कर दिया गया है।

**ग्रामीण परिवहन के लिए विशेष योजना :** कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 की स्वीकृति दी। इसके तहत राज्य के ग्रामीण मार्गों में वाहन संचालन के लिए ऑपरेटर को सुविधाएं दी जायेंगी। परमिट की स्थायी स्वीकृति पांच सालों के लिए होगी। वहीं, रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन टैक्स फ्री कर दिया गया है। 500 आवेदकों को जो ऑपरेटर होंगे उन्हें वित्तिय सहायता के लिए ब्याज सब्सिडी पांच साल की होगी। योजना पर ब्याज सब्सिडी के लिए 20 करोड़ सरकार खर्च करेगी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, स्कूल-कॉलेज छात्रों व पेंशन आच्छादित महिलाओं को पूरी छूट मिलेगी, यानि उन्हें इन वाहनों में किराया नहीं देना होगा।

**मोबाइल के ज्यादा प्रयोग से लोगों को...**
अच्छा महसूस किया। योंडर जैसी कंपनियों का खुलना ही अपने आप में यह बताता है कि हम मोबाइल के नशे की गिरफ्त में आ गये हैं।

**एनवाईयू स्टर्न स्कूल के प्रोफेसर अदम अल्टर कहते हैं :** हमारा स्मार्टफोन हमें कहीं ध्यान केंद्रित नहीं करने देता। सड़कों पर चलने या गाड़ी चलाने के दौरान हमें खतरनाक तौर पर लापरवाह बनाता है।

**मैकगिल यूनिवर्सिटी के जे ऑल्सन कहते हैं :** स्मार्टफोन एकाग्रता का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह अनिद्रा के साथ-साथ हमें कम सामाजिक बनाता है। इससे बच्चों और किशोरों में मोटापा बढ़ता है क्योंकि वे बिना भूख के भी खाते हैं। नए अध्ययनों से पता चला है कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ा रहा है।

**निम्न बदलाव कर स्मार्ट फोन की लत से बचें :** सबसे पहले अपने मोबाइल के सारे नोटिफिकेशन बंद कर दें। सोते या फिर काम करते वक्त जब संभव हो मोबाइल दूर रखें। सोशल मीडिया ऐप्स का इस्तेमाल मोबाइल की बजाय लैपटॉप में करें। फेस अनलॉक या फिंगर लॉक के बजाय लंबा पासवर्ड डालें। स्मार्ट फोन पर जो काम करने हैं उनकी लिस्ट बना लें, काम खत्म करने के बाद फोन को रख दें। फोन की स्क्रीन को ग्रे स्केल में सेट कर देंगे, तो हम सूचनाओं को लेकर बहुत ज्यादा आकर्षित नहीं हो पायेंगे। स्मार्ट फोन लॉन्च होते ही खरीदने की रेस में न पड़ें। पुराने फोन में ज्यादा ऐप नहीं आ पाते, इससे भी रुचि घटती है।

## न्यूज गैलरी

### जयपुर पिंक पैंथर्स ने पटना पाइरेट्स को दी मात

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी सीजन-9 के सातवें मैच में अर्जुन देशवाल की जबरदस्त रेडिंग की मदद से जयपुर पिंक पैंथर्स ने पटना पाइरेट्स पर 35-30 अंको से जीत दर्ज की। रविवार को बेंगलुरु में खेले गये मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अर्जुन देशवाल ने 17 अंक बटोरे, जबकि रोहित गुलिया 11 अंकों के साथ पटना पाइरेट्स के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरे। पहले हाफ में रोहित गुलिया के रेड प्वाइंट्स के जरिए पटना पाइरेट्स ने 8वें मिनट में 6-3 से बढ़त बना ली थी। हालांकि, अर्जुन देशवाल ने शानदार रेड के जरिए पैंथर्स का स्कोर 7-7 से बराबर करने में मदद की और पहले पहले हॉफ तक जयपुर ने 18-14 की बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरे हॉफ के 27वें मिनट में देशवाल ने एक सुपर रेड की और उसके क्षण भर बाद पटना ऑल-आउट हो गयी। ऑल-आउट देने के बाद जयपुर ने 27-17 अंको के साथ मैच पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। पटना की ओर से सचिन ने 37 वें मिनट में शानदार रेड की, लेकिन पटना को इससे ज्यादा मदद नहीं। मैच के अंत में पटना पांच अंको से पिछड़ गया।

### हैदराबाद और मुंबई का मुकाबला बराबरी पर छूटा

**पुणे (एजेंसी)।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी और पूर्व चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी के बीच खेला गया इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का रोमांचक फुटबॉल मुकाबला 3-3 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के 23वें मिनट में चिंगलेनसाना सिंह के आत्मघाती गोल से मुंबई की टीम 1-0 से आगे हो गई। मध्यांतर से ठीक पहले विक्टर ने पेनल्टी कीक को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर के बाद 51वें मिनट में हालिचरण नाजरी ने गोल करके हैदराबाद की बढ़त को 2-1 कर दिया। मुंबई ने मैच के 67वें मिनट में ग्रेग स्टीवर्ट के गोल से स्कोर 2-2 किया लेकिन इसके नौ मिनट बाद विक्टर ने फिर से हैदराबाद को बढ़त दिला दी। एल्बर्टो नोगुएरा ने मैच के 85वें मिनट में गोल कर स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।

### बुमराह की जगह पर चयनकर्ताओं के पास हैं तीन विकल्प

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने अंतररष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी-20 विश्व कप 2022 से पहले बयान देते हुए उन तीन गेंदबाजों के नाम बताए जो जसप्रीत बुमराह की जगह ले सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि जसप्रीत बुमराह का चोटग्रस्त होना भारत के लिए बड़ा नुकसान है, लेकिन यह अन्य गेंदबाजों के लिए अपनी छाप छोड़ने का अवसर भी है। बांगर ने स्टार स्पोट्‌र्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा कि जसप्रीत बुमराह का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। भारतीय गेंदबाजी में बुमराह के न होने से कई टीमें भारत के खिलाफ अपने खेलने के तरीके में बदलाव करेंगी। यह भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकता है, लेकिन एक व्यक्ति के चोटग्रस्त होने से दूसरे व्यक्ति के लिए अवसर है। उम्मीद है कि दीपक चाहर या शमी या फिर अर्शदीप विश्व कप में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। बुमराह की चोट ने भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने के लिए कई दावेदारों को अवसर किया है। चयनकर्ताओं के पास मोहम्मद शमी, दीपक चाहर और मोहम्मद सिराज के रूप में तीन विकल्प मौजूद हैं और उन्हें 15 अक्टूबर से पहले एक नाम निर्धारित करना है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने बुमराह की जगह एक गेंदबाज चुनने पर कहा कि यह एक मुश्किल फैसला है। आप उम्मीद कर सकते हैं कि विश्व कप एक खिलाड़ी को खुद से बेहतर होने का अवसर देता है। वे सामान्य से बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

# भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने जीते आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉड्‌र्स

**दुबई (एजेंसी)।** क्रिकेट की शीर्ष- इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी के आईसीसी ने सितम्बर 2022 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉड्‌र्स के विजेता खिलाड़ियों के नामों का ऐलान कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने आईसीसी के मेंस और वुमेंस अवॉर्ड अपने नाम किये हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर वुमेंस कटेगरी में जबकि पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान मेंस कटेगरी में यह अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे हैं। महिला क्रिकेट के पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, उनमें संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करनेवाली बांग्लादेश की निगार सुल्ताना और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तथा स्मृति मंधाना भी शामिल थीं। लेकिन हरमनप्रीत ने सुल्तान और मंधाना को पीछे छोड़ते हुए यह अवॉर्ड अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत के लिए सितम्बर का महीना यादगार रहा। भारत ने उनकी अगुवाई में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने इस तरह से 1999 के बाद इंग्लैंड में वनडे में पहली श्रृंखला जीती। उन्होंने तीन मैचों में 221 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 74 रन की पारी खेली जबकि इसके बाद दूसरे वनडे में 111 गेंदों पर 143 रन बनाए। आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और भारत के अक्षर पटेल भी शामिल थे। लेकिन रिजवान पहली बार बल्ले से शानदार प्रदर्शन के बाद इस अवॉर्ड को जीतमें सफल रहे। रिजवान ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 7 मैचों की टी20 सीरीज में 300 से ज्यादा रन बनाए थे। उन्होंने पिछले महीने 500 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाए, क्योंकि वे एशिया कप भी खेले थे। रिजवान ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियों से आपका हौसला बढ़ता है। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं और




ऑस्ट्रेलिया में भी यही लय बरकरार रखना चाहता हूं। मैं यह पुरस्कार पाकिस्तान के उन लोगों को समर्पित करना चाहता हूं जो बाढ़ और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हैं।

## अंडर-17 एशियाई कप : सउदी अरब से हारने के बावजूद भारत ने किया क्वालीफाई

**दम्मम/सउदी अरब (एजेंसी)।** भारत ने आखिरी क्वालीफिकेशन मैच में सउदी अरब से 1-2 से मिली हार के बावजूद अगले साल होनेवाले एएफसी एशियाई कप अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया। सउदी अरब के लिए तलाल हाजी ने 22वें और 58वें मिनट में गोल करके बढ़त दिला दी। भारत के लिए एकमात्र गोल स्टॉपेज समय में टी गांगटे ने किया। इस हार के बावजूद भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही छह सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल थी और उसने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले मालदीव को 5-0, कुवैत को 3-0 से और म्यामांर को 4-1 से हराया था। पहले हाफ की काफी तेज शुरुआत हुई और गांगटे को पेनल्टी के भीतर गेंद मिली लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 14वें मिनट में गोल करने का फिर मौका मिला लेकिन कोरोउ सिंह के शॉट को सउदी अरब के गोलकीपर ने बखूबी बचा लिया। सउदी अरब ने पहले हॉफ में 22वें मिनट में गोल दागकर बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भी उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखा। हाजी ने 58वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर गोल करके टीम की बढ़त दुगुनी की। स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में गांगटे ने भारत के लिए एकमात्र गोल किया।

# एशिया कप में भारत की सबसे बड़ी जीत

## थाईलैंड को भारतीय महिलाओं ने 37 रन पर समेटा, नौ विकेट से दी करारी शिकस्त

**सिलहट (एजेंसी)।** वुमेंस एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय महिलाओं का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीता और थाइलैंड के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार गेंदबाजी और उम्दा फील्डिंग के दम पर थाइलैंड को सिर्फ 37 रनों पर ही ऑलआउट कर दिया। इसके बाद बैटिंग करते हुए सिर्फ एक विकेट खोकर जीत के लिए जरूरी रन बना लिए। अब तक खेले गए एशिया कप टूर्नामेंट में यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय पारी ने गेंदबाजी शुरू की और दोनों ओपनर ने सधी शुरूआत की। ओपनर नन्नापत ने ही दहाई का आंकड़ा छुआ और टीम के लिए 19 रनों की पारी खेली। इसके बाद किसी बैट्समैन को पैर जमाने का मौका ही नहीं मिला और पूरी टीम मात्र 37 रनों पर धराशायी हो गई। भारतीय गेंदबाज स्नेह राणा ने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन खर्च किए और थाइलैंड के 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। वहीं दीप्ती शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-2 विकेट झटके। मेघना सिंह ने 1 विकेट लिया। भारतीय महिला गेंदबाजों और फील्डर्स ने




कमाल का खेल दिखाया और थाइलैंड को चारों खाने चित कर दिया।

**एक विकेट खोकर बनाए 40 रन :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जीतने के लिए महज 38 रनों की दरकार थी लेकिन ओपनिंग करने पहुंची दीप्ति शर्मा 8 रन बनाकर आउट हो गईं। हालांकि उसके बाद भारतीय टीम ने एक भी विकेट नहीं खोया और मुकाबला आसानी से जीत लिया। मेघना ने नॉटआउट रहते हुए 20 रनों की पारी खेली। वहीं पूजा वस्त्राकर ने 12 रन नाबाद बनाए। इससे पहले भारतीय टीम ने 4 मुकाबले खेले थे जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, भारतीय महिला टीम अभी भी सबसे ज्यादा मैच जीतकर शीर्ष पर बनी हुई है।

# भारत के वॉर्मअप मैच में छूटे पसीने सूर्यकुमार ने खेली अर्धशतकीय पारी

**पर्थ (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव एक बार फिर टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले एक वॉर्मअप मैच में टीम इंडिया ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को नजदीकी मुकाबले में 13 रन से हराया। 21 साल के युवा बल्लेबाज सैम फेनिंग ने भारतीय गेंदबाजों के सामने जोरदार संघर्ष किया, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 158 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम 8 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। हालांकि, उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। उसने 12 रन पर 4 विकेट खो दिए थे, लेकिन इसके बाद उसने मैच में बेहतरीन वापसी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। 6 ओवर के पावरप्ले के बाद स्कोर 4 विकेट पर 29 रन था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट झटके थे। इसके बाद फेनिंग की अगुआई




- 21 साल के युवा बल्लेबाज ने गेंदबाजों का जमकर किया सामना
- कप्तान रोहित और ऋषभ पंत नहीं कर सके कमाल

में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने बेहतरीन वापसी की। मैच जीतने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को खूब मेहनत करनी पड़ी। हर्षल पटेल को मिडिल ओवर्स में एक भी बार नोबॉल का खामियाजा भुगतना पड़ा। अर्शदीप सिंह ने 3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट झटका। युजवेंद्र चहल ने 15 रन देकर 2 विकेट जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 26 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया।

**हुडा ने बनाए 22 रन :** इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसलाा किया था। हालांकि, टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित सिर्फ 3 रन बना सके। उनके साथ ओपनिंग करने आए ऋषभ पंत 9 रन बनाकर चलते बने। दीपक हुड्डा चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने 14 गेंद में 22 रन की पारी खेली।

# ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए प्रयासरत हैं सूर्यकुमार



**पर्थ (एजेंसी)।** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 से पूर्व ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले अभ्यास सत्र के बारे में कहा कि वह बेहद उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने वातावरण में ढलने का प्रयास किया। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई द्वारा रविवार को ट्वीट की गयी एक वीडियो में कहा, मैं वास्तव में यहां आने और पहले अभ्यास सत्र में भाग लेने, मैदान पर जाने, दौड़ने और यह देखने के लिए उत्सुक था कि यहां माहौल कैसा है। पहला नेट सत्र वास्तव में अद्भुत था। मैं सिर्फ यह देखना चाहता था कि विकेट की गति और उछाल कैसा है, इसलिए जाहिर तौर पर शुरूआत थोड़ी धीमी है। थोड़ा उत्साह था लेकिन साथ ही वातावरण के अनुकूल होना और अपनी प्रक्रिया का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों में रन बनाने के लिये रणनीतियों में बदलाव की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, अभ्यास के दौरान विकेट की उछाल, गति और मैदान के बड़े आयामों को ध्यान में रखते हुए रन बनाने के तरीके पर योजना तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारत को टी-20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले 17 अक्टूबर को ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और 19 अक्टूबर को उसी मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने हैं। भारत 23 अक्टूबर को मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा।

# मोहम्मद सिराज ने बल्लेबाज को आउट करने के लिए मारा थ्रो, दांव पड़ा उल्टा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मैच रांची में खेला गया। टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट के नुकसान पर 278 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत दर्ज कर ली और सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। टीम इंडिया की ओर से मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर में मात्र 38 रन खर्च करते हुए तीन विकेट लिए। हालांकि, मैच के दौरान मोहम्मद सिराज को एक बार अजीब स्थिति का सामना भी करना पड़ा। दरअसल, 48वें ओवर में मोहम्मद सिराज गेंदबाजी कर रहे थे। तब नॉन स्ट्राइकर एंड पर डेविड मिलर को रन आउट करने का आसान मौका था, लेकिन सिराज ने बहुत दूर थ्रो मारा। बल्लेबाज तो आउट नहीं हुआ, उल्टा टीम को ओवर थ्रो के रूप में चार रन चुकाने पड़े। इसके बाद सिराज ने डेड बॉल के लिए ऑन-फील्ड अंपायरों के साथ बहस की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। कारण यह भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से जानबूझकर फेंका गया थ्रो था, जिसके अफ्रीकी टीम को चार रन मिले। सिराज ने 50वें ओवर में शानदार वापसी की और केशव महाराज को केवल तीन रन पर आउट कर दिया। इस तरह यह मैच सिराज से लिए अच्छा रहा। वह पहले एक दिवसीय मैच में कोई विकेट नहीं ले सके थे और महंगे भी साबित हुए थे, लेकिन रांची में प्रभावशाली स्पैल के साथ अपनी योग्यता साबित की।

## भारत ने जीती बधिर टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी

**अजमन (एजेंसी)।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने वीरेंद्र सिंह (50 नाबाद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर डीआईसीसी टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 का खिताब जीत लिया है। भारत ने यहां रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 141 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 101 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। कप्तान वीरेंद्र ने टीम की अगुवाई करते हुए अर्धशतक जड़ा, जबकि उनका साथ देते हुए इंद्रजीत यादव ने 40 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए आर डु प्लेसिस ने 23 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला और प्रोटियाज 101 रन पर सिमट गई।

# आज दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने रविवार (9 अक्टूबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में दूसरा वनडे मैच जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की। अब सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबका 11 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जायेगा। रिपोर्ट के अनुसार, टॉस के समय (दोपहर 1:00 बजे) बारिश की 51 प्रतिशत संभावना है। बारिश का खतरा शाम छह बजे तक खिलाड़ियों और अधिकारियों को परेशान करता रहेगा। शाम छह बजे के बाद ही मौसम साफ होने की भविष्यवाणी है। बुधवार को बारिश होने की संभावना है और गुरुवार से मौसम साफ हो जायेगा। प्रशंसकों और खिलाड़ियों को उम्मीद होगी कि मंगलवार को भी मौसम साफ रहे और अरुण जेटली स्टेडियम में पूरे 100 ओवर का मैच खेला जाये। दक्षिण अफ्रीका ने पहला मुकाबला महज 9 रन के अंतर से जीता था। 250 रनों के लक्ष्य को पोस्ट करने के बाद वे भारत को लक्ष्य का पीछा करने से रोकने में सफल रहे। श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने अपनी अर्धशतकीय पारियों के साथ पीछा करने के दौरान भारत की पारी का नेतृत्व किया, लेकिन उनके प्रयास व्यर्थ गये। दूसरे मैच में रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम के अर्धशतकों ने दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी करते हुए 278 रन बनाने में मदद की।

## ईशान का शतक पूरा ना होने से अय्यर निराश, कहा- आप आक्रामक मूड में थे




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्रेयस अय्यर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान ईशान किशन की निजता में किसी तरह की दखल नहीं देना चाहते थे, क्योंकि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आक्रामक मूड में बल्लेबाजी कर रहा था। किशन ने रविवार को यहां अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया तथा चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। उन्होंने अय्यर (नाबाद 113) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी की जिससे भारत यह मैच सात विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में अय्यर ने किशन से कहा कि मैं आपसे बात करना चाहता था लेकिन आप बेहद आक्रामक मूड में थे और प्रवाहमय बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए मैं आपकी निजता में दखल नहीं देना चाहता था। अय्यर ने कहा कि जो भी हो हमने मैच जीता और हमने जीत के साथ अंत किया। उम्मीद है कि अगले मैच में आप शतक लगाओगे। जब आप शतक से चूके तो मैं निराश हो गया था। अय्यर इस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह वनडे मैचों में चार अर्धशतक और एक शतक लगाया है। अय्यर से जब वनडे में दूसरा शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के तरीके के बारे में पूछा गया उन्होंने कहा कि मैंने जश्न मनाने के बारे में कोई तरीका नहीं सोचा था यह स्वाभाविक रूप से हो गया। मैं दर्शकों का आभार व्यक्त करना चाहता था। वे बड़ी संख्या में यहां पहुंचे थे और माहौल उत्तेजना पूर्ण था।

